Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश

**मैच जीतना शतक बनाने से कहीं ज्यादा बेहतर एहसास देता है, रिजवी की पारी पर बोले...**

**तमिलनाडु विधानसभा में डीएमके गठबंधन जीत सकता है 181-189 सीटें : सर्वे रिपोर्ट**


कृष्ण पक्ष, चित्रा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 03 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 121 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,36,550 | ₹ 3,65,500 |



## आज का इतिहास

**2014 :** भारत के प्रथम फील्ड मार्शल एस. एच. एफ. जे मानेकशॉ का जन्म अमृतसर में जन्म हुआ था।

**2008 :** भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को राष्ट्रीय क्रांतिवीर अवार्ड 2008 से अलंकृत किया गया।

## न्यूज बाइट्स

### जाति, इनकम और निवास प्रमाण पात्र बनाने के बदले नियम

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार ने जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। नए नियमों के तहत अब आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना जरूरी कागजात के किए गए आवेदन सीधे खारिज कर दिए जाएंगे। सरकार का कहना है कि इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य फर्जी प्रमाण पत्रों पर रोक लगाना और पूरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाना है। लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि अधूरे या गलत दस्तावेजों के आधार पर प्रमाण पत्र बन जा रहे थे, जिससे व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही थी। नए प्रावधान के अनुसार, अब निवास प्रमाण पत्र के लिए केवल पहचान पत्र देना पर्याप्त नहीं होगा। आवेदक को अपने पते से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या जमीन से जुड़े कागजात भी प्रस्तुत करने होंगे। इसका मतलब है कि अब आवेदक को यह प्रमाणित करना होगा कि वह वास्तव में उसी स्थान का निवासी है, जहां का प्रमाण पत्र बनवाना चाहता है। इस नई व्यवस्था से जहां एक ओर फर्जीवाड़े पर लगाम लगने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर वास्तविक लाभुकों को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित प्रक्रिया का लाभ मिल सकेगा।

होर्मुज स्ट्रेट को लेकर बढ़ते तनाव के बीच ब्रिटेन में जल्द एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय बैठक

# ब्रिटेन की बैठक में 35 देश लेंगे हिस्सा, भारत भी होगा शामिल

एजेंसी | नई दिल्ली

होर्मुज स्ट्रेट को लेकर बढ़ते तनाव के बीच ब्रिटेन में जल्द एक अहम अंतरराष्ट्रीय बैठक आयोजित होने जा रही है, जिसमें करीब 35 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को सामान्य करने पर चर्चा करना है। इस बैठक में भारत की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल होंगे। गौरतलब है कि होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से लगभग 20% वैश्विक कच्चे तेल का परिवहन होता है। मौजूदा संघर्ष के कारण इस मार्ग पर जहाजों की आवाजाही बाधित हो गई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं। इधर, ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी बाहरी दबाव में झुकने वाला नहीं है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) का कहना है कि होर्मुज स्ट्रेट उनके नियंत्रण में है और यह डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों से नहीं खुलेगा। ईरान ने साफ कहा है कि यह मार्ग तभी खोला जाएगा जब उसकी शर्तें मानी जाएंगी।

वहीं, संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम संबोधन में दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य बढ़त हासिल कर ली है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका अगले 2-3 हफ्तों में बड़ा हमला कर सकता है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान की मिसाइल, ड्रोन क्षमता और नौसेना को काफी नुकसान पहुंचा है और उसकी सैन्य ताकत कमजोर हुई है। अपने लगभग 19 मिनट के संबोधन में ट्रम्प ने युद्ध को जरूरी बताते हुए कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। हालांकि, उन्होंने एक ओर जहां बातचीत की बात कही, वहीं दूसरी ओर कड़े सैन्य विकल्पों की चेतावनी भी दी। कुल मिलाकर, होर्मुज स्ट्रेट को लेकर जारी यह टकराव अब वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिए बड़ा संकट बनता जा रहा है, जिस पर पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई है।




### बैठक को लेकर विदेश मंत्रालय ने क्या कहा

मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ब्रिटेन की ओर से भारत सहित कई देशों को हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया है। हमारी ओर से विदेश सचिव आज शाम इस बैठक में शामिल हो रहे हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि भारत ईरान और अन्य संबंधित देशों के संपर्क में है, ताकि जहाजों की आवाजाही सुरक्षित और बिना रुकावट जारी रह सके। जायसवाल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में बातचीत के जरिए भारत के 6 जहाज सुरक्षित रूप से इस मार्ग को पार कर चुके हैं। इन जहाजों में एलपीजी, एलएनजी और अन्य जरूरी सामान ले जाया जा रहा था।

### सभी कूटनीतिक, राजनीतिक उपायों पर विचार

यूके के पीएम कीर स्टार्मर ने कहा, यह बैठक उन सभी कूटनीतिक और राजनीतिक उपायों पर विचार करेगी, जिनसे समुद्री मार्ग को सुरक्षित बनाया जा सके, फंसे हुए जहाजों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और जरूरी सामान की आवाजाही फिर से शुरू हो सके।' उन्होंने आगे कहा कि बैठक के बाद मिलिट्री प्लानर्स के साथ भी चर्चा की जाएगी, ताकि संघर्ष खत्म होने के बाद इस जलमार्ग को सुरक्षित और चालू किया जा सके। यह बैठक ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर की अध्यक्षता में होगी। खबरों के मुताबिक, इसके बाद अधिकारियों के स्तर पर आगे की बैठकों का दौर भी चलेगा, जिसमें इस योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

बिहार में बाढ़ से निपटने की बड़ी तैयारी

# 1117 करोड़ का बजट मंजूर, दरभंगा एम्स के लिए बनेगा रिंग बांध

निज संवाददाता | पटना



बिहार में हर साल आने वाली बाढ़ की चुनौती से निपटने के लिए राज्य सरकार ने इस बार व्यापक और पहले से अधिक सुदृढ़ तैयारी शुरू कर दी है। मॉनसून 2026 से पहले बाढ़ सुरक्षा के लिए 1117 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई है। इस राशि से राज्यभर में 384 परियोजनाओं पर कार्य कराया जाएगा। यह महत्वपूर्ण निर्णय पटना में आयोजित बिहार राज्य बाढ़ नियंत्रण पर्षद की 66वीं बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने की। बैठक में बाढ़ सुरक्षा उपायों को समय पर पूरा करने और संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी तटबंधों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। इंजीनियरों को स्वयं स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा गया है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को पहले ही नियंत्रित किया जा सके। साथ ही स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर मरम्मत कार्यों को तेजी से पूरा करने पर भी जोर दिया गया। इस योजना का सबसे अहम हिस्सा एम्स दरभंगा को बाढ़ के पानी से सुरक्षित करना है। इसके लिए 92.66 करोड़ रुपये की लागत से एक विशेष परियोजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत रिंग बांध, ड्रेनेज चैनल, पंप हाउस और संप (जल निकासी प्रणाली) का निर्माण किया जाएगा, ताकि अस्पताल परिसर में पानी जमा न हो सके। बैठक में 30 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली पांच बड़ी परियोजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इसके अलावा विभिन्न विभागों—योजना एवं विकास, वित्त, राजस्व एवं भूमि सुधार, आपदा प्रबंधन के अधिकारियों के साथ-साथ गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कुल मिलाकर, राज्य सरकार की यह पहल न केवल बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम करने की दिशा में अहम कदम है, बल्कि इससे आम लोगों की सुरक्षा और महत्वपूर्ण संस्थानों की संरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

## चार को भूमि सुधार जन कल्याण संवाद में समस्या सुनेंगे उपमुख्यमंत्री



**मुंगेर (नि.सं.)।** मुंगेर में जमीन से जुड़े मामलों के समाधान के लिए 4 अप्रैल को भूमि सुधार जन कल्याण संवाद का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शहर के प्रेक्षागृह में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा करेंगे। इस संवाद कार्यक्रम में आम लोगों की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके समाधान की दिशा में कार्रवाई करने का उद्देश्य रखा गया है। कार्यक्रम के लिए सुबह 9 बजे से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा, जबकि संवाद सत्र 11 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई है कि संवाद में भाग लेने वाले लोगों की सुविधा के लिए प्रत्येक अंचल के अनुसार अलग-अलग रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाए जाएंगे। इन काउंटरों पर दाखिल-खारिज, परिमार्जन, जमीन की मापी, भूमि विवाद, अतिक्रमण सहित अन्य राजस्व संबंधी शिकायतों का पंजीकरण किया जाएगा। विशेष रूप से यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन शिकायतकर्ताओं ने पहले से अपनी समस्या को लेकर आवेदन दिया है और उसकी प्रति साथ लेकर आएंगे, उनकी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा। यह पहल राज्य सरकार द्वारा आम लोगों को सीधे मंच प्रदान कर उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

बिहार में नई सरकार गठन की तैयारी

# 12 अप्रैल को इस्तीफा दे सकते हैं नीतीश कुमार, 14 को नए सीएम की शपथ संभव

- 30 मार्च को विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं

निज संवाददाता | पटना



बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव होने के संकेत मिल रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार 12 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं, जिसके बाद 14 अप्रैल को नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की संभावना जताई जा रही है। इसके साथ ही नए मंत्रिमंडल का भी गठन होगा। सूत्रों के मुताबिक, नई सरकार के गठन की प्रक्रिया अगले कुछ दिनों में शुरू हो जाएगी। बताया जा रहा है कि 13 अप्रैल को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन विधायक दल की बैठक में नए मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी। उसी दिन विधायक दल का नेता राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश करेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 9 अप्रैल को दिल्ली रवाना होंगे। जानकारी के अनुसार, 10 अप्रैल को वह राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ले सकते हैं। इसके बाद 11 अप्रैल को पटना लौटेंगे और 12 अप्रैल को औपचारिक रूप से इस्तीफा दे सकते हैं। गौरतलब है कि नीतीश कुमार 16 मार्च को राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। संवैधानिक प्रावधानों के तहत उन्हें 14 दिनों के भीतर एक पद छोड़ना अनिवार्य था। इसी क्रम में उन्होंने 30 मार्च को विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था, जिसे उसी दिन स्वीकार भी कर लिया गया। इधर, जनता दल (यूनाइटेड) के भीतर भी हलचल तेज है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नीतीश कुमार का नया कार्यकाल इसी महीने शुरू होने वाला है।

इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक भी प्रस्तावित है, जिसमें देशभर से पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। हालांकि, अभी तक इस पूरे घटनाक्रम पर कोई आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है। लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं और सभी की निगाहें आगामी तारीखों पर टिकी हुई हैं।

# 50 हजार रिश्वत लेते पकड़ा गया खनन विभाग का कर्मी निलंबित



निज संवाददाता | वैशाली

बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी है। खान एवं भूतत्व विभाग बिहार ने वैशाली जिला खनन कार्यालय में तैनात कार्यालय परिचारी प्रमोद कुमार को 50,000 रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार होने के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा की गई छापेमारी के बाद की गई। जानकारी के अनुसार, 25 मार्च 2026 को धावा दल ने प्रमोद कुमार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

विभाग के अपर सचिव भारत भूषण प्रसाद के आदेश पर यह निलंबन कार्रवाई की गई है। आदेश के अनुसार, प्रमोद कुमार के खिलाफ बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-9(2)(क) के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें केवल जीवन निर्वाह भत्ता ही दिया जाएगा।

# सड़क हादसा: पिता-पुत्र समेत तीन की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



निज संवाददाता | बेतिया

बेतिया में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं, जिससे इलाके में मातम का माहौल है। घटना सिकटा थाना क्षेत्र के अट्ठाइसलखा पुल के पास की है, जहां दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और चारों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ही नेयाज मियां (30 वर्ष), उनके पिता फैयाज मियां (55 वर्ष) और अरमान मियां की मौत हो गई, जबकि चौथे व्यक्ति कमरूल होदा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत जीएमसीएच बेतिया पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार मौर्य ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक

# गिरते भूजल स्तर और हीट वेव को लेकर युद्धस्तर पर तैयारी के निर्देश




- अगलगी पीड़ितों को अनुग्रह अनुदान व अन्य सहायता बिना देरी देने के निर्देश
- हीट वेव (लू) से बचाव के लिए व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया

निज संवाददाता | पटना

राज्य में बढ़ती आपदा संबंधी चुनौतियों को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के संयुक्त सचिव मो. नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विभागीय सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह के निर्देश पर बुलाई गई, जिसका उद्देश्य विभिन्न आपदाओं की स्थिति की समीक्षा कर त्वरित एवं प्रभावी रणनीति तैयार करना था। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों में लगातार गिरते भूजल स्तर पर गंभीर चिंता जताई गई। संयुक्त सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण के लिए तत्काल ठोस कदम उठाए जाएं। विशेष रूप से संवेदनशील पंचायतों की पहचान कर वहां व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने तथा स्थानीय स्तर पर प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे की नियमित मॉनिटरिंग सचिव स्तर से की जाएगी। आंधी-तूफान से प्रभावित किसानों की समस्याओं पर भी बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि फसल क्षति का आकलन शीघ्र पूरा कर प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि का त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अगलगी की घटनाओं में प्रभावित परिवारों को अनुग्रह अनुदान, बर्तन-वस्त्र एवं गृह क्षति से संबंधित सहायता राशि बिना विलंब उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

# राज्यपाल ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा, टीबी मुक्त बिहार पर दिया जोर



निज संवाददाता | पटना

सय्यद अता हसनैन ने बिहार लोक भवन, पटना में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्य में संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। बैठक में राज्यपाल ने विशेष रूप से बिहार को टीबी (क्षय रोग) मुक्त बनाने के लक्ष्य पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में समन्वित प्रयासों के साथ-साथ जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सकें और समय पर उपचार प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी समान रूप से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की तर्ज पर बिहार में भी एक सक्षम सलाहकार निकाय का गठन किया जाए, जो स्वास्थ्य नीतियों के निर्माण और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में मार्गदर्शन प्रदान कर सके।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सचिव और अन्य अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में यूजी एवं पीजी सीटों की संख्या, उपलब्ध बेड, संस्थानों की स्थिति और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन की जानकारी दी। इसके अलावा स्वास्थ्य सुविधाओं, संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, बिहार एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम, एनीमिया की स्थिति, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, बाल हृदय योजना, बाल श्रवण योजना, अंधता नियंत्रण कार्यक्रम और शहरी स्वास्थ्य सेवाओं सहित कई योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अधिकारियों ने राज्य में चल रहे टीबी मुक्त भारत अभियान की स्थिति से भी राज्यपाल को अवगत कराया।



सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

बिहार लोक भवन
पटना—800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

**संदेश**

'गुड फ्राइडे' प्रभु ईसा मसीह के संघर्ष और बलिदान की पुण्यस्मृति का दिन है और हमें त्याग, करुणा, क्षमा तथा मानवता के प्रति निःस्वार्थ प्रेम का संदेश देता है।

प्रभु यीशु का जीवन और उनके उपदेश हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने तथा विपरीत परिस्थितियों में भी नैतिक मूल्यों के प्रति अडिग रहने की प्रेरणा देते हैं।

आइए, 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर हम प्रभु ईसा मसीह द्वारा स्थापित आदर्शों का अनुसरण करते हुए एक अधिक मानवीय, शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण का संकल्प लें।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No.- 027204 (Governor Secretariat) 2025-26

## संक्षिप्त समाचार

### लोहसिंघानी गांव में गढ़वे बाबा के वार्षिकोत्सव पर दुगोला कार्यक्रम आयोजित

**कौआकोल।** प्रखण्ड क्षेत्र के मंझिला पंचायत के लोहसिंघानी गांव में गढ़वे बाबा के 48वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर भव्य दुगोला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोबिन्दपुर के पूर्व विधायक कौशल यादव ने प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष संजय यादव तथा राजद नेता विनय यादव की मौजूदगी में फीता काटकर किया। समाजसेवी रामनिवास प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर आदर्श युवा क्लब लोहसिंघानी के बैनर तले बाबा गढ़वे का पूजा अर्चना और सांस्कृतिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में फतुहा के ब्यास अजित हलचल यादव एवं औरंगाबाद के लव बिहारी द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई,जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी रही। मौके पर सीताराम यादव,कौशल यादव,उपेन्द्र यादव,मिथलेश यादव,छोटन साव,प्रमोद महाजन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ अधिवक्ता साधु शरण ठाकुर के निधन पर मोतिहारी में शोक सभा

**मोतिहारी।** जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता, एपीपी एवं समाजसेवी साधु शरण ठाकुर के निधन पर मोतिहारी में शोक की लहर व्याप्त है। पत्रकार सागर सूरज के पिता साधु शरण ठाकुर का 27 मार्च 2026 को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन को सामाजिक और बौद्धिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।दिवंगत साधु शरण ठाकुर की स्मृति में शहर स्थित पत्रकार भवन में प्रेस क्लब मोतिहारी के तत्वावधान में शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार संजय कौशिक ने की, जबकि महासचिव राकेश कुमार ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।सभा में उपस्थित पत्रकारों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि साधु शरण ठाकुर केवल एक अधिवक्ता ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और जीवंत व्यक्तित्व के धनी थे। वे अपने सहज स्वभाव और हंसमुख व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। लोग उन्हें स्नेहपूर्वक 'साधु बाबा' कहकर पुकारते थे। उनकी बातचीत में ऐसी आत्मीयता होती थी कि दुखी व्यक्ति भी उनके सान्निध्य में सुकून महसूस करता था।वक्ताओं ने यह भी कहा कि उन्होंने हमेशा सामाजिक न्याय और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे बढ़कर कार्य किया। उनके द्वारा स्थापित मानवीय मूल्यों और सेवा भावना से आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा लेती रहेंगी। पत्रकारों ने कहा कि 'साधु बाबा' का निधन न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे पत्रकारिता और विधिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।शोक सभा के अंत में ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र झा, राजन दत्त द्विवेदी, दिग्विजय भारद्वाज, रितु रंजन कुमार, सुजीत कुमार सिंह, कैलाश गुप्ता, अरुण तिवारी, सचिन पांडेय, नीरज कुमार शर्मा, रोहित कुमार, रजनीश कुमार, अमरजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं शहर के बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

### रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन, पुतला दहन

**घोड़ासहन।** रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति में किल्लत के विरोध में गुरुवार को घोड़ासहन में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया गया। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने किया।प्रदर्शनकारियों ने श्रीपुर स्थित रामशीष सिंह चौक पर प्रधानमंत्री एवं पेट्रोलियम मंत्री का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ तीखा विरोध जताया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं ढाका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अभिजीत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र सरकार की विदेश नीति को विफल बताते हुए कहा कि इसके दुष्परिणाम देश में गैस की किल्लत, कालाबाजारी और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में अस्थिरता के रूप में सामने आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक्साइज ड्यूटी में कमी के बावजूद आम जनता को राहत नहीं मिल रही है, क्योंकि पेट्रोल पंप स्तर पर कीमतों में अपेक्षित कटौती नहीं की जा रही है। अभिजीत सिंह ने कहा कि ईरान और खाड़ी देशों के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंध रहे हैं, लेकिन वर्तमान नीतियों के कारण इन रिश्तों में कमजोरी आई है। उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता और संवाद ही बेहतर रास्ता है। युद्ध की स्थिति में सबसे अधिक नुकसान आम जनता को उठाना पड़ता है, इसलिए सरकार को संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेना चाहिए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव बिंदेश्वरी सिंह की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बाबू नंद सिंह, लखन प्रसाद, आशीष कुमार, अमन आलम, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, नितेश्वर कुमार, सुधीर कुमार सिंह, पियूष रंजन यादवाल, मोहन राय, गौरी शर्मा, विकास कुमार, राज मंगल सिंह, सनी कुमार, दिपेंद्र सिंह, रामचंदर बाबू, नरेश राम, दीपक पासवान और आशीष पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन में घोड़ासहन प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों की भी भागीदारी रही। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गैस की कीमतों में कमी और आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### 520 सीट वाले ओबीसी कन्या आवासीय विद्यालय निर्माण का डीएम ने किया निरीक्षण

**मोतिहारी/तुरकौलिया।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने गुरुवार को तुरकौलिया स्थित 520 सीट वाले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भवन प्रमंडल मोतिहारी के सहायक अभियंता ने बताया कि प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, केवल फर्नीचर अधिष्ठापन का कार्य शेष है। गर्ल्स हॉस्टल-01 में फिनिशिंग का कार्य जारी है, जबकि गर्ल्स हॉस्टल-02 में विद्युतीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। वहीं शिक्षकों के आवास (क्वार्टर) का फिनिशिंग कार्य भी प्रगति पर है। अधिकारियों ने बताया कि जून 2026 तक विद्यालय भवन का संपूर्ण निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को तेजी से पूरा किया जाए। साथ ही जिला कल्याण पदाधिकारी को 15 दिनों के भीतर विद्यालय में आवासन और पठन-पाठन की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए संचालन शुरू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से विद्यालय में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती भी सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार पांडे, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।जिलाधिकारी ने जिला परियोजना प्रबंधक जीविका को निर्देश दिया कि जिला कल्याण पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर मेस संचालन और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

### मनरेगा पीओ के खिलाफ फूटा आक्रोश

**चकिया।** मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी (पीओ) की कार्यशैली के खिलाफ गुरुवार को पंचायत प्रतिनिधियों और मजदूरों का गुस्सा फूट पड़ा। प्रमुख प्रतिनिधि व समाजसेवी मिथिलेश कुमार तथा उप प्रमुख अर्पणा पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पंचायत समिति सदस्यों और मनरेगा मजदूरों ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोग पीओ से मिलकर अपनी समस्याएं रखना चाहते थे, लेकिन उनके कार्यालय में अनुपस्थित रहने से आक्रोश और बढ़ गया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि पीओ की लापरवाही के कारण मनरेगा के मटेरियल और पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान अब तक नहीं हो सका है। साथ ही कार्य के एवज में अवैध राशि मांगने का भी आरोप लगाया गया। मिथिलेश कुमार ने कहा कि पीओ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ठीक से नहीं कर रहे हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं उप प्रमुख अर्पणा पांडेय ने बताया कि अन्य प्रखंडों में भुगतान हो रहा है, लेकिन यहां पीओ रंजीत कुमार की लापरवाही के कारण विकास मद की राशि वापस हो गई, जबकि कार्य का भुगतान लंबित है।

# वारिसलीगंज में अदानी सीमेंट फैक्ट्री में मजदूरों का हंगामा

## "हक नहीं मिला तो आंदोलन होगा तेज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**वारिसलीगंज (नवादा):** गुरुवार को वारिसलीगंज स्थित Adani Cement फैक्ट्री में उस समय माहौल गरमा गया जब कर्मचारियों ने वेतन और कार्य स्थितियों को लेकर जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। सैकड़ों की संख्या में जुटे मजदूरों ने एकजुट होकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को तत्काल पूरा करने की चेतावनी दी।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का आरोप है कि वर्तमान वेतन संरचना और काम की शर्तें उनके जीवनयापन के लिए पर्याप्त नहीं हैं। मजदूरों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर प्रबंधन से गुहार लगा रहे थे, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं की गई। यही वजह है कि अब उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा।

**मजदूरों की प्रमुख मांगें:** कर्मचारियों ने साफ तौर पर अपनी पांच मुख्य मांगें रखीं—* प्रतिदिन *8 घंटे की निर्धारित ड्यूटी* लागू की जाए दैनिक वेतन 783 रुपये* तय किया जाय * 26 दिन काम के बाद *ओवरटाइम का भुगतान डबल रेट से* मिले* हर महीने की *7 तारीख तक वेतन भुगतान सुनिश्चित* हो* *पीएफ हर महीने जमा* किया जाए, न कि तीन महीने पर मजदूरों ने दो टूक कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि जरूरत पड़ी तो काम ठप कर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

**प्रबंधन की चुप्पी, बढ़ी बेचैनी:** मजदूरों के आंदोलन रुख के बाद फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस चुप्पी ने कर्मचारियों के बीच और अधिक असंतोष पैदा कर दिया है। स्थानीय स्तर पर प्रशासन की भूमिका भी अब अहम मानी जा रही है, ताकि स्थिति को नियंत्रण में रखा जा सके। बहरहाल अगर जल्द समाधान नहीं निकला, तो यह मामला बड़े श्रमिक आंदोलन का रूप ले सकता है।

### 15वें वित्त आयोग एवं षष्ठम राज्य वित्त आयोग की राशि के व्यय को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में 15वें वित्त आयोग एवं षष्ठम राज्य वित्त आयोग की राशि के व्यय के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री नवीन कुमार पांडेय द्वारा प्रखंडवार व्यय की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य सामने आया कि नरहट, गोविंदपुर, मेसकौर एवं रोह प्रखंडों में 15वें वित्त आयोग की राशि का व्यय 50 प्रतिशत से भी कम है। वहीं नरहट, हिसुआ, वारिसलीगंज एवं सिरदला प्रखंडों में षष्ठम राज्य वित्त आयोग की राशि का व्यय 60 प्रतिशत से भी कम पाया गया।

इस स्थिति पर गंभीरता व्यक्त करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि अव्यवहृत राशि के विरुद्ध योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि आगामी दो सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ योजनाओं में भुगतान करना सुनिश्चित करें। बैठक में गोपनीय शाखा प्रभारी के साथ-साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### काराखुट मोड़ के समीप कोयले लदा ट्रक पलटा, चालक गम्भीर रूप से घायल, रेफर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

- डायल 112 की टीम ने पहुंचाया अस्पताल, तेज रफ्तार में रहने के कारण मोड़ के समीप हुआ अनियंत्रित

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली अंतर्गत काराखुट मोड़ के समीप एनएच-20 पर तेज रफ्तार में रहे एक अनियंत्रित कोयले लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर गड्ढे में जा गिरी। यह दुर्घटना गुरुवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे हुई। दुर्घटना के समय ट्रक पर चालक एवं खलासी सवार थे। चालक का कमर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया एवं खलासी को भी हल्की चोटें आई है। राहगीरों द्वारा मदद हेतु डायल 112 की टीम को सूचित किया गया। सूचना पाकर पहुंची डायल 112 की टीम ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में फंसे घायल चालक को निकालकर इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. बरकत अली ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल चालक की पहचान अरवल जिले के मेहंदिया गांव निवासी मुकेश दास के पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई है। घायल चालक के कमर में गम्भीर चोटें आई है,जिसका प्राथमिक इलाज में जरूरी सुई व दवाइयां दी गई है एवं बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। वहीं अस्पताल परिसर में मौजूद डायल 112 की टीम ने बताया कि कोयले लदे ट्रक के सभी पहिए ऊपर उठा हुआ था। अस्पताल परिसर में मौजूद खलासी औरंगाबाद के दाऊद नगर निवासी राहुल कुमार ने बताया कि ट्रक झारखंड से कोयला लादकर बिहार जा रहा था। ट्रक थोड़ी तेज गति में थी और काराखुट मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। साथ ही कहा कि दुर्घटना के वक्त अन्य वाहन इस चपेट में आने से बच गए,जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल चालक को पुलिस बलों के सहयोग से इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# भक्ति और सौहार्द का संगम, रजौली के अमावां में गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष

- जीवंत झांकियों ने मोह लिया श्रद्धालुओं का मन
- केसरिया ध्वजों से पटा अमावां बाजार, हनुमान जयंती पर उमड़ी भक्तों की भारी भीड़,शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ भव्य आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



मंदिर के समीप मसान होली खेलते कलाकार

**रजौली ।** रजौली प्रखंड के अमावां बाजार की गलियां उस समय भक्ति के चरम आनंद में डूब गईं, जब हनुमान जयंती के पावन अवसर पर बजरंगबली मोड़ से एक विशाल और भव्य शोभायात्रा का आगाज हुआ,जिसमें आस्था,परंपरा और आधुनिक उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। ग्राम वासियों द्वारा आयोजित इस गौरवमयी यात्रा की शुरुआत अतिथियों के सम्मान और परंपरागत स्वागत सत्कार से हुई, जिसके बाद दुर्गा मंडप से शुरू हुआ यह कारवां उच्च विद्यालय और गोवर टोली जैसे विभिन्न मोहल्लों से गुजरते हुए पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस दौरान महिलाओं ने घर की छतों से फूलों की वर्षा की। इस शोभायात्रा की भव्यता में चार चांद लगा रहे थे,वे कलाकार जिन्होंने राधा-कृष्ण के अलौकिक प्रेम और भगवान शिव की अघोरी टोली के रूप में सजीव झांकियां प्रस्तुत कीं, जहां एक ओर प्रेम संगीत की सुमधुर लहरियां उठ रही थीं, तो दूसरी ओर भूत-पिशाचों के वेश में कलाकारों के नृत्य ने जनसमूह को पूरी तरह से अपनी ओर आकर्षित कर लिया। सामाजिक एकता की मिसाल पेश करते हुए इस आयोजन में जदयू नेता दीपक कुमार मुन्ना, दिलीप कुमार उर्फ कारू सिंह, भाजपा के गौरव शांडिल्य गगन और बजरंग दल के पिंटू कुमार वर्मा व विनय भाई ठाकरे व पवन कुमार सहित कई राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक साथ शिरकत की, जो इस बात का प्रतीक बना कि धर्म और संस्कृति समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

हाथों में लहराते केसरिया झंडे, ढोल-नगाड़ों की थाप और अमित कुमार उर्फ छोटू, मनीष कुमार, राकेश कुमार, सुजीत कुमार, बिक्रम सिंह,अशोक राय, पंचायत समिति सदस्य टुनटुन सिंह,पूर्व मुख्य प्रतिनिधि बीरेंद्र राजवंशी, शंकर सिंह, सुनील कुमार सिंह, प्रदीप वर्णवाल, जीतू हलवाई, राजकुमार साव जैसे सैकड़ों युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने इस यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया, जो अंततः शांति और सौहार्द के संदेश के साथ वापस दुर्गा मंडप पर संपन्न हुई, जिससे न केवल धार्मिक वातावरण पुष्ट हुआ बल्कि स्थानीय एकता की एक नई इबारत भी लिखी गई। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बलों की तैनाती रही।

# मिर्गी का दौरा पड़ने से शिक्षक की हालत गंभीर सहयोगी शिक्षकों ने अस्पताल में कराया भर्ती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



अस्पताल में इलाजरत शिक्षक

**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय रजौली में गुरुवार की दोपहर लगभग 2 बजे एक शिक्षक के बेहोश होने पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। प्रभारी प्रधानाचार्य आशुतोष प्रधान ने बताया कि विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक राजेश कुमार कार्यालय के समीप बैठे थे कि अचानक उनका शरीर कांपने लगा और वे बेहोश होकर गिर पड़े,जिन्हें अन्य शिक्षकों के सहयोग से सीपीआर देकर होश में लाया गया। इस दौरान उन्हें अस्पताल ले जाने की बात कही जा रही थी कि दुबारा उनका शरीर ऐंठने लगा और मुंह से झाग आदि भी फेंकने लगा। शरीर में काफी हलचल दिखाई दी,तो सभी सहयोगी शिक्षकगण घबरा गए और उन्हें बेहोशी अवस्था में अनुमंडलीय अपस्ताल लाया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. बरकत अली ने बताया कि पीड़ित शिक्षक की पहचान धनबाद निवासी 32 वर्षीय राजेश कुमार के रूप में हुई है। शिक्षक का प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई एवं दवाइयां दी गई है। चिकित्सक ने कहा कि शिक्षक को मिर्गी का दौड़ा पड़ने की शिकायत है। इसलिए उन्हें सीटी स्कैन करवाने और न्यूरोलॉजिस्ट से कंसल्ट करने की हिदायत दी गई है।

वहीं अस्पताल परिसर में मौजूद लाइब्रेरियन संजीव रंजन ने बताया कि पीड़ित शिक्षक के माता-पिता से बात हुई है,जिन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें दौरे पड़ते थे,जिसका इलाज करवाया गया था। शिक्षक को वापस कई वर्षों बाद पुनः दौड़ा पड़ा है। परिजनों ने कहा कि वे जल्द ही रजौली पहुंच रहे हैं,तबतक उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। सहयोगी शिक्षकों की तत्परता से शिक्षक की जान बच गई। अब सभी उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

### एनआईटीएन साइंस क्लासेज के मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित, विधायक बिनीता मेहता ने बढ़ाया हौसला



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एनआईटीएन साइंस क्लासेज कौआकोल में गुरुवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक बिनीता मेहता उपस्थित हुईं। समारोह के दौरान विधायक बिनीता मेहता ने प्रखंड की सेकंड टॉपर चांदनी कुमारी (448 अंक),निक्की (444), प्रियांशु (428), पंकज (427), ईशा भारती (426), नैंसी (416), शुभम (412), रानी (411), अमित (410), श्वेता (407), आनंद राज (402) और ममता (401) समेत दर्जनों सफल विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र और डायरी-पेन भेंट कर सम्मानित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक बिनीता मेहता ने कहा कि कड़ी मेहनत ही सफलता की एकमात्र कुंजी है। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा कि आज परिणाम देखकर गर्व होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां भी हर क्षेत्र में बेटों को बराबरी की टक्कर दे रही हैं। मेहनत करने वालों को कभी हार नहीं माननी चाहिए,सफलता एक दिन कदम जरूर चूमती है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार की एनडीए सरकार राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

विधायक ने कोचिंग संस्थान के संचालक प्रमोद कुमार बर्णवाल (प्रमोद सर) की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों को इस काबिल बनाना कि वे प्रखंड स्तर पर टॉप कर सकें,काबिले तारीफ है। इस अवसर पर उच्च विद्यालय कौआकोल के शिक्षक उपेन्द्र कुमार,भाजपा पूर्वी मण्डल अध्यक्ष सह 20सूत्री उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा,लोजपा प्रखण्ड अध्यक्ष माहो पासवान,विधायक के सहायक आलोक कुमार,गिरजा सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य मुकेश कुमार,बिपिन चौरसिया,राजा बर्णवाल, अनन्त कुमार, मुन्ना शर्मा, राजेन्द्र रावत, विकास कुमार समेत दर्जनों अभिभावक और क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे,जिन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ककोलत जलप्रपात का निरीक्षण, पिक सीजन को लेकर आवश्यक तैयारियों के निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा।** जिले के रजौली अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रसिद्ध पर्यटक स्थल ककोलत जलप्रपात का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने जलप्रपात क्षेत्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, मार्ग व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि पिक सीजन के दौरान यहां पर्यटकों की काफी भीड़ होने की संभावना रहती है, जिसे देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने विशेष रूप से जलप्रपात क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त संख्या में बल की तैनाती, बैरिकेडिंग एवं चेतावनी संकेत (Signage) लगाने के निर्देश दिया, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,रजौली श्री गुलशन कुमार उपस्थित थे।

### लोहसिंघानी गांव में गढ़वे बाबा के वार्षिकोत्सव पर दुगोला कार्यक्रम आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड क्षेत्र के मंझिला पंचायत के लोहसिंघानी गांव में गढ़वे बाबा के 48वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर भव्य दुगोला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन गोबिन्दपुर के पूर्व विधायक कौशल यादव ने प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष संजय यादव तथा राजद नेता विनय यादव की मौजूदगी में फीता काटकर किया।

समाजसेवी रामनिवास प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर आदर्श युवा क्लब लोहसिंघानी के बैनर तले बाबा गढ़वे का पूजा अर्चना और सांस्कृतिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में फतुहा के ब्यास अजित हलचल यादव एवं औरंगाबाद के लव बिहारी द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई,जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी रही। मौके पर सीताराम यादव, कौशल यादव, उपेन्द्र यादव, मिथलेश यादव, छोटन साव, प्रमोद महाजन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा के हरनौत-नगरनौसा में लगी आग, 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख, किसानों को हुआ नुकसान



**नालंदा**। गर्मी की दस्तक देते ही नालंदा में अगलगी की भीषण घटनाओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है।आज जिले के अलग-अलग प्रखंडों में खेत में तैयार खड़ी फसलों में आग लग जाने से भारी नुकसान हुआ। सबसे बड़ी घटना हरनौत प्रखंड के बराह गांव स्थित बहिरा खंधा में घटी, जहां दोपहर के समय बिजली के शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते 15 से 20 बीघा गेहूं की फसल को राख के ढेर में तब्दील कर दिया। दोपहर करीब 12:15 बजे बहिरा खंधा के ऊपर से गुजर रहे 11,000 वोल्टेज के हाईटेंशन तार में अचानक स्पार्किंग हुई, जिससे निकली चिंगारी सूखी फसल पर जा गिरी। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि कमलेश कुमार उर्फ पिंटू और सुजीत कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि फसल से धुआं उठता देख ग्रामीण बचाव के लिए दौड़े, लेकिन तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, मगर आग की तीव्रता को देखते हुए दो-तीन अन्य दमकल गाड़ी को बुलाना पड़ा। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक किसान राकेशवर कुमार, कलिंदर यादव, विनोद यादव, धर्मेंद्र यादव, छोटी सिंह, पिंकू राम और श्याम यादव समेत कई अन्य की मेहनत जलकर खाक हो चुकी थी। इसी तरह की एक अन्य भीषण घटना नगरनौसा थाना क्षेत्र के मनीचक गांव स्थित खंधा में सामने आई है। यहां आग ने इतना रौद्र रूप धारण किया कि दर्जन भर किसानों की सैकड़ों एकड़ में लगी गेहूं की फसल जल गई। किसानों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वे पूरी तरह असफल रहे। सूचना पाकर दमकल की टीम मौके पर रवाना हुई है, हालांकि आग लगने के सही कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। इस्लामपुर के कस्तूरी बिगहा में भी धान के पुआल में आग लगने की घटना से अफरा-तफरी मची रही, जहां ग्रामीण खुद ही आग बुझाने का प्रयास करते नजर आए।

### कुत्तों ने एक दिन में 40 लोगों को काटा, सुबह से दोपहर तक में डॉग बाइट के शिकार हुए राहगीर

**गयाजी**। शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। चौक, जीबी रोड और बैरागी इलाके में सिर्फ एक दिन में कुत्तों ने बड़ी संख्या में लोगों पर हमला किया है। सुबह से लेकर दोपहर तक 40 से ज्यादा लोग डॉग बाइट का शिकार हो गए। घटना के बाद पूरे शहर में डर का माहौल है। घटना मंगलवार की है। घायलों को आनन-फानन में जेपीएन अस्पताल पहुंचाया गया। सभी मरीजों को एंटी रेबीज का इंजेक्शन दिया गया है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, सुबह से ही एक के बाद एक मरीज पहुंचते रहे थे। इमरजेंसी वार्ड में भीड़ लग गई थी। डॉक्टरों ने बताया कि अब तक 40 केस दर्ज हो चुके हैं और संख्या बढ़ भी सकती है। बैरागी मोहल्ले के संदीप गुप्ता ने बताया कि मैं सड़क से गुजर रहे था। तभी अचानक कुत्तों का झुंड टूट पड़ा। हाथ-पैर में काट लिया। किसी तरह जान बचाकर भागे। नई गोदाम के राजेश कुमार ने कहा कि कुत्तों ने बिना उकसावे के हमला कर दिया। अब हालत यह है कि लोग घर से बाहर निकलने से डर रहे हैं। घटना के बाद शहर के कई इलाकों में दहशत है। खासकर बच्चे और बुजुर्ग घरों में कैद हो गए हैं। लोगों का कहना है कि रात में तो हालत और भी खराब हो जाते हैं। सड़कों पर कुत्तों का झुंड दिखता है। कई बार बाइक सवारों का पीछा भी करते हैं। स्थानीय लोगों ने नगर निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शहर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन पकड़ने या नियंत्रण करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।

### गयाजी में तीरंदाजी का मौका, आज होगा चयन ट्रायल, 12-14 साल तक के बालक-बालिकाएं भाग ले सकते



**गयाजी**। तीरंदाजी के उभरते खिलाड़ियों के लिए बड़ा मौका सामने आया है। मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत एकलव्य राज्य आवासीय तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र के लिए चयन ट्रायल 3 अप्रैल को होगा। ट्रायल गया कॉलेज खेल परिसर स्थित खेल भवन में होगा, जहां जिले समेत आसपास के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी किस्मत आजमा सकेंगे। चयन प्रक्रिया में 12 से 14 साल तक के बालक और बालिकाएं भाग ले सकते हैं। तीरंदाजी कोच जय प्रकाश ने बताया कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह सीईओ आईपीएस रविन्द्रण शंकरण के निर्देश पर यह ट्रायल आयोजित किया जा रहा है। उनका लक्ष्य है कि राज्य के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखार कर उन्हें नेशनल और ओलंपिक स्तर तक पहुंचाया जाए। चयन पूरी तरह पारदर्शी तरीके से होगा। खिलाड़ियों का मूल्यांकन शारीरिक दक्षता यानी बैटरी टेस्ट और खेल कौशल के आधार पर किया जाएगा। जो खिलाड़ी पहले से राज्य या राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं, उन्हें चयन में विशेष छूट दी जाएगी। अंतिम चयन से पहले सभी खिलाड़ियों की शारीरिक जांच भी होगी। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जरूरी दस्तावेज लाना अनिवार्य है। इसमें आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो और स्कूल के प्रधानाचार्य की ओर से सत्यापित परिचय पत्र शामिल है। बिना इन दस्तावेजों के एंट्री नहीं मिलेगी। सबसे खास बात यह है कि यह चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है। यानी प्रतिभा दिखाने के लिए किसी तरह का शुल्क नहीं देना होगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक खिलाड़ी खेल भवन में तीरंदाजी कोच जय प्रकाश से संपर्क कर सकते हैं।

### नालंदा के स्कूल में शराब पार्टी का वीडियो वायरल, स्कूल सचिव के पति पर आरोप

**नालंदा**। बिहार में पूरी तरह से शराबबंदी है। इसके दावों के बीच नालंदा से कानून को ठेंगा दिखाने वाली एक शर्मनाक तस्वीर सामने आई है। जिला मुख्यालय के करीब डुमरामा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के परिसर में कुछ युवकों ने सरेआम शराब पार्टी की। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विशेष बात यह है कि इस महफिल में स्कूल शिक्षा समिति की सचिव के पति के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। इस मामले में हेड मास्टर ने कहा है कि बाउंड्री नहीं होने का लोग फायदा उठा रहे हैं। घटना महावीर जयंती के अवसर की है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि स्कूल के बरामदे पर बैठकर चार-पांच युवक अंग्रेजी शराब और सिगरेट का आनंद ले रहे हैं। जिस समय मघड़ा में भगदड़ की घटना को लेकर जिले के लोग मर्महात थें, उसी समय अराजक तत्व शिक्षा के मंदिर में जाम छलका रहे थे। वीडियो में स्कूल सचिव के पति अजीत कुमार भी साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। स्कूल के हेड मास्टर ब्रज बिहारी ने बेबसी जाहिर करते हुए कहा कि स्कूल की बाउंड्री वॉल नहीं है, जिसका फायदा उठाकर असामाजिक तत्व स्कूल बंद होने के बाद परिसर में घुस आते हैं। हमने बाउंड्री निर्माण के लिए पहले भी आवेदन दिया है। अगर स्कूल सुरक्षित घेरे में होता, तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सदर डीएसपी वन नुरुल हक ने बताया कि वायरल वीडियो मिला हुआ है। जांच के बाद मामला स्पष्ट हो सकेगा।

# गरीबी से जंग जीतकर रसीला ने रचा इतिहास नक्सल गांव की बेटी बनी उम्मीद की रोशनी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज** । प्रखंड मुख्यालय के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह उस वक्त बेहद भावुक हो गया, जब सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित खड़ाऊं गांव की बेटी रसीला कुमारी का नाम पुकारा गया। तालियों की गूंज के बीच जब वह मंच पर पहुंची, तो यह सिर्फ एक सम्मान का क्षण नहीं था, बल्कि संघर्ष, गरीबी और हौसले की एक ऐसी कहानी थी जिसने हर किसी की आंखें नम कर दीं। खेतों में मजदूरी कर परिवार चलाने वाले पिता बिनोद सिंह भोक्ता और मां मुन्ना देवी की यह बेटी बचपन से ही अभावों के बीच पली-बढ़ी। कई बार ऐसा भी हुआ जब घर में पढ़ाई से ज्यादा जरूरी रोटी होती थी, लेकिन रशिला ने कभी अपने सपनों को टूटने नहीं दिया। गांव के प्राथमिक विद्यालय से पढ़ाई शुरू कर उसने मैगरा कस्तूरबा

**◆ खेत मजदूर की बेटी ने लिखी नई कहानी, मैट्रिक और इंटर पास कर नम कर दी हर आंख**

विद्यालय से आठवीं और फिर हाई स्कूल बरहा से मैट्रिक व इंटर की परीक्षा पास की। बताया जाता है कि खड़ाऊं गांव में आजादी के बाद पहली बार किसी लड़की ने इंटर पास किया है, और यह इतिहास रसीला ने अपने नाम कर लिया। रसीला की आंखों में आज भी संघर्ष की झलक और सपनों की चमक साफ दिखती है। रसीला कहती है, "गरीबी बहुत थी, लेकिन पढ़ाई नहीं छोड़ी। मैं आगे पढ़ना चाहती हूं, कुछ बनकर देश की सेवा करना चाहती हूं... लेकिन हमारे पास साधन नहीं हैं..." उसकी यह बात सुनकर सभागार में कुछ पल के लिए सन्नाटा छा गया।

इसी दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने भावुक होते हुए कहा कि रसीला जैसी बेटियां समाज की असली ताकत हैं। सीमित संसाधनों में इसने जो कर दिखाया है, वह काबिले-तारीफ है। प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद दी जाएगी। मैं व्यक्तिगत रूप से इसके आगे की पढ़ाई के लिए किताब-कॉपी और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास करूंगा। इसके बाद बीडीओ ने रसीला कुमारी को प्रशस्ति पत्र, मेडल और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर



खड़ाऊं गांव की रसीला कुमारी को संविधान की पुस्तक देकर सम्मानित करते बीडीओ व अन्य

की संविधान की पुस्तक देकर सम्मानित किया। यह पल वहां मौजूद हर व्यक्ति के लिए भावुक कर देने वाला था—क्योंकि यह सम्मान सिर्फ एक छात्रा का नहीं, बल्कि उसके संघर्ष, उसके सपनों और उसके जज्बे का था।

कार्यक्रम में मैट्रिक और इंटर के स्कूल व प्रखंड टॉपर छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। साथ ही SVEEP (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम) के तहत बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों और पत्रकारों को भी प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रखंड बीडीओ संजय कुमार ने कहा कि इमामगंज प्रखंड मुख्यालय में आयोजित इस सम्मान समारोह में मैट्रिक एवं इंटर के टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया है। साथ ही व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (SVEEP) के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और पत्रकारों को भी प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया है। इसी क्रम में खड़ाऊं गांव की छात्रा रसीला कुमारी, जिन्होंने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में इंटर पास कर इतिहास रचा है, उन्हें भी सम्मानित किया गया।

ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है, प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता दी जाएगी। इस मौके पर प्रखंड बीडीओ संजय कुमार, शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार, शिक्षक हेमंत कुमार, मो. शारीरिक, लोकेश कुमार पांडे, अब्दुल्ला खालिद, अनुराधा श्रीवास्तव, सुदर्शन कुमार, देव कुमार सहित अन्य छात्र-छात्राओं, बच्चों के अभिभावक एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## रजनीश कुमार झुना बने गया कांग्रेस जिलाध्यक्ष

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने रजनीश कुमार झुना को गया जिला कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति के बाद आज शहर के राजेंद्र आश्रम स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर नए जिलाध्यक्ष का अभिनंदन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने 'कांग्रेस जिंदाबाद' के नारों के साथ अपना समर्थन व्यक्त किया।

**वे लंबे समय से पार्टी के प्रति समर्पित रहेः** इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार झुना ने कहा कि वे लंबे समय से पार्टी के प्रति समर्पित रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी द्वारा सौंपी गई इस जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने बताया कि गया जिले में कुल 10 विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें से 5 विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, जबकि शेष 5 विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी संतोष कुशवाहा को सौंपी गई है। संतोष कुशवाहा जिले के दूसरे अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

**संगठन को मजबूती देने के लिए काम करेंगेः** रजनीश कुमार झुना ने कहा कि दोनों जिलाध्यक्ष मिलकर संगठन को मजबूती देने के लिए काम करेंगे। उनका मुख्य उद्देश्य पार्टी की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाना होगा। साथ ही, कार्यकर्ताओं को एकजुट रखते हुए संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी को जिले में और अधिक सक्रिय बनाया जाएगा। इसके लिए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी मजबूती के साथ पार्टी के साथ जुड़ें और जनता की समस्याओं को उठाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने नए नेतृत्व के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि रजनीश कुमार झुना के नेतृत्व में गया में कांग्रेस को नई दिशा मिलेगी और पार्टी का जनाधार और मजबूत होगा।

## इमामगंज में दिव्यांगों के सशक्तिकरण की नई पहलः 25 लाभार्थियों को मिली इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल





दिव्यांगजनों के बीच इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल वितरण करते विधायक व अन्य।

**विधायक दीपा कुमारी ने किया वितरण**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज**। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां जिला दिव्यांजन सशक्तिकरण कोषांग, गया के तत्वावधान में 25 दिव्यांगजनों के बीच इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इमामगंज की क्षेत्रीय विधायक दीपा कुमारी रहीं, जिन्होंने अपने हाथों से लाभार्थियों को ट्राई साइकिल सौंपकर उनके चेहरे पर मुस्कान ला दी। पूरे सभागार में इस दौरान उत्साह और संतोष का माहौल देखने को मिला।

विधायक दीपा कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और स्वतंत्रता की दिशा में एक मजबूत कदम है। इससे दिव्यांगजन न केवल अपने दैनिक कार्य आसानी से कर सकेंगे, बल्कि समाज की मुख्यधारा से भी अधिक मजबूती से जुड़ पाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए पारदर्शी और सक्रिय पहल सुनिश्चित की जाए।

कार्यक्रम में मौजूद लाभार्थियों ने सरकार और प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस पहल से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। अब उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और वे अपने कार्य स्वयं करने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) संजय कुमार, हम पार्टी के जिला अध्यक्ष रूबी देवी, इमामगंज प्रखंड अध्यक्ष रामप्रीत भारती, मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद, भाजपा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद उर्फ निक्कू सिंह, संजय सिंह, मनोज पांडे, पार्वती देवी, दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष परितोष पंकज सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया कि आगे भी इस प्रकार की योजनाओं को और व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक इसका लाभ पहुंच सके।

## गयाजी में अब एक ही गाड़ी से दौरा करेंगे अफसर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गयाजी में अब अफसर अलग-अलग सरकारी गाड़ियों से नहीं, बल्कि एक साथ आना-जाना करेंगे। दरअसल, जिला प्रशासन की ओर से फ्यूल की बचत को लेकर ये नया प्लान तैयार किया गया है। इस बारे में जिले के प्रभारी सचिव एसके अनिल की ओर से जिले के सभी अफसरों को जरूरी जानकारी दे दी गई है। गुरुवार को डीएम शशांक शुभंकर ने भी इसकी पुष्टि की है। हालांकि यह व्यवस्था अभी लागू नहीं हुई है। डीएम ने साफ किया कि इसे प्रभावी करने में थोड़ा वक्त लगेगा। लेकिन इस प्लान को प्रभावी किया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि नए प्लान का ईंधन की कमी से कोई लेना-देना नहीं है।

**बिना सिलेंडर के एलपीजी कंज्यूमर्स के बैंक अकाउंट में पहुंच रही सब्सिडी राशिः** इधर, एलपीजी गैस को लेकर बड़ा खेल सामने आया है। उपभोक्ताओं को बिना सिलेंडर मिले ही उनके खाते में सब्सिडी की राशि पहुंच रही है। करीब 50 ऐसे मामले डीएम के संज्ञान में आए हैं। इसके बाद जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सभी गैस एजेंसियों से जवाब मांगा है। कंट्रोल रूम में लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं। लोगों का कहना है कि उन्होंने गैस बुकिंग नहीं की, फिर भी



मोबाइल पर ओटीपी आ रहा है। खाते में सब्सिडी का मैसेज भी मिल रहा है। इससे साफ संकेत मिल रहा है कि कहीं न कहीं डिलीवरी सिस्टम में गड़बड़ी या कालाबाजारी हो रही है।

**डीएम बोले- मामला गंभीर, सभी एजेंसियों से रिपोर्ट मांगी गई हैः** गुरुवार को समाहरणालय में डीएम शशांक शुभंकर और एसएसपी सुशील कुमार ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। डीएम ने कहा कि मामला गंभीर है। सभी एजेंसियों से रिपोर्ट मांगी गई है। जिन उपभोक्ताओं के साथ गड़बड़ी हुई है, उनकी लिस्ट भी एजेंसियों को दी गई है। हालांकि एजेंसियां इसे टेक्निकल एरर बता रही हैं, लेकिन प्रशासन इस दलील को अंतिम सच मानने को तैयार नहीं है। डीएम ने साफ कहा—अगर जांच में गड़बड़ी मिली तो एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। सख्त कार्रवाई तय है।

**फ्यूल को लेकर फैल रही अफवाहों पर प्रशासन ने साफ की स्थितिः** ईंधन को लेकर फैल रही अफवाहों पर भी प्रशासन ने स्थिति साफ की है। डीएम ने कहा कि बिहार में पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई कमी नहीं है। सोशल मीडिया पर चल रही बातें भ्रामक हैं। लोगों से अपील की गई है कि घबराएं नहीं। जिले में 7.9 लाख उपभोक्ताओं के बीच रोज 12 हजार से ज्यादा सिलेंडर की सप्लाई हो रही है। गैस के साथ-साथ खाद की कालाबाजारी पर भी प्रशासन का शिकंजा कस गया है। पिछले दो दिनों में 98 दुकानों और गोदामों पर छापेमारी हुई। एक डीलर पर एफआईआर दर्ज हुई। एक का लाइसेंस रद्द किया गया। 10 से ज्यादा डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड हुआ है। 13 से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

**एसएसपी बोले- अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगीः** एसएसपी सुशील कुमार ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। साइबर सेल लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए है। जरूरत पड़ी तो केस दर्ज किया जाएगा। वहीं, पीएनजी गैस को बढ़ावा देने की तैयारी भी तेज है। जिन घरों में पीएनजी कनेक्शन शुरू होगा, वहां एलपीजी कनेक्शन रद्द किया जाएगा। बोधगया के होटलों को भी पीएनजी अपनाना अनिवार्य किया जा रहा है।

## गयाजी में 9 लोगों को अनुकंपा पर नौकरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गया नगर निगम सभागार में आज अनुकंपा के आधार पर एक युवती सहित नौ लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया। नगर निगम के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव और नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने चयनित अभ्यर्थियों को ये पत्र सौंपे। ये नियुक्तियां मृत कर्मियों के आश्रितों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की गई हैं। सभी नौ अभ्यर्थियों को सफाई जमादार के स्थायी पद पर नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों में संजय कुमार,



कुमारी रेनु, शंकर कुमार, महेश्वर कुमार, विरेंद्र कुमार, विनोद राम, रुस्तम कुमार, दीपक कुमार और हर्ष राज शामिल हैं।

**सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दीः** इस अवसर पर मेयर गणेश पासवान ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी। उन्होंने उनसे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करने और शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। सशक्त स्थायी समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति देने का यह निर्णय पूर्व में स्टैंडिंग कमेटी और बोर्ड की बैठक में लिया गया था। उन्होंने प्रक्रिया में पारदर्शिता का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी पात्र अभ्यर्थियों को नियमानुसार यह अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से जल्द ही आवश्यक दस्तावेज जमा कर अपना योगदान सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया।

नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने इस पहल को सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नगर निगम अपने कर्मियों और उनके परिवारों के हितों के प्रति संवेदनशील है और भविष्य में भी जरूरतमंद परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर रहेगा। कार्यक्रम में पार्षद मनोज कुमार, दीपक चंद्रवंशी, डिम्पल कुमार, मुन्ना कुमार सहित स्थापना शाखा के पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार और अन्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन चयनित अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मनोज कुमार, दीपक चंद्रवंशी, डिम्पल कुमार, मुन्ना कुमार सहित स्थापना शाखा के पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन चयनित अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।

**गयाजी में 12 दुकानों के लाइसेंस कैंसिल**

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने दिए ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के निर्देश



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गया में आम जनता से जुड़ी बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए आज एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई, जिसकी अध्यक्षता बिहार विधानसभा अध्यक्ष सह टाउन विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने की। इसमें जिलाधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में घरेलू एलपीजी गैस आपूर्ति, जल संकट, ट्रैफिक व्यवस्था, उर्वरक उपलब्धता और पीएनजी कनेक्शन जैसे मुद्दों की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि जिले में रोजाना 14,488 एलपीजी सिलेंडरों की मांग है, जिसकी आपूर्ति की जा रही है। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में गैस वितरण में 2 से 3 दिनों की देरी हो रही है, जिसका मुख्य कारण पैनिक बुकिंग से उत्पन्न बैकलॉग बताया गया। जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों को अगले 3 से 4 दिनों में आपूर्ति बढ़ाकर बैकलॉग समाप्त करने का निर्देश दिया। धीमी गति से काम कर रही एजेंसियों को विशेष चेतावनी दी गई।

गैस से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। पिछले 7 दिनों में 1301 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 1208 का समाधान किया जा चुका है। कुछ उपभोक्ताओं ने बिना गैस डिलीवरी के ही SMS और सब्सिडी मिलने की शिकायत की है, जिसकी जांच की जा रही है। पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता पर प्रशासन ने बताया कि जिले में पर्याप्त स्टॉक है। सुरक्षा कारणों से यह सख्त निर्देश दिया गया कि पेट्रोल और डीजल केवल गाड़ी में भरा जाए, बोतल या जार में नहीं। खाद-उर्वरक की कालाबाजारी पर भी प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कालाबाजारी की शिकायतों के आधार पर 12 दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, एक लाइसेंस रद्द किया गया है और एक दुकानदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीएनजी गैस कनेक्शन की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। वर्तमान 5 टीमों की संख्या बढ़ाकर 10 की जाए और प्रतिदिन कम से कम 100 घरों में कनेक्शन दिए जाएं। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए केपी रोड से अतिक्रमण हटाने और नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए। अवैध वसूली पर भी प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में वाहनों से जबरन वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गर्मी को देखते हुए जलापूर्ति पर विशेष ध्यान दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में खराब नल-जल योजनाओं को तुरंत ठीक करने और जहां बोरिंग फेल हो गया है, वहां नए बोरिंग के साथ कई नल लगाने का निर्देश दिया गया। इस बैठक के जरिए प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि जनता से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिनारा में बिजली चोरी पर कार्रवाई, तीन उपभोक्ताओं पर केस दर्ज

दिनारा /रोहतास।बिजली चोरी की रोकथाम, बिलिंग गुणवत्ता में सुधार एवं बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विद्युत विभाग द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में विभाग की जाँच टीम ने प्रखंड दिनारा में कार्रवाई करते हुए तीन उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। कनीय विद्युत अभियंता, दिनारा विकाश कुमार ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि तीन उपभोक्ताओं द्वारा मीटर से पहले मुख्य सर्विस तार में कटिंग कर अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर को बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। इस संबंध में बीसी कलां पंचायत के रमडिहा (सेमरा) निवासी योगेंद्र सिंह पिता-स्व. राजेश्वर सिंह पर 28574, श्याम सुन्दर देवी पति-गुप्तेश्वर सिंह पर 13984, मनोज सिंह यादव पिता-स्व. राजेश्वर सिंह पर 174478 का जुर्माना लगाया गया है। उक्त सभी मामलों में संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विभाग लगातार अभियान चला रहा है तथा खराब मीटरों को तत्काल स्मार्ट प्रीपेड मीटर से बदला जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें एवं समय पर बिजली बिल का भुगतान करें। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना विभाग को दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी एक दंडनीय अपराध है और इसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। गौरतलब है कि मार्च माह में प्रमंडल सासाराम अंतर्गत कुल 215 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी के मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा 85.88 लाख का जुर्माना लगाया गया है। विभाग का उद्देश्य प्रत्येक उपभोक्ता को सुरक्षित, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही बिजली चोरी एवं बकाया वसूली के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### 4 अप्रैल को होगा महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह, तैयारी अंतिम चरण में

**मोतिहारी**। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। गुरुवार को चाणक्य परिसर, जिला स्कूल में आयोजित प्रेस वार्ता में विश्वविद्यालय प्रशासन ने समारोह की विस्तृत जानकारी साझा की। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि दीक्षांत समारोह 4 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे महात्मा गांधी सभागार, राजा बाजार में आयोजित होगा। समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर दीक्षांत भाषण देंगे, जबकि कुलाधिपति डॉ. महेश शर्मा अध्यक्षता करेंगे।उन्होंने बताया कि समारोह में राज्यपाल सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा सांसद राधा मोहन सिंह की उपस्थिति प्रस्तावित है, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ेगी। इस बार कुल 475 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। इनमें 84 स्नातक, 235 स्नातकोत्तर, 116 शोधार्थी तथा 40 अवशेष विद्यार्थी शामिल हैं। साथ ही 23 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। अदिति प्रज्ञा और सिमरन साहिवाल को कुलाधिपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और उपलब्धियों का प्रतीक है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुरक्षा और प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिया कि वे सुबह 9:30 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर अनिवार्य रूप से पहुंचें, आमंत्रण पत्र साथ रखें और 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को साथ न लाएं। प्रेस वार्ता में समन्वय समिति के अध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह, जनसंपर्क प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. श्याम नंदन सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### ढाका विधायक फैसल रहमान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की मुलाकात

**मोतिहारी**। ढाका विधानसभा क्षेत्र के विधायक फैसल रहमान ने गुरुवार को बिहार के मुख्यमंत्री नितिश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान विधायक फैसल रहमान ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई समेत बुनियादी सुविधाओं के विकास को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष कई प्रस्ताव रखे। उन्होंने क्षेत्र में चल रही समस्याओं और विकास की जरूरतों से भी अवगत कराया, जिस पर सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई जा रही है। हाल ही में फैसल रहमान को बिहार सरकार की "गैर सरकारी विधेयक एवं संकल्प समिति" का सभापति बनाया गया है। इस नई जिम्मेदारी के बाद उनकी मुख्यमंत्री से यह मुलाकात राजनीतिक दृष्टिकोण से भी अहम मानी जा रही है। स्थानीय लोगों में इस मुलाकात को लेकर उम्मीद जताई जा रही है कि इससे ढाका विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और आम जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि फैसल रहमान का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूर्व से ही निकट संबंध रहा है। वे मूल रूप से जनता दल (यूनाइटेड) से जुड़े रहे हैं और हाल ही में राज्यसभा चुनाव के दौरान वोट का बहिष्कार कर जदयू का समर्थन किया था। इसके बाद उन्हें सरकार में यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### अतिक्रमण हटाने व मुआवजा भुगतान में तेजी के निर्देश

**ढाका**। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत चोरमा-बैरगनिया पथ के ढाका से फुलवरिया घाट तक लंबित निर्माण कार्य का अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया। यह निरीक्षण 1 अप्रैल को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना (ढाका) सहित अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक, एनएचएआई, अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ढाका भी मौजूद रहे। इस क्रम में सड़क निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने तथा लंबित मुआवजा भुगतान में आ रही समस्याओं की समीक्षा की गई।अधिकारियों ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अतिक्रमण को शीघ्र खाली कराया जाए, ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। साथ ही रैयतों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अंचलाधिकारी ढाका को कैंप मोड में एलसीएम सहित अन्य आवश्यक कागजात तैयार कराने का निर्देश दिया गया। लंबित मुआवजा भुगतान के मामलों में भी तेजी लाने के लिए परियोजना निदेशक को निर्देशित किया गया कि रैयतों का विवरण जल्द से जल्द पोर्टल पर अपलोड कर भुगतान की प्रक्रिया पूरी करें।

# टैक्स अधिकारियों की छापेमारी की खबर से हलकान बजार की सभी दुकाने रही बन्द

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




- **दुकानदार दुकान की शटर गिराकर दिन भर अधिकारियों की लेते रहे टोह**
- **टैक्स अधिकारियों के भय से दुकाने बन्द करके दुकानदारों ने सरकार को चुना लगाने का दिया प्रमाण**

**राजपुर**। स्थानिय बजार में सेल टैक्स अधिकारियों द्वारा छापेमारी किये जाने की खबर से हलकान सभी दुकानदारों ने गुरूवार को अपनी दुकाने बन्द रखी.व्यवसायी पुरे दिन जांच अधिकारियों की आने की टोह लेने में हलकान रहे.अपने अपने प्रतिष्ठानों की शटर गिराकर दुसरे अन्य जगहों पर बैठकर अधिकारियों खबर की सच्चाई को एक दुसरे से शेयर करते नजर आये.जिससे बाजार में सन्नाटा पसरा पडा रहा.

प्राप्त सुचना के अनुसार लगभग ग्यारह बजे दिन में किसी ने मोबाइल से एक व्यवसाई को सुचना दिया कि राजपुर बाजार में कुछ देर में टैक्स अधिकारियों की टीम छापेमारी के लिए पहुच रही है. मोबाइल की सुचना बाज़ार में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई.धडाधड सभी दुकानदारों द्वारा अपने अपने प्रतिष्ठानों का शटर गिराकर ताला जड दिया गया.

दवाई की दुकान दुध डेयरी सम्बन्धित दुकान,चाय पान, सब्जी,फल ठेला आदी दुकानों को छोड़कर कपडा, हार्डवेयर,आभूषण,इलेक्ट्रॉनिक सब्जी खैनी, मांस की दुकानों समेत लगभग सभी दुकानें बंद रही.सभी व्यवसायी छुपकर आयकर एवं विक्री कर अधिकारी की आने का इंतजार करते रहे. बाजार बंद हो जाने से आम लोगों को खरीदारी को काफी परेशानी उठानी पड़ी.शाम लगभग पांच बजे के बाद कुछ दुकानदारों द्वारा डरते डरते अपना दुकान खोला गया.

शाम तक कहीं भी टैक्स अधिकारियों की कोई खबर नहीं मिला ना हीं कोई गाड़ी किसी को दिखाई दिया. दुकाने बंद करके व्यवसायियों ने यह साबित कर दिया कि बजार की अधिकतम दुकानदारों द्वारा सरकार का टैक्स चोरी करके चुना लगाया जा रहा है.

## महंगाई व गैस की हो रही किल्लतो को ले कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पीएम का पुतला किया दहन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर देश में बढ़ते महंगाई एलपीजी गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम व भारी किल्लत के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यहां गुरुवार को चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पुतला दहन कर प्रदर्शन की। पुतला दहन में दर्जनों के संख्या में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश में गैस की किल्लत व बेतहाशा बढ़ती महंगाई के आग में देश को भाजपा नीत सरकार झोंक रही है। वक्ताओं ने आरोप लगाया तथा कहा कि पहले से ही भारी महंगाई का सामना आम नागरिकों को करना पड़ रहा था।

लेकिन अब तो तेल व रसोई गैस के कमी के कारण स्थिती बंद से बद्तर हो गयी है।एक तरफ सरकार से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक कहते हैं कि देश में गैस व तेल की कोई कमी नहीं है। लेकिन दुसरी तरफ नागरिकों को भारी लाईनों में लगने के बावजूद भी तेल, गैस नहीं मिल रहा है।

सरकार केवल नागरिकों के भावनाओं से खिलवाड़ करने की कार्य कर रही है। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रभाकर व वरिष्ठ कांग्रेसी रवींद्र पाठक कर रहे थे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विमलेश तिवारी डॉ विजय प्रकाश,ललन चौबे, अरविंद यादव,नारद मुनि राम ,बबन राम , विजय मिश्र, रामाशीष राम,नथुनी राम मुरारी ठाकुर, रजनीकांत,गुरूदयाल , उमाशंकर, ह्रदया नंद आदि शामिल थे

## उपभोक्ताओं को मानक के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध :- सुरभी राज



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कोचस सुरभी राज ने मां भुनेश्वरी गैस एजेंसी पर गैस उपभोक्ताओं द्वारा किए गए शिकायतों के आलोक में बुधवार रात्रि 11 बजे छापेमारी की। हालांकि उस समय भी गैस धारकों की लंबी कतारें लगी हुई थी व सिस्टेमेटिक ढंग से गैस का होम डिलीवरी की जा रही थी। तदोपरांत आपूर्ति पदाधिकारी सुरभी राज ने पहुंचकर गैस एजेंसी मालिक प्रोपराइटर राजेश सिन्हा से गैस वितरण की विधिवत जानकारी हासिल की इसके साथ ही संचिकाओं को खंगालने का कार्य किया तथा गैस वितरण विधिवत ढंग से उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का दिशा निर्देश जारी की। इसके साथ ही गैस सिलेंडर हासिल कर चुके उपभोक्ताओं से गैस मिलने की जानकारी हासिल करने के साथ ही कितने दर पर गैस उपलब्ध हुआ उपभोक्ताओं से इसकी जानकारी हासिल की सभी ने उचित कीमत पर सिलेंडर मिलने की बात कही। इससे संतुष्ट आपूर्ति पदाधिकारी ने राहत की सांस ली तथा कहा कि शिकायत कर्ताओं की विकिरण निराधार है।सभी उपभोक्ताओं को मानक के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध है। मौके पर रवीन्द्र सिन्हा, चंद्र प्रकाश कुशवाहा समेत गैस धारक उपस्थित थे

# जिला स्तरीय शांति समिति की डी-ब्रीफिंग बैठक की गई आयोजित

- **संबंधित विभागों, शांति समिति के सदस्यों एवं आमजन के सहयोग की सराहना की गई**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम /रोहतास**। रोहतास समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की डी-ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम एवं डेहरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम एवं डेहरी सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान हाल ही में संपन्न रामनवमी शोभायात्रा के शांतिपूर्ण आयोजन पर सभी संबंधित विभागों, शांति समिति के सदस्यों एवं आमजन के सहयोग की सराहना की गई। साथ ही पूरी तरह से ढोल नगाड़े पर निकली तकिया की शोभायात्रा की सराहना की गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आपसी सौहार्द, प्रशासनिक तत्परता और नागरिकों की सजगता के कारण पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जो जिले के लिए गर्व की बात है।

इस अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति एवं नगर पूजा समिति के सदस्यों को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मो० अखलाख अहमद रिजवी, सरदार सुचीत सिंह उर्फ पप्पू, सत्य नारायण स्वामी, प्रो० गुरुचरण सिंह, संजय कुमार सिंह उर्फ बालाजी, मो० शाहनवाज खान, शौकत अली खान, श्री विनय प्रकाश, मदन प्रसाद वैश्य, मो० गुलाम मुस्ताफा, अशोक कुमार, राम इकबाल सिंह, डॉ सरोज कुमार, कमलेश महतो, संदीप सोनी, सरदार मानिक सिंह, मुरारी सिंह एवं श्री संजय कुमार गुप्ता शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त नगर पूजा समिति सासाराम के महामंत्री संतोष कुमार, अध्यक्ष डॉ शिवनाथ चौधरी एवं उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी रजनीश कुमार वर्मा को भी सम्मानित किया गया। वहीं हिन्दू सेवा दल के सदस्यों को भी उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन और समाज के सभी वर्गों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार समन्वय और सतर्कता बनाए रखने की अपील की।

# गाय हमारे लिए कभी अनुपयोगी नहीं-उपेंद्र भाई त्यागी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। सनातन संस्कृति चेतना मंच के तत्वाधान में गुरुवार को काराकाट में आयोजित हिंदू नव वर्ष महोत्सव हर्षालस के साथ मनाई गई। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख दक्षिण बिहार प्रांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपेंद्र भाई त्यागी ने हिंदू नव वर्ष एवं भारतीय गौरवशाली परंपरा तथा संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए इस विश्व में सर्वोत्तम बताया। इसके साथ ही गौ रक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण तत्वों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत में कुल 62 प्रजाति की गाय पाई जाती थी। परंतु विदेशी ताकतों का भारत पर जब आधिपत्य स्थापित हुआ तो इन गायों की नस्लें बर्बाद कर दी गई और विदेशी नस्ल की का यू हमारे ऊपर थोप दी गई। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भारतीय नस्ल की गाय हमारे लिए कभी अनुपयोगी नहीं होती। सिस्टम के अंतर्गत गोबर एवं मूत्र भी धनोपार्जन के लिए उपयोगी है।

वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।अध्यक्षता बड़क बाबा एवं संचालन विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष संतोष भंडारी ने किया। आयोजक मंडल द्वारा संत-महात्माओं, मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का सम्मान गौ माता का मोमेंटो व अंगवस्त्र भेंट कर किया गया।संत-महात्माओं ने अपने आशीर्वचनों से जनमानस को धर्म,संस्कार और जीवन मूल्यों के प्रति जागरूक किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपेंद्र भाई त्यागी प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (दक्षिण बिहार) ने अपने प्रभावशाली संबोधन में भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों को विस्तार से रखा ।




**संस्कृति के पांच स्तंभों से ही सशक्त बनेगा राष्ट्र** :- मुख्य अतिथि ने भारतीय संस्कृति के पांच आधार स्तंभ धर्म,समाज, परिवार,संस्कार और राष्ट्र को भारत की शक्ति का मूल बताया । उन्होंने कहा कि इन मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन से ही भारत अपनी प्राचीन गौरवशाली पहचान को पुनः प्राप्त कर सकता है और विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है ।

**सनातन संस्कृतिः मानवता के कल्याण का मार्ग** :- अपने विचारों में उन्होंने सनातन संस्कृति को संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि यह केवल आस्था नहीं,बल्कि एक जीवन दर्शन है । "वसुधैव कुटुंबकम्" की भावना को रेखांकित करते हुए उन्होंने युवाओं से अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का आह्वान किया ।


**'वंदे मातरम' से जागृत होता है राष्ट्रभक्ति का भाव** :- उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' हर भारतीय के हृदय में राष्ट्र के प्रति समर्पण और गर्व की भावना को जागृत करता है । यह केवल शब्द नहीं,बल्कि देशभक्ति की आत्मा है, जो हमें मातृभूमि के प्रति कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देती है ।

**गौ रक्षाः संस्कृति और अर्थव्यवस्था की रीढ़** :- गौ रक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय परंपरा,कृषि और अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग रही है । समाज को इस दिशा में जागरूक और सक्रिय होने की आवश्यकता है, ताकि हमारी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रह सके ।

**गीत-संगीत से गूंजा नववर्ष का उल्लास** :- कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी समाजिक एकता,सांस्कृतिक संरक्षण और राष्ट्र निर्माण पर अपने विचार रखे । वहीं भोजपुरी जगत के बिहार सहित अन्य प्रांतों से आए कलाकारों ने गीत-संगीत की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया और नववर्ष के उल्लास को चरम पर पहुंचा दिया । इस प्रकार यह महोत्सव न केवल धार्मिक आयोजन रहा,बल्कि भारतीय संस्कृति,राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जागरूकता का सशक्त संदेश देने वाला प्रेरणादायी मंच भी साबित हुआ । मौके पर भाजपा बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ मनीष रंजन, नौजवानों की आन बान शान सनातनी चंदन बाबा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मदन प्रसाद वैश्य,रामजी पांडेय उर्फ बड़क बाबा,प्रो.सुरेश तिवारी,डॉ रविंद्र कुमार,डॉ दिलीप कुमार,डॉ अरुण कुमार,नित्यानंद मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# बिहारशरीफ के एसडीओ संभालेंगे शीतला माता मंदिर की व्यवस्था, धार्मिक न्यास पर्षद् का कड़ा फैसला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालन्दा**। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद् ने नालंदा के मघड़ा स्थित प्रसिद्ध श्री शीतला माता मंदिर के प्रबंधन को लेकर एक बड़ा प्रशासनिक आदेश जारी किया है। पर्षद् के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नंदन की ओर से जारी किए गए आदेश के तहत, बिहार शरीफ के अनुमंडल पदाधिकारी (SDO) को तत्काल प्रभाव से इस मंदिर का अस्थायी न्यासधारी नियुक्त किया गया है। यह निर्णय बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 33 के तहत लिया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य मंदिर का कुशल संचालन और सम्यक व्यवस्था सुनिश्चित करना है। बता दें कि मघड़ा (वार्ड संख्या 48) स्थित यह मंदिर बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम की धारा 34 के अंतर्गत एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास के रूप में निबंधित है। मंदिर की व्यवस्था में पारदर्शिता और बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता को देखते हुए पर्षद् ने प्रशासनिक हस्तक्षेप का यह कदम उठाया है। इस आदेश की प्रति अनुमंडल पदाधिकारी, बिहार शरीफ को सूचनार्थ और आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई है, ताकि वे अविलंब मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल सकें।

**कहीं न कहीं प्रबंधन के स्तर पर चूक हुईः** दरअसल बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नंदन ने बुधवार को नालंदा के प्रसिद्ध मघड़ा शीतला मंदिर का दौरा किया था। बीते मंगलवार को मंदिर परिसर में हुई दुखद घटना के बाद स्थिति की समीक्षा करने पहुंचे अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि कहीं न कहीं प्रबंधन के स्तर पर चूक हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मंदिर का पंजीकरण और बेहतर प्रबंधन अनिवार्य है। इसके बाद आज नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया। बता दें कि पुलिस ने मंदिर के 4 पुजारियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही दीपनगर थानाध्यक्ष को भी सस्पेंड किया गया है। मंदिर के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष समेत 20 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गिरफ्तारी पुजारियों की पहचान अनुज कुमार पांडे, अवधेश कुमार मिश्रा, विवेकानंद पांडे, निरंजन कुमार पांडे के रूप में हुई है।

# छापेमारी की आहट से सहमा बाजार, तीसरे दिन भी बंद रही दुकानें

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट /रोहतास**। कच्छवाँ बाजार में लगातार तीसरे दिन भी कारोबार पूरी तरह ठप रहा। किसी आधिकारिक बंद की घोषणा नहीं होने के बावजूद राज्य कर विभाग की संभावित छापेमारी की खबर से व्यापारी दहशत में हैं। यही वजह रही कि गुरुवार को भी अधिकांश दुकानों के शटर नहीं खुले और पूरे बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। सुबह जैसे ही विभागीय टीम के आने की चर्चा फैली, मुख्य बाजार की बड़ी दुकानों—किराना, कपड़ा, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और मिठाई—के शटर गिरने लगे। हालात ऐसे हो गए कि बाजार में ग्राहकों की आवाजाही लगभग खत्म हो गई और दूर-दराज से खरीदारी करने आए लोग निराश होकर लौट गए।

स्थिति यह रही कि जरूरी दवाओं के लिए भी लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ा। बाजार के चौक-चौराहों पर दिनभर व्यापारी आपस में संभावित कार्रवाई को लेकर चर्चा करते नजर आए। छोटे दुकानदारों ने भी किसी तरह का जोखिम लेने से बचते हुए अपनी दुकानें बंद रखना ही उचित समझा।

कच्छवाँ बाजार, जो रोहतास का प्रमुख व्यापारिक केंद्र माना जाता है, वहां रोजाना लाखों रुपये का कारोबार होता है। इस अघोषित बंदी से न केवल व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, बल्कि सरकारी राजस्व पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

व्यापारियों का कहना है कि विभागीय सर्वे और जांच के नाम पर कागजी प्रक्रिया इतनी जटिल होती है कि छोटे दुकानदारों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी डर के कारण वे दुकानें खोलने से बच रहे हैं। तो वही काराकाट प्रखंड अंतर्गत सकला, चौगाईं, कुरूर,चिकसील सहित दर्जनों जगह दुकान बंद होने से आम आदमी परेशान रहे ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### वॉलीबॉल के नेशनल प्लेयर का इलाज जारी

**बेगूसराय।** बेगूसराय के नगर थाना क्षेत्र के व्यस्ततम जीडी कॉलेज रोड स्थित ममता होटल के सामने 30 मार्च को दिनदहाड़े गोली लगने से घायल नेशनल वॉलीबॉल खिलाड़ी गोविंद कुमार (20) की हालत गंभीर बनी हुई है। दो गोली लगने से गंभीर रूप से घायल गोविंद को पटना के तारा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों की ओर से बताया गया है कि इनके शरीर में दो गोली फंसी हुई है, एक गोली गर्दन के निचला हिस्सा में तथा दूसरी गोली कमर के बीच में है। हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। दोनों गोली फंसे रहने के कारण घायल गोविंद को स्पेशल स्पाइनल इंजूरी सेंटर बसंत कुंज दिल्ली रेफर कर दिया गया है। घायल गोविंद के चचेरे भाई अमृतांशु कुमार द्वारा गांधी मैदान थाना के पुलिस अधिकारी के सामने दिए गए बयान पर मामला दर्ज किया गया है। जिसमें तीन अज्ञात बदमाशों पर गोली मारने का आरोप है। बयान में कहा गया है कि 30 मार्च को फोन पर सूचना मिली कि मेरा चचेरा छोटा भाई गोविन्दा कुमार दोपहर करीब 3:30 बजे हार्ले डेविडसन बाइक का सिर्विंग कराकर प्रैक्टिस करने के लिए फील्ड में जा रहे थे। इसी बीच ममता होटल के नजदीक पीछे से बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी।

**सदर अस्पताल से पटना के लिए किया गया रेफर:** ममता होटल के पास फायरिंग में गोविंद के पीठ में दो गोली लगी, जिसके बाद वे सड़क पर गिर गए। इस दौरान का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। उधर, फायरिंग की वारदात के बाद स्थानीय लोगों ने गोविंद को रतनपुर थाना की मदद से सदर अस्पताल में एडमिट कराया। यहां से बेहतर इलाज के लिए गोविंद को पटना रेफर कर दिया गया। गोविंद का फिलहाल पटना के तारा हॉस्पिटल के ICU में इलाज चल रहा है।

**फायरिंग करने वाले बाइक सवारों ने लगाया था हेलमेट:** मंझौल पूवारी टोला के रहने वाले सुशील कुमार के बेटे गोविंद कुमार हर-हर महादेव चौक की ओर से बाइक से जीडी कॉलेज की ओर आ रहा था। 3:57 बजे ममता होटल के सामने पहुंचते ही एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक करते ही उसे गोली मारी है।

# 1051 कलश यात्रा से महा रुद्र यज्ञ शुरू, 2 किलोमीटर लंबी लाइन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका।** बांका जिले के रजौन प्रखंड अंतर्गत रानीटीकर गांव में गुरुवार दोपहर श्री श्री 108 महा रुद्र यज्ञ का शुभारंभ 1051 कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर 1051 महिलाएं और कन्याएं सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुईं। यह यात्रा नवादा पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई। गांव से निकली इस विशाल कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े, जिससे लगभग दो किलोमीटर लंबी कतार बन गई।

**देवी-देवताओं के स्वरूप में सजी झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र:** शोभायात्रा में रथ, हाथी-घोड़े, डीजे, बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ श्रद्धालु भक्तिमय माहौल में आगे बढ़ रहे थे। यात्रा के दौरान विभिन्न देवी-देवताओं के स्वरूप में सजी झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। चिलचिलाती धूप और गर्मी के बीच श्रद्धालुओं की सेवा के लिए रास्ते में कई स्थानों पर ठंडा पानी और शरबत की व्यवस्था भी की गई थी।

**वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरवाया:** कलश यात्रा रानीटीकर गांव से निकलकर फैजपुर सोहली गांव का भ्रमण करते हुए तिलकपुर गांव स्थित तालाब के पास पहुंची। वहां पुरोहितों और पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरवाया। शोभायात्रा के आगे-आगे रथ पर सवार विद्वान पंडित आलोक झा, आचार्य सुदामा यादव, उनकी धर्मपत्नी किरण देवी सहित रानीटीकर गांव के ग्रामीण चल रहे थे। इस दौरान "हर हर महादेव" के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा।

**विधि-विधान के साथ कलश की स्थापना की गई:** इसके बाद शोभायात्रा बामदेव गौतार होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ कलश की स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर पूजा-अर्चना की और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। महा रुद्र यज्ञ को लेकर यज्ञ स्थल परिसर में एक मेले का भी आयोजन किया गया है। मेले में विभिन्न प्रकार के झूले, तारामतची और कई तरह की दुकानें लगाई गई हैं, जिससे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।

# सांप काटने से बच्ची की मौत

**बांका।** बांका में बुधवार शाम पांच वर्षीय बच्ची की सांप काटने के बाद मौत हो गई। घटना कटोरिया प्रखंड स्थित बिजहरा गांव की है। मृतका की पहचान बिजहरा गांव निवासी पैरू यादव की बेटी वंदना कुमारी के रूप में हुई है। बुधवार देर शाम वंदना कुमारी अपने घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान उसके पैर की अंगुली में एक विषैले सांप ने काट लिया। सांप के काटने के तुरंत बाद बच्ची की हालत बिगड़ने लगी और वह धीरे-धीरे अचेत होने लगी।

**दो घंटे तक चला झाड़-फूंक:** परिजनों ने घबराहट में बच्ची को तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय, झाड़-फूंक कराने के लिए पास के एक गांव में ले जाने का फैसला किया। करीब दो घंटे तक झाड़-फूंक की गई, लेकिन बच्ची की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, बल्कि उसकी हालत और बिगड़ती चली गई। इसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में कटोरिया रेफरल अस्पताल ले गए। अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बच्ची की जांच की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: ईएनजी–400एमएमपाइप–25–26–एलएलएच और ईएनजी–ओपीडी ईएक्सटीएन–25–26–एलएलएच, दिनांक** 01.04.2026, मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा–711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए रेलवे के ख्यातिप्राप्त, अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों और साथ ही सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की उपयुक्त सूची वाले ठेकेदारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. :1, निविदा सं.: ईएनजी–400एमएमपाइप–25–26–एलएलएच, कार्य का नाम:** सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के तहत लिलुआ रेलवे कॉलोनी और वर्कशॉप आदि के कर्मचारियों की सुविधाओं के संबंध में, गंगा नदी पर स्थित बेलुड़ इनटेक से लिलुआ में फिल्टर ट्रीटमेंट प्लांट तक, 400 मिमी व्यास की अतिरिक्त जल आपूर्ति लाइन का निर्माण। **निविदा मूल्य:** रु. 2,23,01,248.58, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य, **बयाना राशि:** रु. 4,46,000/– **समापन अवधि:** 270 दिन। **क्रम सं. : 2, निविदा सं.: ईएनजी–ओपीडीईएक्सटीएन–25–26–एलएलएच, कार्य का नाम:** वर्धित ओपीडी के दक्षिण की ओर एक जी+1 बिल्डिंग का निर्माण करके पूर्व रेलवे अस्पताल, लिलुआ में (क) मेडिकल स्टोर (ख) फिजियोथेरेपी विभाग के आवास हेतु ओपीडी परिसर का विस्तार। **निविदा मूल्य:** रु. 1,77,55,591.67, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य, **बयाना राशि:** रु. 3,55,100/–, **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 27.04.2026 को 12.00 बजे तक। निविदा का विवरण वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in पर शुद्धिपत्र (यदि कोई है) के साथ उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव को ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। MISC-02/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मिडिल ईस्ट हालात पर बांका प्रशासन अलर्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका।** मध्य पूर्व में जारी तनाव के मद्देनजर बांका जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बांका समाहरणालय सभागार में संकट प्रबंधन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय अधिकारी और विभिन्न तेल विपणन कंपनियों के बिक्री प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पेट्रोलियम पदार्थों सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में जिले में पेट्रोल, डीजल और अन्य आवश्यक पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति एवं स्टॉक की स्थिति सामान्य है। हालांकि, संभावित व्यवधान को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन सतर्कता बढ़ा दी है।

**विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकस रहने का निर्देश:** प्रमंडलीय आयुक्त ने सभी थानाध्यक्षों और वरीय अधिकारियों को पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़-भाड़ को रोकने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकस रहने का निर्देश दिया। बैठक में उर्वरकों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में सभी प्रकार के उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। वर्तमान में जिले में 14 थोक और लगभग 350 खुदरा उर्वरक विक्रेता कार्यरत हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है।

**जिले में फिलहाल रसोई गैस की कोई कमी नहीं:** रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर भी प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में फिलहाल रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में गैस बुकिंग का लंबित समय लगभग 3.5 दिन है, जिसे कम करने के लिए संबंधित कंपनियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराकर अनावश्यक गैस बुकिंग न करें।निर्धारित नियमों के अनुसार शहरी उपभोक्ता 25 दिन बाद और ग्रामीण उपभोक्ता 45 दिन बाद ही गैस बुकिंग करें।

**किसी भी संभावित संकट से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश:** आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखने और किसी भी संभावित संकट से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। प्रशासन द्वारा कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए अब तक एजेंसियों के विरुद्ध 175 तथा अन्य स्थानों पर 558 छापेमारी की गई है, यानी कुल 733 स्थानों पर कार्रवाई की गई है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में 3 दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**भागलपुर**| स्थानीय आनन्दराम ढांढनियां सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का भव्य समापन हुआ। समारोह का उद्घाटन क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद, सह प्रांत प्रचारक आशीष कुमार एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला के दौरान संस्कृति बोध परियोजना, संस्कार केंद्र और आधुनिक शिक्षण तकनीकों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। मुख्य वक्ता रामनवमी प्रसाद ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं शिक्षकों के कौशल विकास और प्रभावी शिक्षा के लिए अनिवार्य हैं। प्रधानाचार्य सुमंत कुमार ने आचार्यों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर बताया। अंत में संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–29,दिनांक:** 01.04.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा अपेक्षित निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. :टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–29, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में दो (02) वर्ष की अवधि के लिए आसनसोल और मधुपुर में पीएसआई डिपो के कार्यक्षेत्र में पीएसआई कार्यों से संबंधित रखरखाव एवं ब्रेकडाउन गतिविधियों की आउटसोर्सिंग (खाना–प्रधानखांटा खंड को छोड़कर)। **निविदा मूल्य :** रु. 4,39,16,305.01, **बयाना राशि:** रु. 8,78,300/–, **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 45 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 07.05.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट : www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। ASN-01/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## सहरसा और जमालपुर के बीच नई मेमू पैसेंजर ट्रेन

यात्रियों की सुविधा के लिए, सहरसा और जमालपुर के बीच नई मेमू पैसेंजर ट्रेन शुरू की जाएगी। नई ट्रेन अर्थात 63398/63397 **सहरसा–जमालपुर–सहरसा मेमू पैसेंजर** दिनांक 07.04.2026 से अगली सूचना न मिलने तक, निम्नलिखित समयसूची, आवागमन की तिथियों और ठहरावों के अनुसार चलेगी:

| सहरसा–जमालपुर मेमू पैसेंजर | | 63398 ↓ स्टेशन ↑ 63397 | जमालपुर–सहरसा मेमू पैसेंजर | |
|---|---|---|---|---|
| आ. | प्र. | | आ. | प्र. |
| – | **05.15** | **सहरसा** | **01.00** | – |
| 05.22 | 05.23 | परमिनियां हाल्ट | 00.28 | 00.29 |
| 05.28 | 05.30 | सोनबरसा कचेरी | 00.21 | 00.23 |
| 05.37 | 05.38 | बाबा रघुनी हाल्ट द्वारिका | 00.13 | 00.14 |
| 05.43 | 05.45 | सिमरी बख्तियारपुर | 00.04 | 00.06 |
| 05.53 | 05.55 | कोपरिया | 23.47 | 23.49 |
| 06.02 | 06.03 | फंगो | 23.38 | 23.39 |
| 06.09 | 06.11 | धामरा घाट | 23.30 | 23.32 |
| 06.18 | 06.20 | बदला घाट | 23.21 | 23.23 |
| 06.38 | 06.40 | मानसी जंक्शन | 23.08 | 23.10 |
| 06.50 | 06.52 | खगड़िया जंक्शन | 22.46 | 22.48 |
| 07.01 | 07.03 | उमेश नगर | 22.33 | 22.35 |
| 07.13 | 07.15 | सबदलपुर जंक्शन | 22.20 | 22.22 |
| 07.45 | 07.47 | मुंगेर | 22.05 | 22.07 |
| **08.05** | – | **जमालपुर** | – | **21.45** |

**टिप्पणी:** ट्रेन नं. 05509/05510 सहरसा–जमालपुर–सहरसा मेमू स्पेशल की सेवा दिनांक 07.04.2026 से समाप्त कर दी जाएगी। **गठन:** 63387/63388 जमालपुर–गया–जमालपुर फास्ट मेमू पैसेंजर की तरह।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

**जल संसाधन विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर, शिविर–औरंगाबाद।**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2025-26**

(केवल ई– टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1.कार्य का विवरण –

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) (ऑनलाईन अथवा फिजिकल / मैनुअल मोड में भुगतेय) | परिमाण– विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में | बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धावा मुख्य नहर के कि0मी0 5.18 से कि0मी0 5.52, कि0मी0 6.71 से कि0मी0 7.81 और कि0मी0 10.29 से कि0मी0 12.18 के बीच जंगल झाड़ी की सफाई एवं कि0मी0 10.29 से कि0मी0 11.81 तक गाद की सफाई कार्य। | 16.50 | 33000.00 | 5000.00 | 590.00 | 30 दिन |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक– 30.03.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक– 21.04.2026 से दिनांक– 28.04.2026 के **3.00** बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक– 24.04.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में, अधीक्षण अभियंता, उत्तर कोयल नहर अंचल, गया के कार्यालय कक्ष में।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक– 29.04.2026, समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान : केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
9. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर, शिविर–औरंगाबाद।
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट : www.eproc2.bihar.gov.in एवं wrd.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है ।

**कार्यपालक अभियंता**
**उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर**
**शिविर– औरंगाबाद।**

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।
PR- 27485 ( W R D ) 2025-26
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

**शपथ पत्र**

**मैं गीता देवी, पति आनंद कुमार उम्र- 46 वर्ष, मु0- नीलकोठी, वार्ड नं.- 27 पोस्ट- डिहरी, थाना - डिहरी जिला- रोहतास का निवासी हूँ। मैं शपथ पूर्वक ब्यान करती हू :-**

**1. यह कि आधार सं. 614077437635 में मेरा नाम गीता देवी (Gita Devi) दर्ज है, जबकि मेरी पुत्री नंदिता कुमारी के मैट्रीक के मार्कसीट में मेरा नाम गीता चौधरी (Geeta Chaudhary) दर्ज है।**

**2. यह कि गीता देवी (Gita Devi) एवं कि गीता चौधरी (Geeta Chaudhary) दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरा हैं। तथा मैं दोनों ही नामों से जानी पहचानी जाती हूं।**

**3. यह कि उपरोक्त शपथ पत्र सही वो सत्य हैं।**

**गीता देवी**
**(शपथकर्ता)**

**शपथ सं. 342** **दिनांक : 01.04.2026**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–46–25, दिनांक** 01.04.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. **ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–46–25** के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** हावड़ा मंडल में पुराने, जीर्ण–शीर्ण एवं बुरी तरह से जंग लगे हुए कैंटीलिवर असेंबली का प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 5,19,33,183,95, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 10,38,700/–, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 04.05.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-06/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पशुपालक कैलेंडर

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

- इस माह में अधिक गर्मी की संभावना रहती है। पशुओं में जल व लवण की कमी, भूख कम होना एवं कम उत्पादन अधिक तापमान के प्रमुख लक्षण है। अतः इससे पशुओं को बचाने का प्रयास करें।
- पशुओं को दोपहर में छाया वाले एवं हवादार स्थान में रखें एवं दिन में कम से कम चार बार ताजा पानी पिलायें।
- भेड़ पालक, मेमनों में Sheep Pox (भेड़ चेचक) एवं Enterotoxaemia का टीका पशु चिकित्सक की सलाह से जरूर लगवायें।
- पशुओं को बाह्य/अंतः परजीवी एवं मुर्गियों को कृमिनाशक दवा पशु चिकित्सक की सलाह से देना चाहिए एवं बाह्य परजीवी नाशक दवा का छिड़काव नियमित रूप से करें।
- पशुओं को संक्रामक रोग जैसे गलाघोंटू, ब्लैक क्वाटर (लंगड़ी रोग) के रोगरोधी टीके समय पर लगवायें।
- खरीफ में हरा चारा लेने के लिए ज्वार एवं मक्का की बुआई करें।
- इस मौसम में पशुओं में लवण विशेषकर फॉस्फोरस की कमी के कारण 'पाइका' के लक्षण नजर आने लगते हैं अर्थात पशु पेशाब, मिट्टी आदि चाटने/पीने लगते हैं। अतः पशुओं को खनिज लवण मिश्रण अवश्य दें।
- प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, खनिज, विटामिन सभी संतुलित मात्रा में प्राप्त करने के लिए पशुपालक एजोला घास का प्रयोग करें।




@BiharDFARD

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गैस एजेंसियों की स्टॉक जांच करें छापेमारी : प्रधान सचिव

**बक्सर**। एलपीजी, आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की उपलब्धता, प्रवासी श्रमिकों के हितों की सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गयी। बैठक की अध्यक्षता योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव सह प्रभारी सचिव बक्सर मंयक वरवड़े ने की। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर गैस एजेंसियों के स्टॉक की नियमित जांच सुनिश्चित करें। कालाबाजारी या जमाखोरी की सूचना मिलने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करें। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखते हुए गैस सिलेंडर से जुड़ी किसी भी भ्रामक खबर का तुरंत खंडन करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने जानकारी दी कि जिले में आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल की कुल 27 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनमें बक्सर अनुमंडल में 12 और डुमरांव अनुमंडल में 15 एजेंसियां शामिल हैं। 13 मार्च से 31 मार्च तक कुल 90,034 गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं के बीच वितरित किए गए हैं, जबकि 31 मार्च तक 4,541 सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि 21 मार्च को एसडीएम द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान 2 रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग के मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए 24 सिलेंडर जब्त किए गए।

### बालू लदे ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**कोईलवर**। चांदी थाना क्षेत्र के भगवत पुर पेट्रोल पम्प के पास बुधवार की अहले सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब बालू लदे अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान चांदी थाना क्षेत्र के जलपुरा निवासी 22 वर्षीय रौशन राज के रूप में हुई है जो राजेश कुमार का पुत्र था। वहीं घायल युवक 23 वर्षीय युवराज सिंह (पुत्र संजय सिंह), जो उसी गांव का निवासी है, का इलाज चल रहा है। दोनों युवक बाइक से चांदी की ओर से अपने घर जलपुरा लौट रहे थे। इसी दौरान सकड्डी-चांदी मार्ग पर भगवतपुर के समीप पेट्रोल पम्प के पास सामने से आ रहे बालू लदे अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

### ओपन फिडे शतरंज में भोजपुर की अव्या श्रीवास्तव को ऑल इंडिया में प्रथम स्थान

**आरा**। आरा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग, बिहार सरकार एवं अखिल बिहार शतरंज संघ के द्वारा कंकड़बाग, पाटलिपुत्र खेल परिसर में 25 से 29 मार्च तक आयोजित बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में भोजपुर की नन्हीं प्रतिभा अव्या श्रीवास्तव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। अंडर-7 बालिका वर्ग में अव्या श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर 5000 का नगद पुरस्कार अपने नाम किया। प्रतियोगिता के कुल 9 राउंड में उन्होंने 4 अंक अर्जित किए। अव्या केंद्रीय विद्यालय, आरा की कक्षा 2 की छात्रा हैं और नेहरू नगर निवासी निशांत कुमार की पुत्री हैं। अव्या नियमित रूप से आरा चेस एकेडमी में प्रशिक्षण लेती हैं। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे कोच बिरेन्द्र कुमार उपाध्याय एवं रंजन कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके मार्गदर्शन में अव्या लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। भोजपुर शतरंज संघ के सचिव डॉ. मो सैफ ने बताया कि जिले के अन्य खिलाड़ियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। इनमें सिमरन 4.5 अंक, समीर 5.5 अंक, परी 4 अंक, अमन 4 अंक एवं विशाल पुष्कर 5 अंक शामिल हैं, जिन्होंने जिले का मान बढ़ाया हैं। इस उपलब्धि पर भोजपुर जिला शतरंज संघ के मुख्य संरक्षक डॉ. रामकृष्ण, संरक्षक डॉ. एसके. रूंगटा, अध्यक्ष डॉ. केएन. सिन्हा एवं उपाध्यक्ष निशी जैन सहित कई गणमान्य लोगों ने अव्या को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। भोजपुर शतरंज संघ ने विश्वास जताया कि अव्या श्रीवास्तव आने वाले दिनों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम और ऊंचा करेंगी। शतरंज में सफलता के लिए केंद्र पर नियंत्रण, मोहरों का सही विकास और राजा की सुरक्षा जरूरी है। शुरुआत में प्यादों से केंद्र मजबूत करें, घोड़े-ऊँट विकसित करें और जल्दी कैसलिंग करें। हर चाल सोच-समझकर चलें, प्रतिद्वंद्वी की योजना समझें और समय का संतुलित उपयोग करें।

### मोबाइल दुकान का शटर काटकर चोरी करते तीन चोर गिरफ्तार, एक फरार

**आरा**। टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा में राज मोबाइल वर्ल्ड में चोरो ने शटर काटकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने की कोशिश की है। हालांकि स्थानीय लोगो की तत्परता और मकान मालिक की सतर्कता से मौके पर ही तीन चोरो को दबोच लिया गया, जबकि उनका एक साथी भागने में सफल रहा। दुकान मालिक राज वर्मा, पिता राजेश प्रसाद वर्मा (निवासी शीतल टोला, आरा) ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनकी दुकान धरहरा बघौतपुर रोड पर काशीमुनि मार्केट में स्थित है। 30 मार्च की रात करीब 2:30 बजे खटपट की आवाज सुनकर मकान मालिक धीरेंद्र कुमार की नींद खुल गई। जब उन्होंने बाहर आकर देखा तो चार चोर दुकान का शटर तोड़कर चोरी कर रहे थे। मकान मालिक के शोर मचाने पर आस-पास के लोग जुट गए और घेराबंदी कर तीन चोरो को मौके पर ही पकड़ लिया। इस दौरान चौथा चोर जिसकी पहचान राजगीर कुमार (पिता रामशीष यादव, निवासी जमीरा) के रूप में हुई है, कट्टा दिखाकर और जान से मारने की धमकी देते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।।सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनो आरोपियो को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान पकड़े गए चोरो के पास से चोरी के मोबाइल और शटर तोड़ने में इस्तेमाल किया गया लोहे का एक लंबा सरिया बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान जमीरा निवासी वीराग कुमार, पिंटू शर्मा, सुनील कुमार के रूप में हुई है। पीड़ित दुकानदार ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि पकड़े गए चोरो के सहयोगी और कुछ अज्ञात लोग थाना परिसर के बाहर उन्हें केस वापस लेने के लिए डरा-धमका रहे है। पुलिस ने इस मामले में कांड संख्या 254/26 दर्ज कर ली है और फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### एसपी ने लिया प्रशिक्षु सिपाहियों का कड़ा इम्तिहान

**आरा**। बुधवार को भोजपुर एसपी राज के द्वारा नवीन पुलिस केंद्र आरा में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु सिपाहियों के बाह्य (असॉल्ट) प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया, जिसमे जवानो की शारीरिक और मानसिक मजबूती का कड़ा परीक्षण लिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कुल 21 प्रकार की विभिन्न बाधाओ को शामिल किया गया था। मैदान में उतरे प्रशिक्षु सिपाहियों ने अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए रेंगकर कटीले तारो के नीचे से निकलना, ऊंची कूद, लंबी दौड़ और ऊर्ध्वाधर रस्सी पर चढ़ने जैसी कठिन चुनौतियो को सफलतापूर्वक पूरा किया। इसके अलावा ऑब्स्टेकल कोर्स के तहत संतुलन बनाए रखते हुए बीम पर चलना और ऊंची दीवारो को पार करने जैसी गतिविधियो के माध्यम से जवानो की शारीरिक सहनशक्ति का मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने केवल शारीरिक प्रदर्शन ही नही, बल्कि जवानो के अनुशासन, टीम वर्क और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता पर भी विशेष ध्यान दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक कुशल पुलिसकर्मी के लिए शारीरिक रूप से फिट होने के साथ-साथ मानसिक रूप से सजग रहना और टीम भावना के साथ काम करना अनिवार्य है। विशेषकर आपातकालीन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियो में धैर्य खोए बिना सही निर्णय लेना ही इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। सत्र के समापन पर भोजपुर एसपी राज ने उपस्थित अनुदेशको और नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों को संबोधित किया। उन्होंने प्रशिक्षण की बारीकियो को समझाते हुए कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नही बल्कि समर्पण का मार्ग है। उन्होंने जवानो को निरंतर अभ्यास करने और खुद को तकनीकी व शारीरिक रूप से अद्यतन रखने का निर्देश दिया। इस विशेष परीक्षण सत्र के दौरान जिले के अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने जवानो का उत्साहवर्धन किया। प्रशिक्षण ले रहे जवानो में भी इस परीक्षण को लेकर खासा उत्साह देखा गया। आधुनिक चुनौतियो और अपराध नियंत्रण की दिशा में भोजपुर पुलिस द्वारा किया जा रहा यह निरंतर अभ्यास आने वाले समय में जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

# जिले में दो गोला चैता कार्यक्रम और मैत्री भोज का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर जिले के सदर प्रखंड के जरीगांवा गांव में दो गोला चैता कार्यक्रम और मैत्री भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य सामाजिक एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना था, जिसमें देर रात तक हजारों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि एक बेहतर समाज का आधार जाति नहीं, बल्कि आपसी संबंध और सौहार्द हैं। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सरपंच संघ के अध्यक्ष और करहंसी पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी अखिलेश चौबे ने किया। ग्रामीणों और आगंतुकों ने उनके इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी की पत्नी श्रीमती अनुराधा तिवारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अतिथियों और गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

**सभी ने एक परिवार की तरह भोजन किया**: मैत्री भोज इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। हजारों की संख्या में लोगों ने एक साथ पंक्ति में बैठकर भोजन किया, जिससे सामाजिक भेद मिटे और आपसी सौहार्द बढ़ा। यह दृश्य सामाजिक समरसता का एक उदाहरण बन गया, जहां सभी ने एक परिवार की तरह भोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दो गोला चैता का मुकाबला था, जिसमें कमलावास कुंवर और बुढ़ा व्यास ने अपनी प्रस्तुति दी। दोनों कलाकारों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। लोकगीतों की मधुरता ने पूरे माहौल को जीवंत बनाए रखा।

**समाज सेवा से बड़ा कोई संतोष नहीं**: मंच संचालन युवा भाजपा नेता सौरभ तिवारी और छात्र नेता गिट्टू तिवारी ने किया। उन्होंने आयोजक अखिलेश चौबे के समाज सेवा के प्रति समर्पण की सराहना की और कहा कि वे हमेशा लोगों के साथ खड़े रहते हैं। अपने संबोधन में अनुराधा तिवारी ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनी परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे आयोजन न केवल सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं, बल्कि समाज में फैली दूरियों को मिटाकर एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। अखिलेश चौबे ने सभी अतिथियों और ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज सेवा से बड़ा कोई संतोष नहीं होता। उन्होंने कहा कि उनका जीवन हमेशा जनता की सेवा के लिए समर्पित रहेगा। जरीगांवा का यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, प्रेम और सौहार्द का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश फैलाया।

## वर्षभर का शैक्षिक रोडमैप तैयार, मातृ गोष्ठी का भी होगा आयोजन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। विद्या भारती संस्थान के शैक्षणिक नीति के तहत सरस्वती विद्या मंदिर, सिविल लाइंस में नवीन शैक्षिक सत्र को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मॉडल पर अध्यापन को विशिष्टता प्रदान करने व बाल विकास के आहुत त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का भव्य समापन हुआ। कार्यशाला में शिक्षण के नई तकनीक, डेमो क्लासेज तथा बच्चों में अनुभवात्मक तथा क्रियात्मक शिक्षण से अवधारणा प्रदान करने का वार्षिक रोडमैप तैयार किया गया। इसी क्रम में मातृ सम्मेलन, अभिभावक गोष्ठी तथा वार्षिकोत्सव का समय व स्वरूप तय किया गया। साथ ही विद्या भारती के आधारभूत विषयों तथा प्रांतीय योजनाओं को पूर्ण समर्पण व प्रभावशाली तरीके से संपन्न करने का भी संकल्प लिया गया ताकि छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास, सबल चारित्रिक गठन तथा उनमें संस्कार युक्त राष्ट्रनिष्ठा का भाव जागृत हो सके। इस अवसर पर महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय के रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष सह विद्यालय के सचिव डॉ भरत चौबे ने नवीन सत्र में पूर्ण मनोयोग से छात्र-छात्राओं के हित में शैक्षिक कार्य करने तथा विद्यालय में लगाए गए नवीन शिक्षण संसाधनों, प्रयोगशाला आदि का प्रयोग कर शहर में बच्चों को सर्वोत्तम शिक्षा उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पर्यावरण सुरक्षा पर चर्चा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। नया बाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के परिसर में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला बुधवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विभाग प्रमुख लाल बाबू प्रसाद यादव, जगदीश पांडेय एवं राकेश दूबे ने किया। अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने किया। कार्यशाला में नवीन सत्र 2026 -27 को पूर्णरूपेण विकासात्मक एवं प्रगतिशील बनाए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। नए सत्र के लिए कार्य योजना तैयार की गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पर्यावरण की सुरक्षा, स्वच्छता, संस्कार समेत कई गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। संस्कृति ज्ञान परीक्षा, केंद्रिय आधारभूत विषय,अभिभावक गोष्ठी, अभिभावक सम्मेलन समेत अन्य कार्यक्रमों पर चिंतन मंथन किया गया। मौके पर उपेंद्र सिंह, देवेंद्र वर्मा, अभय पांडेय, संजीव सिन्हा, रोहिणी कुमारी, द्विजेश सिंह, पूनम सिन्हा, सुशील कुमार, श्वेती सिन्हा आदि थे।

# बनारपुर गोलीकांड मामले में एक गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर जिले के बनारपुर गांव में ठेकेदारी के पैसों के विवाद में हुई गोलीबारी के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों ने मोहनियां-चौसा मार्ग को जाम कर पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने देर रात करीब 12 बजे बनारपुर निवासी आलोक तिवारी के घर छापेमारी की। इस दौरान गिरफ्तारी से पहले घर में तोड़फोड़ की गई, दरवाजे और खिड़कियां तोड़ी गई। परिजनों ने घर में मौजूद महिलाओं के साथ बदसलूकी का भी आरोप लगाया है। यह घटना 31 मार्च की दोपहर की है, जब आनंद राय अपने समर्थकों के साथ कई वाहनों में बनारपुर गांव पहुंचे थे। आरोप है कि इस दौरान कई राउंड फायरिंग की गई थी।

**दोनों पक्षों ने प्राथमिकी कराई दर्ज**: इस गोलीबारी के बाद बनारपुर निवासी मनोरंजन पांडे और आनंद राय, दोनों पक्षों ने मुफस्सिल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों ने एक-दूसरे पर मारपीट और गोली चलाने के आरोप लगाए हैं। आनंद राय के आवेदन में आलोक तिवारी का नाम भी शामिल है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने आलोक तिवारी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है।

**पुलिस पर घरों में तोड़फोड़ करने का आरोप**: हालांकि, ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि बनारपुर गांव के प्रति पुलिस का रवैया हमेशा कठोर रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि छोटी घटनाओं में भी पुलिस घरों में तोड़फोड़ करती है और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करती है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी नाराजगी व्यक्त की। गांव के किसान मुन्ना तिवारी ने आरोप लगाया कि पुलिस केवल कमजोर और किसानों पर ही त्वरित कार्रवाई करती है, जबकि दबंग प्रवृत्ति के लोगों पर नरमी बरती जाती है। उन्होंने आनंद राय पर अवैध खनन और मिट्टी ढुलाई जैसे आरोप लगाते हुए कहा कि विरोध करने पर दिनदहाड़े गोलीबारी की जाती है, लेकिन पुलिस सख्ती नहीं दिखाती। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि यह पहली बार नहीं है जब पुलिस ने गांव में इस तरह की कार्रवाई की हो। उनके अनुसार, इससे पहले 10 जनवरी 2023 और 20 मार्च 2024 को भी पुलिस ने गांव में प्रवेश कर तोड़फोड़ और महिलाओं के साथ मारपीट की थी, जिनके वीडियो भी वायरल हुए थे। इन घटनाओं में कई किसानों को जेल जाना पड़ा था।

**छत के रास्ते घर में घुसी पुलिस**: आलोक तिवारी की मां मंजू देवी ने बताया कि पुलिस ने गेट बंद होने के बावजूद दीवार के सहारे छत के रास्ते घर में प्रवेश किया और तोड़फोड़ करते हुए उनके बेटे को पकड़ लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूछताछ करने पर पुलिसकर्मियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। घटना के बाद बनारपुर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और पुलिस कार्रवाई की समीक्षा की मांग की है, वहीं पुलिस प्रशासन मामले की जांच और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटा हुआ है।

# मां गंगा की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण बनेगा जनांदोलन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बुधवार को जिला प्रशासन बक्सर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में जिला गंगा समिति के अध्यक्ष सह डीएम साहिला ने सामुदायिक स्तर पर कार्य करने वाली गैरलाभकारी संस्था रूद्रा गुरुकुल को सम्मानित किया। यह सम्मान संस्था को 16 मार्च से 31 मार्च 2026 तक आयोजित मां गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया। इस पखवाड़ा के अंतर्गत जिला गंगा समिति, बक्सर के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, गंगा स्वच्छता शपथ, वृक्षारोपण तथा नुक्कड़ नाटक जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन सभी गतिविधियों में रूद्रा गुरुकुल की सक्रिय भागीदारी रही, जिसके माध्यम से संस्था ने गंगा स्वच्छता का संदेश आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया। रूद्रा गुरुकुल के संस्थापक सह स्वीप यूथ आइकॉन अभिराम सुन्दर ने बताया कि गंगा की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के लिए सामुदायिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य के साथ रूद्रा गुरुकुल निरंतर जागरूकता और सहभागिता आधारित कार्यक्रम चला रही है। कार्यक्रम के दौरान रूद्रा गुरुकुल की सदस्या ज्योत्स्ना को नुक्कड़ नाटक में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनके अभिनय के माध्यम से लोगों को गंगा संरक्षण के प्रति जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अभिराम सुन्दर एवं अध्यक्ष शिव प्रकाश दुबे उपस्थित रहे। दोनों ने इस सम्मान को पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया और भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए इसी तरह कार्य करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।

## मैट्रिक में आरके टॉपर क्लासेज के सभी छात्र फर्स्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**ब्रह्मपुर**। बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा (2026) में आरके टॉपर घुरहुपुर के छात्रों ने अपना परचम लहराया। प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण बच्चों में दुर्गेश मिश्रा पिता विनोद मिश्रा (445), जूली कुमारी पिता नीरज पांडेय (440), ज्योति कुमारी पिता वकील यादव (440),अंशु कुमार पिता रामायण साह (438), योगेश कुमार पासवान पिंटू पासवान (432), ऋषिकेश मिश्रा पिता नीरज मिश्रा (427), काजल कुमारी पिता कन्हैया यादव (418),उमंग मिश्रा पिता रामगोपाल मिश्रा(416) , स्नेहा साहनी पिता रविन्द्र साहनी (404), अमरेंद्र कुमार पिता कुमार चमन लाल (399), श्वेता मिश्रा पिता दीपेंद्र मिश्रा (390), पूजा राय हरेंद्र राय(382), पूजा कुमारी पिता हरेकृष्ण साह (380), निशू सिंह पिता निर्भय सिंह (376),चंदा कुमारी पिता जानकी ठाकुर (368), धीरज कुमार पिता सूर्यबली तत्वा (361), अमित कुमार पिता धर्मेंद्र प्रसाद (359), प्रियांशु राय पिता रविन्द्र राय (349), हिमांशु यादव पिता जगनारायण यादव (347), खुशी राय पिता ब्रह्मेश्वर राय (346), मोहम्मद रमजान (336),काजल यादव पिता बच्चानंद यादव (334), खुशबू मिश्रा पीता स्वर्गीय लक्ष्मण मिश्रा (335), खुशबू कुमारी जितेंद्र मिश्रा (325), अंशु कुमारी पिता विजय ठाकुर (322), अरिवन्त राय पिता स्वर्गीय अजय राय (318),सुमंत कुंवर पिता रामप्रवेश कुंवर (311),सुमित ठाकुर पिता जयमंगल ठाकुर(305), विशाल पासवान पिता अवधेश पासवान (305),प्रियंका साहनी पिता विनोद साहनी (300)।आरके क्लासेज के निदेशक ने बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2026 में उत्तीर्ण सभी परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पुलिस ने 131 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

♦ 3 दिन के अभियान में 3.62 लाख रुपए का जुर्माना वसूला, 165 मामलों में निष्पादन की कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर एसपी शुभम आर्य के नेतृत्व में बक्सर पुलिस ने तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया। इस दौरान कुल 131 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया और 160 वाहनों से 3.62 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई। पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में 84 विभिन्न कांडों में वांछित आरोपी और 47 वारंट के मामलों में फरार चल रहे लोग शामिल हैं। अभियान के तहत वाहन जांच भी तेज की गई। कुल 963 वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले 160 वाहनों से 3,62,000 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

**165 मामलों में निष्पादन की कार्रवाई**: विशेष अभियान के दौरान वारंट, कुर्की और इस्तेहार से जुड़े मामलों के निष्पादन पर भी जोर दिया गया। कुल 165 मामलों में तामिला/निष्पादन की कार्रवाई हुई, जिनमें 42 जमानती वारंट (BW), 118 गैर-जमानती वारंट (NBW), 2 इस्तेहार और 3 कुर्की से संबंधित मामले थे। जिले के विभिन्न थानों में इस अभियान के तहत सक्रियता देखी गई। बक्सर नगर, औद्योगिक थाना, मुफस्सिल, राजपुर और ब्रह्मपुर जैसे क्षेत्रों में पुलिस ने बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां कीं और वारंटों का निष्पादन किया।

**अपराधियों के खिलाफ अभियान रहेगा जारी**: बक्सर एसपी शुभम आर्य ने बताया कि "अपराध और अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान जारी रहेगा। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और लंबित वारंटों के निष्पादन को प्राथमिकता दी जा रही है। आम जनता की सुरक्षा हमारी पहली जिम्मेदारी है, और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।" उन्होंने यह भी कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर नियंत्रण के लिए ऐसे विशेष अभियान भविष्य में भी चलाए जाएंगे। पुलिस ने नागरिकों से कानून का पालन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

## कृतिका सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में पास, किया गया सम्मानित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**ब्रह्मपुर**। ब्रह्मपुर प्रखंड के रहथुआ गांव की छात्रा कृतिका प्रिया ने बिहार के प्रतिष्ठित सिमुलतला आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। विशेष उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली वे बक्सर जिले की एकमात्र छात्रा हैं, जिससे यह उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण बन जाती है। कृतिका प्रिया का लक्ष्य भविष्य में न्यायिक सेवा में जाकर न्यायाधीश बनना है, ताकि समाज के गरीब, शोषित एवं वंचित वर्गों को न्याय दिलाया जा सके। तुलसी विचार मंच के संयोजक शैलेश ओझा ने कृतिका प्रिया को सम्मानित करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि कृतिका की इस सफलता से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ा है।

## संक्षिप्त समाचार

# ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे महिला सहित चार गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। यह कार्रवाई सोनारी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की। पुलिस को 01 अप्रैल की रात सूचना मिली थी कि डोबो पुल के समीप मरीन ड्राइव रोड पर कुछ लोग ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के लिए जमा हुए हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीएसपी हेडक्वार्टर-2 मनोज ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके से चार लोगों को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 43 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसका वजन लगभग 05 ग्राम बताया जा रहा है। इसके अलावा पुलिस ने 06 हजार रुपये नकद भी जब्त किए हैं, जिसे नशे के कारोबार से जुड़ा माना जा रहा है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान भारती कैवर्त, विशाल कैवर्त, ऋषभ साहू और कुमार बहादुर के रूप में हुई है। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले की जानकारी डीएसपी मनोज ठाकुर ने प्रेस वार्ता को दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अब इस नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोग कौन हैं।

## छज्जा गिरने से वृद्ध की मौत



**पूर्वी सिंहभूम।** शहर के आजादनगर थाना क्षेत्र के ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित अशोका टावर फेज-2 में गुरुवार सुबह एक मकान का छज्जा गिरने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार ओल्ड पुरुलिया कुम्हार बस्ती निवासी मनोहर दिवर (60) सुबह किसी काम से एक दुकान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक भवन के ऊपरी हिस्से से अचानक छज्जा टूटकर नीचे गिर पड़ा, जिसकी चपेट में वह आ गए। स्थानीय लोगों ने घायल मनोहर को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है।

## मामूली विवाद में भतीजे ने की फूफा की हत्या

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत पदमपुर गांव में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक मुर्गी को पत्थर मारने की घटना से शुरू हुआ झगड़ा इतना बढ़ गया कि भतीजे (अपनी बहन का बेटा) सहित चार लोगों ने दामू सिंकू (53) की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। घटना बुधवार की बताई जा रही है। मृतक की पत्नी अनीता सिंकू और बेटे मारतम सिंकू ने बताया कि दामू सिंकू और उनके भतीजे परगना सिंकू की पत्नी पेलोंग सिंकू के बीच मुर्गी को पत्थर मारने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। शुरुआत में यह केवल कहासुनी थी, लेकिन धीरे-धीरे मामला गंभीर हो गया। परिजनों के अनुसार, दोपहर में परगना सिंकू अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा। उसके साथ डोबरो सिंकू, कुसुन सिंकू और पेलोंग सिंकू भी मौजूद थे। आरोप है कि चारों ने मिलकर दामू सिंकू पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में दामू सिंकू के सिर पर गंभीर चोट लगी और वे मौके पर ही गिर पड़े। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तुरंत टोंटो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल, चाईबासा रेफर कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार देर रात दामू सिंकू की मौत हो गई। मामले को लेकर टोंटो थाना प्रभारी सुकुमार हेंब्रम ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# हजारीबाग के विष्णुगढ़ में बच्ची की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

**एजेंसी। रांची**



हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ में 12 साल की बच्ची की हुई हत्या का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने भीम राम, भगतिन शांति देवी और बच्ची की मां रेशमी देवी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार बच्ची की हत्या अंधविश्वास की वजह से की गई। इससे पहले झारखंड की डीजीपी तादाशा मिश्रा देर रात हजारीबाग पहुंचीं और अनुसंधान की समीक्षा की। इसके बाद पुलिस ने इस बड़े मामले का खुलासा किया। हजारीबाग पुलिस प्रशासन ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद साक्ष्य छुपाने और मामले से ध्यान भटकाने के लिए इसे अलग रंग देने की भरपूर कोशिश की गई। जबकि बच्ची की घटना अंधविश्वास को लेकर की गई। पुलिस के अनुसार विष्णुगढ़ के कुसुंभा गांव में हुई इस घटना की वजह अंधविश्वास है। बच्ची की मां और एक तांत्रिक महिला के क्रूर इरादों की वजह से बच्ची की जान गयी। बच्ची की मां रेशमी देवी अपनी बेटे की बीमारी ठीक कराने के लिए तांत्रिक भगतिनी के झांसे में आ गई। उसका बेटा मानसिक व शारीरिक रुप से कमजोर है। अष्टमी की रात को जब पूरा गांव उत्सव में डूबा था, तब एक घर के भीतर बच्ची की हत्या कर दी गई। बच्ची की मां ने इस घटना को तांत्रिक के कहने पर अंजाम दिया। बच्ची के पिता कई सालों से बाहर काम करते हैं। बच्ची की मां ने इस घटना को भीम राम के सहयोग से अंजाम दिया। भीम राम के सहयोग से ही पहले बच्ची की हत्या की। फिर उसके शव को बगीचे में फेंक दिया। शव के साथ दरिंदगी भी की। हालांकि पोस्टमार्टम में बच्ची के साथ दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। भोला राम पर पहले भी अपनी भाभी की हत्या और एक अन्य व्यक्ति की हत्या करने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने बच्ची की मां और भगतिन शांति देवी को भी गिरफ्तार कर लिया है। विष्णुगढ़ में बच्ची की हत्या की वजह तंत्र-मंत्र था। जिसमें बच्ची की मां, उसका कथित प्रेमी भोला राम और भगतिन शामिल थे। घटना को लेकर डीजीपी तादशा मिश्रा के निर्देश पर हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन की देखरेख में 26 मार्च को एसआईटी बनाई गई। इस टीम का नेतृत्व आईपीएस नागरगोजे शुभम भाउसाहेब को सौंपा गया। एसआईटी टीम में कई वरिष्ठ अधिकारी और थाना प्रभारी शामिल रहे, जिनमें एसआईटी प्रमुख श्री नागरगोजे शुभम भाउसाहेब (आईपीएस), एसडीपीओ विष्णुगढ़ बैद्यनाथ प्रसाद, डीएसपी अनुभव भारद्वाज, डीएसपी प्रशांत कुमार सहित महिला थाना प्रभारी विन्ध्यवासिनी कुमारी सिन्हा समेत कई थानों की पुलिस टीम शामिल रही।

# जेवीएम श्यामली में 11 वीं की प्रवेश परीक्षा संपन्न




**एजेंसी। रांची**

जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम) श्यामली में शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए कक्षा 11 वीं में नामांकन के लिए गुरुवार को द्वितीय चरण (फेज-2) की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। विद्यालय प्रबंधन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति करते हुए बताया कि परीक्षा परिणाम 04 अप्रैल को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। इसके पूर्व 16 मार्च को आयोजित प्रथम चरण (फेज-1) की परीक्षा में भी सीबीएसई बोर्ड के करीब 2000 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जो विद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को दर्शाता है। प्रभारी प्राचार्य बीएन झा ने परीक्षा के सफल संचालन पर संतोष जताते हुए कहा कि जेवीएम केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को निखारने का मंच है। वहीं उप-प्राचार्या अनुपमा श्रीवास्तव ने इसे विद्यार्थियों के सपनों की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम बताया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से आयोजित इस परीक्षा में विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के लिए आईसीएसई, झारखंड बोर्ड सहित देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 1500 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# झारखंड में फिलहाल जारी रहेगा मौसम में उतार-चढ़ाव, छह तक येलो अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में फिलहाल मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। मौसम विभाग की ओर से छह अप्रैल तक राज्य की विभिन्न जिलों में बादल के साथ हल्की बारिश और वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की गई है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार एक तरफ पूर्वी बिहार से उत्तरी मध्य प्रदेश होते हुए झारखंड चुका है। इसके प्रभाव के चलते राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम में परिवर्तन देखने को मिलेगा। नहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य भर के एक दो स्थानों में बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक बारिश रामगढ़ में 5 मिलीमीटर और पाकुड़ जिले के पाकुड़िया में चार मिलीमीटर शामिल है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 38 पॉइंट 8 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 19.5 डिग्री सेल्सियस रिपोर्ट किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा है लेकिन दोपहर बाद बादल छाए रहे। बदल छाने के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं,गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री, डालटेनगंज में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 22.5 डिग्री, बोकारो में 34.5 और 21.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री और 23.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# हाजियों को दी गई विशेष प्रशिक्षण

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



शहर के मानगो स्थित फैजुल उलूम मक्का मस्जिद में गुरुवार को हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण हज तरबियती (प्रशिक्षण) प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह से दोपहर तक चला, जिसमें कुल 56 हाजियों ने भाग लिया और हज यात्रा से जुड़ी आवश्यक जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन मस्जिद कमेटी के जनरल सेक्रेटरी रईस अख्तर खान की सरपरस्ती में किया गया। उनके नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र में हाजियों को हज के विभिन्न अरकान, एहराम बांधने की प्रक्रिया, तवाफ, सई, अराफात में वकूफ, मुजदलिफा और मिना में होने वाले अहम अमल के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही हज यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों और अनुशासन पर भी विशेष जोर दिया गया। इस मौके पर मदरसा फैजुल उलूम के उलमा-ए-कराम भी कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्होंने अपने-अपने अंदाज में हाजियों को दीन की बुनियादी बातों के साथ-साथ हज की रूहानियत और उसकी अहमियत से रूबरू कराया। उलमा ने कहा कि हज इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसे पूरी नीयत, सब्र और अनुशासन के साथ अदा करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान हाजियों को प्रैक्टिकल तरीके से भी कुछ जरूरी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई, जिससे वे हज के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करें। आयोजकों की ओर से सभी प्रतिभागियों के लिए खाने-पीने का भी समुचित इंतजाम किया गया, जिसकी हाजियों ने सराहना की। कार्यक्रम के अंत में दुआ के साथ सभी हाजियों की सुरक्षित, सफल और मकबूल हज यात्रा की कामना की गई। इस अवसर पर मस्जिद कमेटी के सदस्य, स्थानीय गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

## कुएं में गिरा जंगली हाथी, वन विभाग ने शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन

**रांची।** जिले के सोनाहातू थाना क्षेत्र के सारयाद गांव में एक जंगली हाथी कुएं में गिर गया। वन विभाग की टीम हाथी को बाहर निकालने का प्रयास कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाथी भोजन की तलाश में जंगल से भटककर गांव की ओर आ गया था। इसी दौरान वह खुले एक कुएं में गिर गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाथी को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल हाथी सुरक्षित है और उसकी निगरानी की जा रही है। रेस्क्यू ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए जेसीबी मशीन, रस्सियों और अन्य उपकरणों की मदद ली जा रही है। विभाग की ओर से कुएं के आसपास की मिट्टी काटकर रास्ता बनाने या अन्य तकनीकी उपायों पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि हाथी को बिना नुकसान पहुंचाए बाहर निकाला जा सके।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No.:-374666 Building(25-26)#D, Tender Reference No.-.-33/E.E., BCD/BUILDING DIV. Daltonganj/2025-26 कार्य से संबंधित है, के कुछ तिथियों में तकनीकी एवं अपरिहार्य कारण वश संशोधन किया जा रहा हैं जिसका विवरणी निम्नवत है:–

| क्रमांक | मद | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.03.2026 | 04.04.2026 |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 25.03.2026 03:00 PM | 11.04.2026 03:00 PM |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 27.03.2026 3:00 PM | 13.04.2026 3:00 PM |

Nodal Officer
e–Procurement Cell
Building division, daltonganj

PR 376541 Building (26-27)_D

## विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर डे विदआउट डिमांड्स का आयोजन

**पूर्वी सिंहभूम।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन ने सबल–ज्ञानोदय केंद्र में डे विदआउट डिमांड्स का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चों पर किसी भी तरह का दबाव, निर्देश या प्रदर्शन की अपेक्षा नहीं रखी गई। इसके बजाय पूरे वातावरण को इस तरह ढाला गया कि वह बच्चों की संवेदनात्मक, भावनात्मक और संवाद संबंधी जरूरतों के अनुरूप हो। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कागज, रंग और मिट्टी जैसे खुले रचनात्मक साधन दिए गए, जिनमें किसी प्रकार का विषय या निर्देश नहीं था। इस पहल में अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया, ताकि वे अपने बच्चों के व्यवहार और उनकी सहजता को बेहतर तरीके से समझ सकें और घर तथा स्कूल के वातावरण में समन्वय स्थापित कर सकें।

## राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पूर्वी सिंहभूम ने मारी बाजी

**रांची।** जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में गुरुनानक स्कूल, पीपी कंपाउंड में आयोजित दो दिवसीय 18 वीं राज्यस्तरीय जूनियर और यूथ बॉक्सिंग प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। आयोजन में राज्यभर के खिलाड़ियों ने भाग लिया और विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**आम–सूचना सं0 – 02/2026–27**

नगर परिषद बिश्रामपुर में प्रशासक, नगर परिषद्, बिश्रामपुर की अध्यक्षता में आहूत बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में सामान्य बोर करने हेतु बोरवेल रिंग मशीन (बोर करने वाले वाहन मालिक) के वाहन मालिकों/नगरवासियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु सामान्य बोर करने हेतु नगर परिषद्, बिश्रामपुर में शुल्क जमा करा कर अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय के बिना अनुमति के नगर क्षेत्र में बोरिंग करना या कराना नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 के अंतर्गत दण्डीय अपराध है। इस कार्य हेतु सामान्य बोर कराने वाले व्यक्ति को 1000.00 (मो0 एक हजार रूपये मात्र) का शुल्क निर्धारित है। अतएव नगर परिषद्, बिश्रामपुर क्षेत्र में बोरिंग करने/कराने से पूर्व नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है।

वैसे सामान्य बोर करने वाले वाहन मालिक जो बिना अनुमति के बोरिंग करते पाये जाते है, उनपर कारवाई करते हुए सामान्य बोर पर 10000.00 (मो0 दस हजार रूपये मात्र) एवं डीप बोर पर 50,000.00 (मो0 पचास हजार रूपये मात्र) राशि का अर्थदण्ड लगाया जा सकता है।

**निबंधन तिथि :– दिनांक 06.04.2026 से 14.04.2026 तक।**

बोरवेल रिंग मशीन (सरकारी/गैर सरकारी) के निबंधन हेतु नियम एवं शर्तेः–

1. बोरवेल वाहन निबंधन की प्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
2. प्रदुषण से संबंधित कागजात।
3. बीमा से संबंधित कागजात।
4. वाहन मालिक का आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र।
5. वाहन चालक का ड्राइविंग लाइसेंस एवं आधार कार्ड।
6. वाहन मालिक/चालक अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र।
7. निबंधन हेतु 30000/– (मो0 तीस हजार रूपये) का भुगतान कार्यालय के QR Code (भुगतान की छायाप्रति) अथवा डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के नाम से देय होगा, को संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. बोरवेल वाहन के निबंधित समय सीमा वित्तीय वर्ष 2026–27 (31.03.2027) तक मान्य होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर।

PR 376482 (District) 26-27 (D)

## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना – 01/2026–27**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, बिश्रामपुर के अधीन वार्ड सं0 16 के कौशल विकास भवन में स्थित रिक्त दुकान का आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | निकाय का नाम | | रिक्त दुकान संख्या | कुल रिक्त दुकान | वार्षिक न्यूनतम दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non-Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर परिषद्, बिश्रामपुर | कौशल विकास भवन, वार्ड सं0 16 (भूतल) | NPB-01 NPB-02 NPB-03 | 03 | 10800.00 (रू0 900/माह) | 50000.00 | 25000.00 |

1. आवेदन पत्र की बिक्री की तिथि – 06.04.2026 से 13.04.2026 तक।
2. आवेदन बिक्री का स्थान – कार्यालय, नगर परिषद्, बिश्रामपुर।
3. आवेदन पत्र का शुल्क – 15000.00 (पन्द्रह हजार) रू0 मात्र।
4. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि – 06.04.2026 से 14.04.2026 तक।
5. आवेदन जमा करने का स्थान – कार्यालय, नगर परिषद्, बिश्रामपुर।
6. आवेदन के साथ अनिवार्य दस्तावेज – आधार कार्ड, स्थानीय प्रमाण–पत्र एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो।
7. डाक की तिथि व समय – 16.04.2026 को 01:00 अपराह्ण।
8. डाक का स्थान – कार्यालय, नगर परिषद्, बिश्रामपुर का सभागार कक्ष।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर परिषद्, बिश्रामपुर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट,/ https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/Notices.aspx पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 376485 District (26-27)_D

## ई–प्रोक्योरमेन्टसेल
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in

**ई–प्रोक्योरमेन्टनोटिस**

*e-Tender reference no. 01/2026-27/EE/BCD/GARHWA* — *Date-02.04.2026*

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलितराशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाणविपत्र का मूल्य | वेबसाइटमेंई–निविदाप्रकाशन की तिथि | ई–निविदाप्राप्ति की अंतिमतिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | कार्यपूर्णकरने की अवधि | निविदा खोलने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Renovation of Administrative Building, Workshop, Canteen, Generator Room, Boundary Wall, P.C.C. Road in the Campus of ITI Nagar Untari Distt. | ` 2,56,13,100.00 | ` 2,56,200.00 | ` 10,000.00 | 09.04.2026 | 16.04.2026 | 17.04.2026 | 11 माह | ई–प्रोक्योरमेन्टसेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवननिर्माणविभाग, झारखण्ड, राँची, लिंकटेंकरोड, पिन कोड–834001 |

नोटः– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती ळें अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
3. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार होगा। ऑनलाईन माध्यम से किये गये भुगतान की पावति वेबसाइट पर आवश्यक रूप से अपलोड करेंगे।
4. निविदा शुल्क एवंअग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाव देही संबंधित निविदाता की होगी।
5. विस्तृत जानकारी के लिएhttp://jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 376556 Building(26-27)D

## जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा।
**Email ID :- dddogarhwa@gmail.com mob no- 9934529928**

**– चयनित लाभुकों/सूचीबद्ध दुधारू पशुआपूर्तिकर्ता के लिए आवश्यक सूचना –**

निदेशानुसार चयनित लाभुकों जिनके खाते में सरकारी अनुदान की राशि डी0बी0टी के माध्यम से हस्तांतरित कर दी गयी है/सूचीबद्ध दुधारू पशु आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जाता है की वित्तीय वर्श 2025–26 में विभीय राज्यादेश संख्या– 17 रा० (वि०), दिनांकः– 26.08.2025 के द्वारा स्वीकृत योजना मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु स्वयं चयनित लाभुकों को गव्य प्रक्षेत्र अन्तर्गत संस्थागत प्रशिक्षण यथा 06 (छः) दिवसीय प्रशिक्षण/फारमर्श अवेयरनेश कार्यक्रम (APDF) में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। बिना प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र के दुधारू मवेशी का क्रय मान्य नहीं है। अनुरोध है कि प्रशिक्षण प्राप्त चयनित लाभुक प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

निवेदक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,गढ़वा।

PR 376564 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(26-27)D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विधानसभा में डीएमके गठबंधन जीत सकता है 181-189 सीटें : सर्वे

**चेन्नई, एजेंसी।** इसी महीने होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले आए एक बड़े सर्वे ने सत्ताधारी द्रविड़ मुनेड़ कड़गम की अगुवाई वाले गठबंधन को खुश कर दिया है। लोक पोल एजेंसी द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार, मौजूदा मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके सत्ता बरकरार रख सकती है। एजेंसी के एक सर्वे के मुताबिक, 234 सदस्यों वाली विधानसभा में डीएमके गठबंधन 181-189 सीटें जीत सकता है, जबकि उसे कुल 40.1 फीसदी वोट शेयर मिल सकता है।



वहीं, विपक्षी अन्नाद्रमुक की अगुवाई और भाजपा की साझेदारी वाले गठबंधन को निराशा हाथ लगती दिख रही है। सर्वे में कहा गया है कि विपक्षी गठबंधन को 38 से 42 सीटें मिल सकती हैं और उसे 29 फीसदी के करीब वोट मिल सकते हैं। सर्वे में अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी टीवीके को 8 से 10 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। सर्वे के मुताबिक टीवीके का वोट शेयर 23.9 फीसदी रह सकता है, जो बहुत बड़ी बात है।

ताजा सर्वे में उसे 21 से 30 सीटों की बढ़त

यह सर्वे डीएमके और उसके सहयोगियों के लिए एक मज़बूत बढ़त का संकेत देता है, क्योंकि 2021 के चुनावों में डीएमके गठबंधन को 159 सीटें मिली थीं, जबकि एनडीए गठबंधन को 75 सीटें मिली थीं लेकिन ताजा सर्वे में उसे 21 से 30 सीटों की बढ़त मिलती दिख रही है, जबकि अन्नाद्रमुक और उसके गठबंधन को 33 से 37 सीटें कम मिलती दिख रही हैं। एनडीए के वोट शेयर में भी करीब 10 फीसदी का नुकसान होता दिख रहा है। इस सर्वे में टीवीके सहित अन्य क्षेत्रीय दलों को 23.9% समर्थन के साथ 8-10 सीटें मिलने का अनुमान है। एनटीके और अन्य दलों का कोई खास असर पड़ने की संभावना नहीं है, जिनका अनुमानित वोट शेयर क्रमशः 4.9% और 2.1% है।

यह सर्वे 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पहले आया है, जो राज्य के प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं के मूड को दर्शाता है। इस बीच, बुधवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने तिरुचिरापल्ली में एक रैली में दावा किया कि तमिलनाडु में अन्य राज्यों की तरह कोई जातिगत या सांप्रदायिक हिंसा नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमने यहां शांति सुनिश्चित की है, यही कारण है कि यहाँ निवेश आ रहा है। हमने अपनी योजनाएँ जारी कर दी हैं, और सभी वादे जल्द ही पूरे किए जाएँगे।' अन्य राज्यों से तुलना करते हुए उन्होंने आगे कहा, 'तमिलनाडु में कोई जातिगत संघर्ष नहीं है।बीजेपी-शासित राज्यों की तरह कोई सांप्रदायिक दंगे नहीं हैं, उत्तर प्रदेश की तरह भीड़ द्वारा हिंसा नहीं है।

## गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में बनेगा अत्याधुनिक रिसर्च सेंटर, छात्रों को मिलेगा औद्योगिक अनुभव

**नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में जल्द ही अत्याधुनिक रिसर्च सेंटर स्थापित करने की तैयारी शुरू हो गई है। नोएडा प्राधिकरण एक्सीलेंस सेंटर की तर्ज पर यहां स्टेम सेल या सेमी कंडक्टर चिप में से किसी एक क्षेत्र में रिसर्च सेंटर विकसित करने की योजना बना रहा है। प्राधिकरण की इस पहल से विश्वविद्यालय के स्टूडेंट को अत्याधुनिक लैब, रिसर्च सुविधाएं और इंडस्ट्री एक्सपोजर मिलेगा। साथ ही, उन्हें देश और विदेश की कंपनियों के साथ काम करने का अवसर भी प्राप्त होगा। इससे न केवल स्टूडेंट की स्किल डेवलपमेंट होगी बल्कि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। प्राधिकरण सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि प्राधिकरण इस प्रस्ताव को जल्द ही अपनी बोर्ड बैठक में पेश करेगा। बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके आधार पर आगे निर्माण और संचालन की प्रक्रिया शुरू होगी। असल में यमुना सिटी में तेजी से विकसित हो रहे सेमी कंडक्टर पार्क को देखते हुए यह पहल की जा रही है। इस पार्क में कई बड़ी इंडस्ट्रीज के आने की संभावना है, जिससे क्षेत्र में हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग और रिसर्च का माहौल तैयार होगा। ऐसे में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित और कुशल मानव संसाधन की जरूरत को ध्यान में रखते हुए इस रिसर्च सेंटर की योजना बनाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैं रेवती के लिए असल ज़िंदगी में भी बुदबुदाने लगी हूं: मानसी श्रीवास्तव

**मुंबई, एजेंसी।** ज़ी टीवी का फैमिली ड्रामा 'लक्ष्मी निवास' अपने सादगी भरे और दिल से जुड़े अंदाज़ के साथ दर्शकों के बीच खास जगह बना रहा है। शो में मिडिल क्लास परिवार की जिंदगी, रिश्तों और छोटी-छोटी बातों को बहुत ही सच्चाई से दिखाया जा रहा है, जिससे हर किरदार अपने जैसा लगता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ रही है, दर्शक इन किरदारों से और ज्यादा जुड़ते जा रहे हैं। इन्हीं किरदारों में एक नाम है रेवती का, जिसे मानसी श्रीवास्तव निभा रही हैं। एक सीधी-सादी और परिवार का ख्याल रखने वाली गृहिणी, रेवती अपने घर और अपनों की देखभाल में ही खुशी ढूंढती है। उसकी यही सादगी उसे खास बनाती है, लेकिन उसकी एक आदत ने दर्शकों का खास ध्यान खींचा है – उसका हर समय धीरे-धीरे बुदबुदाना। यही प्यारी-सी आदत उसके किरदार में एक अलग-सा आकर्षण जोड़ती है। शो में तो दादी ने उसे प्यार से 'गुनगुनाती गौरी' नाम भी दे दिया है, जो अब दर्शकों के बीच भी यादगार बन गया है। दिलचस्प बात यह है कि रेवती की यह छोटी सी आदत अब मानसी की असल जिंदगी का भी हिस्सा बन गई है। अपने किरदार को पूरी तरह सच्चा दिखाने के लिए मानसी ने खुद भी रोजमर्रा की जिंदगी में बुदबुदाना शुरू कर दिया, ताकि यह आदत एक्टिंग नहीं बल्कि स्वाभाविक लगे।

### बंगाल में फार्म-6 को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में फार्म-6 को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर बड़े पैमाने पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फार्म-6 जमा करने का आरोप लगाते हुए कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, 30 मार्च को चुनाव आयोग के कार्यालय में बड़ी संख्या में फार्म-6 जमा किए गए। तृणमूल का दावा है कि किसी भी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता इस तरह सामूहिक रूप से फार्म जमा नहीं कर सकते। उसने पूरे मामले की जांच की मांग की है। मालूम हो कि फार्म-6 को लेकर मंगलवार को भाजपा व तृणमूल कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई थी। टीएमसी समर्थित बूथ स्तरीय अधिकारियों ने इस मुद्दे को लेकर मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, कोलकाता के बेलेघाटा के एक टीएमसी पार्षद ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर आधी रात को सीईओ कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की। मुख्य चुनाव अधिकारी ने कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सीईओ कार्यालय पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने आरोप लगाया है कि भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में फार्म-6 जमा कर मतदाता सूची में गड़बड़ी कर रहे हैं। पिछले दो दिनों में भाजपा कार्यकर्ता 30,000 से 40,000 फार्म-6 के साथ पकड़े गए हैं।

### हिमाचल में ड्राइविंग टेस्ट और वाहन फिटनेस अब हाईटेक हुई

**शिमला, एजेंसी।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जानकारी दी है कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में सात स्थानों पर स्वचालित परीक्षण केंद्र (एटीएस) स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इन केंद्रों में कांगड़ा, मंडी, बिलासपुर, नालागढ़ और पावंटा में निजी एटीएस तथा हरोली और नादौन में सरकारी एटीएस शामिल होंगे। इन केंद्रों पर वाहन परीक्षण केवल पांच से 10 मिनट में किया जा सकेगा, साथ ही आनलाइन स्लाट बुकिंग जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। उपमुख्यमंत्री ने विधानसभा में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया द्वारा नियम-62 के तहत उठाए गए मामले के उत्तर में यह जानकारी दी। पठानिया ने कहा कि जिला कांगड़ा में केवल एक एटीएस होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं और यातायात बाधित हो रहा है। मुकेश ने कहा कि भविष्य में इसी माध्यम से गाड़ियों की पासिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने राज्य के कार्यों की सराहना करते हुए 100 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की है।

## शिवसेना में बड़ा फेरबदल, नागपुर में संजय निरुपम की एंट्री, तुमाने बाहर, कई दिग्गज नेताओं के हुए तबादले

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (शिंदे गुट) प्रमुख एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण फेरबदल करते हुए विदर्भ क्षेत्र में जिम्मेदारियों का पुनर्वितरण किया है। इस बदलाव के तहत नागपुर-रामटेक क्षेत्र की संगठनात्मक संरचना में बड़ा परिवर्तन किया गया है। पूर्व सांसद व वर्तमान विधायक कृपाल तुमाने का नागपुर-रामटेक लोकसभा क्षेत्र से सीधा संगठनात्मक संबंध समाप्त कर उन्हें चंद्रपुर लोकसभा क्षेत्र का संपर्क प्रमुख बनाया गया है। वहीं नागपुर की जिम्मेदारी पूर्व सांसद संजय निरुपम को सौंपी गई है, जबकि रामटेक लोकसभा क्षेत्र के लिए अनिल कोकील को संपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है। संजय निरुपम इससे पहले भी शिवसेना में रहते हुए नागपुर में संपर्क प्रमुख की भूमिका निभा चुके हैं। उस दौरान उन्होंने विशेष रूप से उत्तर भारतीय समाज को पार्टी से जोड़ने का प्रयास किया था। बाद में आंतरिक मतभेदों के चलते वे कांग्रेस में शामिल हो गए थे। हाल ही में शिंदे गुट में वापसी के बाद उन्हें फिर से नागपुर में संगठन मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि उनके पूर्व कार्यकाल के कई कार्यकर्ता वर्तमान में कांग्रेस में होने से संगठन खड़ा करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, रामटेक क्षेत्र में विधायक एवं वित्त राज्य मंत्री आशीष जायसवाल और कृपाल तुमाने के बीच लंबे समय से चले आ रहे मतभेदों को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किया गया है। इन मतभेदों के कारण स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं में 2 गुट बनने की चर्चा थी। ऐसे में भविष्य में विवाद टालने के उद्देश्य से रामटेक में अनिल कोकील की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा पूर्व विदर्भ के प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे पूर्व मंत्री डॉ. दीपक सावंत को इस पद पर नियमित रूप से नियुक्त किया गया है। उनके अधीन नागपुर, भंडारा और गोंदिया जिले रहेंगे। वहीं वर्धा, चंद्रपुर और गड़चिरोली जिलों के लिए विधायक मनीषा कायंदे को संपर्क प्रमुख बनाया गया है, पश्चिम विदर्भ में अमरावती, अकोला, वाशिम, यवतमाल और बुलढाना जिलों की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री संजय राठौड़ के पास यथावत रखी गई है।

## बस में 'यमराज' से टकराए राहुल गांधी, बोले- हमारी योजना से इनकी नौकरी खतरे में है !

**बालुस्सेरी, एजेंसी।** केरल में होने वाले चुनावों के लिए प्रचार अपने चरम पर है। इसी बीच, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चुनाव प्रचार का एक बेहद दिलचस्प और अनोखा अंदाज देखने को मिला है। अपनी एक बस यात्रा के दौरान राहुल गांधी की मुलाकात साक्षात 'यमराज' से हो गई।

बुधवार को राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर केरल के बालुस्सेरी की अपनी एक बस यात्रा का वीडियो शेयर किया। यह घटना एक दिन पहले की है। इस वीडियो में वह बस में यात्रा करते दिख रहे हैं, तभी हाथ में गदा लिए हुए 'यमराज' (यमराज की वेशभूषा में एक व्यक्ति) उनके पास आता है। दरअसल, यह यूडीएफ (छ्रस्न) गठबंधन द्वारा प्रस्तावित 'ओमान चांडी स्वास्थ्य बीमा योजना' के प्रचार का एक रचनात्मक तरीका था, जिसके तहत केरल के हर परिवार को 25 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया गया है।

राहुल गांधी ने इस मजेदार मुलाकात का जिक्र करते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'कल केरल के बालुस्सेरी में, मेरी मुलाकात एक बस में यमराज से हुई। दुर्भाग्य से, वह मुझे या यूडीएफ के अन्य नेताओं को देखकर बहुत खुश नहीं थे।' उन्होंने आगे चुटकी लेते हुए कहा, 'यूडीएफ की ओमान चांडी स्वास्थ्य बीमा योजना हर परिवार को 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर देने का वादा करती है - इससे यमराज की नौकरी जाने वाली है, लेकिन हम जल्द ही उनके



लिए कोई दूसरी नौकरी ढूंढ लेंगे।' वीडियो में भी 'यमराज' राहुल गांधी से यही कहते हुए नजर आ रहे हैं कि 25 लाख रुपये की इस शानदार बीमा योजना के कारण लोग अब लंबा जीवन जिएंगे, जिससे उनका (यमराज का) काम छिन गया है और वे बेरोजगार हो गए हैं।

इस हल्के-फुल्के अंदाज के पीछे छिपे गंभीर संदेश को समझाते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'हमारा मिशन बहुत सीधा है - केरल के किसी भी परिवार को कभी भी मेडिकल इमरजेंसी के कारण आर्थिक बोझ का सामना न करना पड़े। 25 लाख रुपये के कवरेज के साथ, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी बीमारी किसी परिवार के सम्मान, उसकी जीवन भर की जमा-पूंजी या उसके भविष्य को न छीन पाए। स्वास्थ्य सेवा हर नागरिक का अधिकार है और यूडीएफ इसे हर केरलवासी के लिए सच बनाने के लिए यहां है।'

इस स्वास्थ्य बीमा योजना के अलावा, यूडीएफ ने केरल की जनता से 'पांच इंदिरा गारंटी' के तहत कई और बड़े वादे किए हैं।

**स्वास्थ्य बीमा:** पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के नाम पर हर परिवार के लिए 25 लाख रुपये तक का हेल्थ कवर।

**महिलाओं के लिए मुफ्त सफर:** केरल राज्य परिवहन की बसों में सभी महिलाओं के लिए यात्रा बिल्कुल मुफ्त।

**छात्राओं को आर्थिक मदद:** कॉलेज जाने वाली लड़कियों को हर महीने 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता।

**पेंशन में बढ़ोतरी:** कल्याणकारी पेंशन की राशि को बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रति माह करना।

**ब्याज मुक्त ऋण:** छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त लोन। आपको बता दें कि केरल में 9 अप्रैल को मतदान होना है, जबकि चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। इस बीच, यूडीएफ का यह रचनात्मक प्रचार अभियान मतदाताओं का ध्यान अपनी ओर खींचने में काफी हद तक कामयाब होता दिख रहा है।

## वर्धा के किसानों की बल्ले-बल्ले ! 2 लाख से ज्यादा ने बनवाया 'फार्मर आईडी'

**वर्धा , एजेंसी।** कृषि विभाग और स्थानीय प्रशासन ने किसानों को उनके कृषि लाभ सुनिश्चित करने के लिए फार्मर आईडी बनवाने का अभियान तेज कर दिया है। यह कदम केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। जिला स्तर के आंकड़ों के अनुसार कुल 2,25,481 खाता धारक किसानों में से अब तक 2,02,852 किसानों ने अपना फार्मर आईडी बनवा लिया है।

यह पहचान पत्र किसानों के लिए कई योजनाओं में प्रमाणिकरण की आवश्यकता को समाप्त करेगा और सरकारी सहायता को तेज़ी से उपलब्ध कराएगा। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, फार्मर आईडी के माध्यम से किसानों को फसल बीमा, पीक कर्ज, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और अन्य कृषि अनुदान सीधे उपलब्ध होंगे।

जिन किसानों के पास फार्मर आईडी नहीं होगी, उन्हें इन लाभों से वंचित रहना पड़ सकता है। इसलिए विभाग ने किसानों से समय रहते फार्मर आईडी बनवाने का आग्रह किया है। कृषि विभाग का कहना है कि यह योजना किसानों के लिए एक महत्त्वाकांक्षी कदम है। अब किसानों को बार-बार अलग-अलग योजनाओं के लिए प्रमाणपत्र जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। एक बार फार्मर आईडी बन जाने के बाद सभी सरकारी लाभ सीधे उनके खाते में पहुंचेंगे। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे अग्रिस्टैक योजना के तहत



अपना सातबारा आधार लिंक कराएं और जल्द से जल्द फार्मर आईडी बनवाएं। सरकारी सहायता को तेजी से उपलब्ध कराएगा किसानों को कृषि अनुदान सीधे उपलब्ध होंगे सभी सरकारी लाभ सीधे उनके खाते में पहुंचेंगे इससे न केवल उनकी योजनाओं में सुविधा होगी, बल्कि उन्हें समय और प्रयास की बचत भी होगी। फार्मर आईडी के माध्यम से किसान अब अपनी खेती से जुड़े लाभों का सीधा और आसान लाभ उठा सकेंगे। यह डिजिटल पहल किसानों के लिए सहूलियत और पारदर्शिता लाने का मार्ग प्रशस्त करती है।

## सरकार की हताशा सबके सामने, राहुल गांधी को विधेयक पर बोलने का अवसर नहीं दे रही सरकार: मणिकम टैगोर

**चेन्नई , एजेंसी।** तमिलनाडु के विरुधुनगर से कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर बी. ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संसद में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक पर बोलने का अवसर न देने का आरोप लगाया है। मणिकम टैगोर बी. ने एक्स पर लिखा है, 'सरकार की हताशा अब सबके सामने आ चुकी है। हमारे सीएपीएफ कर्मियों के अधिकारों और गरिमा को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण विधेयक लोकसभा में जल्दबाजी में पेश किया जा रहा है। ठीक उसी समय जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी पूर्व नियोजित चुनावी रैलियों के लिए असम में हैं। ये रैलियां काफी पहले घोषित कर दी गई थीं। तैयारियां पहले ही पूरी हो चुकी थीं। जनसभाएं भी निर्धारित थीं और अचानक विधेयक आज के लिए सूचीबद्ध है।' कांग्रेस सांसद ने केंद्र सरकार से विधेयक जल्दबाजी में पेश करने को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा, 'यह जल्दबाजी क्यों? निष्पक्ष और पूर्ण बहस से क्यों बचा जा रहा है? विपक्ष के नेता को हमारे जवानों को प्रभावित करने वाले मुद्दे पर बोलने का अवसर क्यों नहीं दिया जा रहा है? यह संयोग नहीं है। यह सोची-समझी संसदीय रणनीति है।' मणिकम टैगोर ने सोशल साइट एक्स पर लिखा, 'अपने निर्णयों पर आश्वस्त सरकार बहस से नहीं डरती। न्याय के प्रति प्रतिबद्ध सरकार असहमति की आवाजों की अनुपस्थिति में जल्दबाजी में कानून नहीं बनाती। यह विधेयक पहले ही गंभीर संवैधानिक चिंताएं पैदा करता है।



अदालतों के फैसलों को दरकिनार करना, सीएपीएफ अधिकारियों के साथ निष्पक्षता से इनकार करना और संस्थागत संतुलन को कमजोर करना। अब, जानबूझकर जांच-पड़ताल को कम करके इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। भारत बेहतर का हकदार है। हमारी सेनाओं को निष्पक्षता मिलनी चाहिए। संसद को ईमानदारी मिलनी चाहिए।'

विधेयक, 2026 को लेकर एक पत्र भी एक्स पर पोस्ट किया है। जिसमें लिखा है, 'अमित शाह प्रस्ताव करते हैं कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में समूह ए जनरल ड्यूटी अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की भर्ती और सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाले सामान्य नियमों व इन बलों से संबंधित अन्य नियमों और उनसे संबंधित या आनुषंगिक मामलों को विनियमित करने वाले विधेयक, जैसा कि राज्यसभा द्वारा पारित किया गया है, पर विचार किया जाए।'

## रामपुर एसपी की विदाई पर फूट-फूटकर रोईं कई महिला सिपाही

**रामपुर , एजेंसी।** पुलिस विभाग में तबादले एक सामान्य प्रक्रिया हैं। इस दौरान अफसरों को जाते समय विदाई दी जाती है। लेकिन कुछ विदाई ऐसी होती हैं जो वर्षों तक याद रखी जाती हैं। रामपुर के निवर्तमान पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की विदाई के समय पुलिस लाइन में एक ऐसा ही भावुक नजारा देखने को मिला। विदाई समारोह के दौरान जब एसपी ने विदा लेने के लिए हाथ मिलाना शुरू किया तो वहां मौजूद महिला सिपाहियों की आंखों से आंसू छलक पड़े। कई महिला सिपाही तो फूट-फूटकर रोने लगीं। यह नजारा देख पुलिस कप्तान भी भावुक हो गए। विद्यासागर मिश्र को पीएसी का सेनानायक बनाकर सीतापुर भेजा गया है।

रामपुर पुलिस लाइन में आयोजित विदाई समारोह में एसपी विद्यासागर मिश्र के कार्यकाल की सराहना की गई। जैसे ही उनके सम्मान में विदाई गीत बजना शुरू हुआ और उन्होंने अधिकारियों व मातहतों से हाथ मिलाना शुरू किया, माहौल गमगीन हो गया। अनुशासन और कड़क छवि के पीछे उनके मानवीय व्यवहार का असर ऐसा था



कि कई महिला सिपाही उन्हें जाता देख फूट-फूटकर रोने लगीं। पुलिसकर्मियों का कहना था कि उन्होंने हमेशा एक मुखिया की तरह सबका ध्यान रखा।

एसपी ने जताया आभार, सहकर्मियों ने फूलों से विदा किया

अपनी विदाई के संबोधन में एसपी विद्यासागर मिश्र ने कहा कि रामपुर के लोगों और पुलिस बल से उन्हें जो सहयोग और स्नेह मिला, उसे वह कभी भूल नहीं पाएंगे। उन्होंने पुलिसकर्मियों को पूरी निष्ठा के साथ जनता की सेवा करने का संदेश दिया। विदाई की रस्म के दौरान, पुलिस अधिकारियों ने उनकी गाड़ी को फूलों से सजाया और परंपरा के अनुसार रस्सी से खींचकर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

इससे पहले पुलिस कप्तान की जिला जज से मुलाकात के दौरान भी माहौल भावुक हो गया था। विदाई से एक दिन पूर्व जिला जज भानू देव शर्मा ने पुलिस कप्तान को गले लगाया और शुभकामनाएं दीं। मंगलवार को आयोजित औपचारिक विदाई समारोह में भी जिला जज ने एसपी मिश्र को सम्मानपूर्वक विदाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यासागर मिश्र के नेतृत्व में जिले की कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रही और आमजन में सुरक्षा व विश्वास की भावना बढ़ी। उन्होंने एसपी की कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि गले मिलकर दी गई शुभकामनाएं उनके प्रति सम्मान का प्रतीक हैं।

## नोएडा स्मार्ट मीटर घोटाला: बिना ओटीपी लगे मीटर, एक नंबर पर आ रहे कई बिल

**नोएडा, एजेंसी।** आपका स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा तो लगा, लेकिन बिना आपकी जानकारी के पड़ोसी का नंबर डाल दिया। अब उसी नंबर पर तीन-तीन बिल, मीटर अपडेट और बैलेंस खत्म होने का मैसेज भी नहीं आ रहा। बिजली गुल हुई तो पता ही नहीं चला। उपभोक्ता चक्कर काट रहे हैं, लेकिन निगम और एजेंसी दोनों हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। मैसर्स इनटेलीस्मार्ट प्रा. लि. को जिले में स्मार्ट मीटर लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कंपनी ने बिना मोबाइल नंबर वेरिफिकेशन, बिना ओटीपी के हजारों मीटर लगा दिए। निगम ने भी इंस्टॉलेशन के समय कोई जांच नहीं की। स्मार्ट मीटर लोगों के लिए परेशानी बनते जा रहे हैं। मीटर लगने के एक महीने बाद अचानक बिजली चली गई या बिल नहीं आया तो छानबीन शुरू की। तब पता चला कि एक नंबर पर कई उपभोक्ताओं के मीटर लगा दिए गए। पड़ोसी का नंबर बिना पूछे डाल दिया गया। बैलेंस कम होने का अलर्ट तो किसी को नहीं पहुंच रहा। जिले में अब तक 40 हजार से ज्यादा प्रीपेड मीटर लग चुके हैं। हजारों मीटर में इस तरह की गड़बडी की गई हैं। इसमें निगम और एजेंसी की लापरवाही साफ है। एक उपभोक्ता ने बताया मेरा मीटर लगा तो लगा, लेकिन बिल पड़ोसी के नंबर पर आ रहा है। मैंने बैलेंस डाला, फिर भी अलर्ट नहीं आया। बिजली कट गई तो पता चला। अब तीन बिल एक साथ आ रहे हैं। किसका बिल और किसका मीटर है कुछ समझ नहीं आ रहा। नंबर किसी और का दर्ज होने से ओटीपी नहीं मिल रहा है।इससे बिल डाउनलोड नहीं हो रहा है। मीटर में बैलेंस कम या खत्म होने का मैसेज अलर्ट भी नहीं रहा है। बैलेंस कम होने या खत्म होने का मैसेज उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच रहा। निगम और कंपनी दोनों इस समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। नंबर त्रुटियों को लेकर हजारों उपभोक्ता परेशान हैं। हल का प्रयास निगम और एजेंसी की ओर से कम नजर आ रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## युद्ध की आंच लोगों की जेब तक पहुँची

ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद जिस तरह दुनिया भर में कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हुई है, उसकी वजह से वैश्विक पैमाने पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। ऐसे में भारत में भी यह चुनौती खड़ी है कि इस समस्या के बीच आम लोगों को राहत देने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उपजे संकट का असर जैसे-जैसे अपने पांव पसारता जा रहा है, वैसे-वैसे यह साफ हो रहा है कि इसकी सबसे गंभीर मार आम लोगों पर पड़ने वाली है। बाजार में जिस तेजी से वस्तुओं की कीमतें चढ़नी शुरू हो गई हैं, उसमें बहुत सारे लोगों के लिए रोजमर्रा की जरूरी चीजों की खरीदारी करते हुए यह सोचने की जरूरत आ खड़ी हुई है कि युद्ध कब खत्म होगा और सामान्य स्थिति कब बहाल होगी। खासतौर पर पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर जिस तरह के हालात पैदा हुए हैं, उसमें स्थिति को सामान्य बनाए रखना सरकार की सबसे अहम प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दिशा में एक कदम उठाते हुए सरकार ने पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में दस-दस रुपए की कटौती की। यों इससे केवल तेल कंपनियों को राहत मिलेगी, लेकिन यह उम्मीद भी की जा सकती है कि फिलहाल आम लोगों के लिए उपलब्ध होने वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रह सकती हैं।हालांकि ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद जिस तरह दुनिया भर में कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हुई है, उसकी वजह से वैश्विक पैमाने पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। ऐसे में भारत में भी यह चुनौती खड़ी है कि इस समस्या के बीच आम लोगों को राहत देने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। उत्पाद शुल्क में कटौती से खुले बाजार में पेट्रोल और डीजल के दाम को स्थिर रखने में मदद जरूर मिल सकती है, लेकिन अभी असली समस्या उपलब्धता की है। देश भर से ऐसी खबरें आई हैं कि पेट्रोल-डीजल के लिए लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। संकट ज्यादा गहराने की आशंका में पेट्रोल-डीजल की अतिरिक्त खरीदारी करने को लेकर भी एक तरह की होड़ देखी गई है।

## बच्चों को क्यों जकड़ रहा है सोशल मीडिया का जाल

आज के दौर में लगभग हर हाथ में स्मार्टफोन है और सस्ते इंटरनेट की सुविधा ने आभासी दुनिया तक पहुंच को आसान बना दिया है। इसका सबसे ज्यादा और गहरा असर बच्चों एवं किशोरों पर पड़ रहा है। इसमें दो राय नहीं कि सोशल मीडिया के आने से सूचना का प्रवाह तेज हुआ है, सार्वजनिक अभिव्यक्ति के नए अवसर खुले हैं और रचनात्मकता के प्रदर्शन को भी नया मंच मिला है। मगर सतर्कता और सावधानी न बरती जाए, तो कई बार तकनीक की सुविधा भी असुविधा बन जाती है।सोशल मीडिया को लेकर भी इसी तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। खासकर बच्चों और किशोरों पर इसका नकारात्मक प्रभाव ज्यादा देखने को मिल रहा है। अभी तक माना जा रहा था कि बच्चों का सोशल मीडिया पर बेरोक-टोक ज्यादा समय बिताने से वे इसके आदी हो रहे हैं, जिसका न केवल उनकी पढ़ाई पर असर पड़ रहा है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी पैदा हो रही हैं।मगर अमेरिका की एक अदालत की ओर से हाल में दिए गए फैसले में कहा गया कि बच्चों में सोशल मीडिया के इस्तेमाल की बढ़ती प्रवृत्ति के लिए संबंधित कंपनियां भी जिम्मेदार हैं। इन मंचों के डिजाइन में ऐसी खामियां हैं, जिसकी वजह से बच्चों को इनकी लत लग जाती है।गौरतलब है कि आज के दौर में लगभग हर हाथ में स्मार्टफोन है और सस्ते इंटरनेट की सुविधा ने आभासी दुनिया तक पहुंच को आसान बना दिया है। इसका सबसे ज्यादा और गहरा असर बच्चों एवं किशोरों पर पड़ रहा है। सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से उनमें चिंता, अवसाद, नींद की कमी और एकाग्रता में कमी जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं।इसी के मद्देनजर अमेरिका में मेटा और गूगल के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से दलील दी गई कि सोशल मीडिया मंचों को तकनीकी तौर पर इस तरह से तैयार किया गया है कि वे बच्चों को इसके बार-बार इस्तेमाल के लिए ललचाते हैं।

*जब अस्पताल रियायती जमीन लेते समय गरीबों के इलाज का वायदा करते हैं, तो वह केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि लाभ तो निजी अस्पताल उठा रहे हैं और दायित्व निभाने से बच रहे हैं। यही स्थिति बीमा क्षेत्र में भी दिखाई देती है, जहां पॉलिसी बेचते समय बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं, लेकिन क्लेम के समय छोटी-छोटी तकनीकी वजहों से दावे खारिज कर दिए जाते हैं।*

## बीमा सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफे का जाल

**(ललित गर्ग)**

यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसे नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है।बीमा का मूल उद्देश्य जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करना है। यह व्यवस्था व्यक्ति को बीमारी, दुर्घटना या अन्य संकटों के समय आर्थिक सहारा देती है। परंतु आज के दौर में यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटकती हुई दिखाई दे रही है। विशेषकर स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में जो जटिलताएं, अपारदर्शिता और मनमानी देखने को मिल रही है, उसने आमजन के विश्वास को गहरी चोट पहुंचाई है। बीमा, जो सुरक्षा का माध्यम होना चाहिए था, वह कई बार शोषण का उपकरण बनता जा रहा है। वर्तमान समय में चिकित्सा सेवाओं की लागत अत्यधिक बढ़ चुकी है। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लाखों में पहुंच जाता है। सरकार के द्वारा रियायती मूल्यों पर उपलब्ध कराई भूमि पर बने अस्पताल आज गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा एक आवश्यक सुरक्षा कवच के रूप में उभरता है। बीमा कंपनियां भी इसी भय और भविष्य की अनिश्चितता का उपयोग कर लोगों को पॉलिसी खरीदने के लिए प्रेरित करती हैं। लेकिन वास्तविक समस्या तब सामने आती है जब बीमा धारक को उसकी जरूरत होती है। दावों के निपटान के समय कंपनियां अनेक तकनीकी कारणों, शर्तों और अपवादों का हवाला देकर भुगतान से बचने का प्रयास करती हैं। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावे हर वर्ष खारिज कर दिए जाते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अक्सर देखा गया है कि पॉलिसी लेते समय ग्राहकों को शर्तों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। जटिल भाषा में लिखे गए नियम और शर्तें आम व्यक्ति की समझ से बाहर होती हैं। परिणामस्वरूप, जब दावा प्रस्तुत किया जाता है, तो उन्हीं शर्तों को आधार बनाकर भुगतान रोक दिया जाता है। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संभावित गठजोड़ भी है। कई मामलों में अस्पताल अत्यधिक बिलिंग करते हैं और बीमा कंपनियां कम भुगतान करती हैं, जिससे मरीज को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है। कई बार तो ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जहां अस्पताल बकाया राशि के कारण मरीज के शव को तक रोक लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है। यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसे नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर इनकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठते रहे हैं। नियामक तंत्र की निष्क्रियता या सीमित हस्तक्षेप के कारण बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सबसे पहले बीमा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। पॉलिसी दस्तावेजों को आम भाषा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि एक सामान्य व्यक्ति भी उसकी शर्तों को समझ सके। इसके साथ ही, बीमा एजेंटों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए कि वे ग्राहकों को पूरी और सही जानकारी दें। गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। दूसरा महत्वपूर्ण कदम है- दावा निपटान प्रक्रिया का सरलीकरण। बीमा दावों के लिए एक मानकीकृत और समयबद्ध प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए। यदि कोई दावा खारिज किया जाता है, तो उसके स्पष्ट और उचित कारण बताए जाएं। इसके लिए एक स्वतंत्र अपीलीय तंत्र भी होना चाहिए, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सके और उसे त्वरित न्याय मिल सके। तीसरा, अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उपचार की लागत को नियंत्रित करने के लिए एक मानक दर प्रणाली लागू की जा सकती है। इससे अनावश्यक बिलिंग और वित्तीय शोषण पर रोक लगेगी। साथ ही, कैशलेस उपचार की सुविधा को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाया जाना चाहिए ताकि मरीज को तत्काल आर्थिक राहत मिल सके। चौथा, सरकार को इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। एक राष्ट्रीय स्तर की निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए, जो बीमा कंपनियों और अस्पतालों की गतिविधियों पर नजर रखे। समय-समय पर ऑडिट और जांच के माध्यम से अनियमितताओं को उजागर किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पांचवां, बीमा साक्षरता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बीमा की शर्तों, अधिकारों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। विशेष रूप से गरीब और अशिक्षित वर्ग के लिए सरल मार्गदर्शिका और सहायता केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। निश्चित तौर पर बीमा व्यवसाय को केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा जाना चाहिए। जब तक इस क्षेत्र में नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक आमजन का विश्वास बहाल नहीं हो सकता। आज आवश्यकता इस बात की है कि बीमा प्रणाली को पुनर्गठित कर उसे जनहितकारी बनाया जाए। सरल प्रक्रियाएं, स्पष्ट नियम, सशक्त नियामक तंत्र और जागरूक उपभोक्ता-ये चार स्तंभ ही बीमा क्षेत्र को उसकी वास्तविक दिशा में ले जा सकते हैं। यदि समय रहते इन सुधारों को लागू नहीं किया गया, तो बीमा का यह महत्वपूर्ण साधन आम आदमी के लिए सुरक्षा के बजाय संकट का कारण बना रहेगा। चिकित्सा और बीमा-दोनों ही ऐसे क्षेत्र हैं जो मूलतः मानव जीवन की सुरक्षा, राहत और सेवा से जुड़े हुए माने जाते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि आज ये दोनों क्षेत्र आमजन के लिए सबसे अधिक जटिल, महंगे और अविश्वसनीय होते जा रहे हैं। एक ओर रियायती जमीन पर बने निजी अस्पताल गरीबों को मुफ्त इलाज देने के अपने दायित्व से बचते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य बीमा के नाम पर बीमा कंपनियां ऐसी शर्तें और प्रक्रियाएं थोप देती हैं कि जरूरत के समय मरीज को बीमा का लाभ मिलना कठिन हो जाता है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संवेदनहीन व्यवस्था का प्रतीक बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के रियायती जमीन पर बने अस्पतालों को नोटिस जारी करना केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने जैसा है।

## वैश्विक संकट के दौर में वैश्विक पर्यटन उद्योग

**(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)**

वर्तमान दौर में दुनिया के चौधरी बने देशों को यह समझ लेना चाहिए कि अब वह जमाना गया जब हफ्ते दो हफ्ते में युद्ध का फैसला हो जाया करता था। आज छोटा से छोटा देश भी युद्ध को लंबा खींचने की कुब्बत रखता है। इसे हम रुस यूक्रेन युद्ध से अच्छी तरह से समझ सकते हैं।अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के साइड इफेक्ट के रुप में दुनिया का पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। एक मोटे अनुमान के अनुसार 152 करोड़ पर्यटकों से गुलजार रहने वाला वैश्विक पर्यटन उद्योग के वैश्विक हालातों के चलते वर्तमान हालातों में मंदी से भी अतिमंदी के दौर से गुजरने की संभावना से नहीं नकारा जा सकता। वैसे तो सभी देशों में पर्यटन उद्योग पर विपरीत असर पड़ने जा रहा है पर सबसे अधिक असर मध्यपूर्व के देशों में देखा जा सकता है। जानकारों के अनुसार अकेले मध्यपूर्व को ही 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान भुगतना पड़ सकता है। दुनिया में सबसे अधिक पर्यटक फ्रांस की धरती पर जाते है और माना जाता है कि 9 से 10 करोड़ पर्यटक तो फ्रांस का रुख करते हैं। जहां तक भारत का प्रश्न है हमारे यहां भी लगभग 2 करोड़ विदेशी पर्यटक देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का रुख करते हैं। पर युद्ध के वैश्विक हालातों के चलते विश्व के अन्य देशों की तरह से भारत के भी विदेशी पर्यटकों की आवाही पर विपरीत प्रभाव पड़ना ही है। एक सकारात्मक पक्ष यह देखा जा सकता है कि भारत और दुनिया के देशों में देशी पर्यटकों की संख्या में उछाल के चलते इस उद्योग को संजीवनी अवश्य मिलती लगती है। वर्तमान दौर में दुनिया के चौधरी बने देशों को यह समझ लेना चाहिए कि अब वह जमाना गया जब हफ्ते दो हफ्ते में युद्ध का फैसला हो जाया करता था। आज छोटा से छोटा देश भी युद्ध को लंबा खींचने की कुब्बत रखता है। इसे हम रुस यूक्रेन युद्ध से अच्छी तरह से समझ सकते हैं। अमेरिका ने भी जब ईरान पर आक्रमण किया तो ट्रंप का कायास यही था कि दो चार दिन में ईरान के घुटने टिकवा देंगे पर ट्रंप और नेतन्याहू के सारे कयास धरे के धरे रह गए और इनके चक्कर में दुनिया अस्थिरता और वैश्विक संकट में और आ गई। आज हालात यह हो गए हैं कि युद्ध तो आप शुरु कर सकते हो पर युद्ध शुरु होने के बाद कब बंद होगा यह आपके हाथ में नहीं रहेगा। युद्ध के चलते अब हालात ऐसे हो गए है कि चाह कर भी पर्यटक घूमने का रुख नहीं कर पा रहे हैं। केवल और केवल ट्रंप के दादागिरी पूर्ण रवैये के चलते दुनिया की देशों की जीडीपी में करीब 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी निभाने वाला पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। होटल और ट्रेवल उद्योग से जुड़ी एजेंसियां के सामने बड़ा संकट आ गया है तो दुनिया के देशों और संस्कृतियों से जुड़ने और समझ कर एक दूसरे के नजदीक आने की जो पहल पर्यटन उद्योग के चलते हुई थी उस पर लगभग विराम के से हालात होते जा रहे हैं। 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का पर्यटन उद्योग आज संकट के दौर में आ गया है। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो थाईलैंड की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी पर्यटन उद्योग की है और वह लगातार दूसरे साल गंभीर संकट के दौर में आ गई है। जैसे तैसे पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हजार डॉलर प्रतिदिन के लग्जरी कमरों की कीमत घटकर 300 डॉलर तक कर देने के बाद भी पर्यटक रुख नहीं कर रहे हैं।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6049


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 3 | 2 | | |
| 9 | | | | | | 1 | 7 | |
| 8 | 4 | | | 1 | | 6 | | 9 |
| | | | | 2 | 5 | | | |
| 2 | 6 | | | | | | 8 | 3 |
| | | | 7 | 6 | | | | |
| 1 | | 3 | | 7 | | | 2 | 4 |
| | 9 | 7 | | | | | | 6 |
| | | 8 | 4 | | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6048

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 6050



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. बांग्लादेश के उत्तरी भाग में ब्रह्मपुत्र नदी का यह नाम है (3)
4. देश के सबसे गहरे खंडों का निर्माण करने वाली नदी (3)
7. रस्म, रीति, प्रथा, चलन (3)
8. जो असत्य हो, जा उचित न हो (3)
9. ज्वालामुखी से निकलने वाला विस्फोटक पदार्थ (2)
12. जिसके साथ आत्मीयता का संबंध न हो, अन्य (2)
13. नया जमाना, नवीन दुनिया (4)
17. लिखा हुआ, अंकित (2)
18. आंतकनभूमि, भय, डर (4)
20. घोड़े पर खेला जाने वाला गेंद और बल्ले का एक प्रकार का खेल, पोलो (3)
21. धेनू, गौ (2)
22. पथ, मार्ग, रास्ता (2)
23. दफा, मर्तबा, मद्यशाला (2)
24. प्रातःकालीन का अर्धप्रकाश, प्रकाश की किरण (1)

**ऊपर से नीचे**
1. एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु देना (5)
2. औषधि, उपचार, चिकित्सा (2)
3. विशिष्ट किंतु अज्ञात बात, घटना का विवरण (3)
4. शास्त्रीय संगीत में एक रागिनी जो मेघराग की पुत्रवधू कही गई है (3)
5. दंगा-फसाद उपद्र, बगावत (3)
6. दुर्व्यसन, बुरी आदत, कुटेव (2)
10. कोई ऐसी घटना जिसमें कोई अपराध हुआ हो (4)
11. मननशील, महात्मा, मनन करने वाला (2)
14. ईद की नमाज पढ़ने का स्थान (4)
15. दुष्ट व्यक्ति जिसकी भूमिका खल व्यक्ति की हो (3)
16. स्मरण रहने योग्य, स्मरणीय (4)
19. घोड़े को यह भी कहा जाता है (2)
20. चबूतरा, चबूतरे के रूप में बनी हुई वास्तु रचना (2)

### वर्ग पहेली 6049 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | रो | जि | नी | ना | य | डू | |
| दा | म | न | | गा | | रं | |
| ब | | | शै | | गं | ड | क |
| हा | द | सा | | सु | | क | जा |
| र | ह | म | दि | ल | | प | रा |
| | न | | ल | ह | र | | |
| का | शी | | ब | | ई | शा | न |
| ज | ल | च | र | | स | न | म |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन राहत और खुशी लेकर आएगा। लंबे समय से अटका हुआ पैसा आज आपको मिलेगा। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी, जो भविष्य में फायदेमंद साबित हो सकती है। आज आपको करियर में नए अवसर मिलेंगे। आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आय के नए स्रोत बनेंगे और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिलेगा।

### वृष
आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अनावश्यक खर्च आपकी चिंता बढ़ा सकते हैं, लेकिन समझदारी से स्थिति संभाली जा सकती है। कार्यक्षेत्र में आप आज विरोधियों से सावधान रहे। निवेश करने से पहले सोच-समझकर निर्णय लें। तनाव और गुस्से पर नियंत्रण रखना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

### मिथुन
आज का दिन कामकाज के लिहाज से अच्छा रहेगा। आज आपको संपत्ति से जुड़े मामलों में सफलता मिलने की उम्मीद है। साथ ही दोस्तों की मदद से आपके कई काम पूरे होंगे। वहीं वैवाहिक जीवन में भी सुधार के संकेत हैं। करियर में नए ऑफर मिलेंगे।

### तुला
आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। काम में आपकी मेहनत रंग लाएगी। आज आपकी प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी, जो भविष्य के लिए लाभदायक साबित होगी। आय के नए स्रोत बनेंगे और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिलेगा।

### वृश्चिक
आज का दिन सामान्य रहेगा। आप अपने अधूरे काम पूरे करने में व्यस्त रहेंगे। हालांकि, लापरवाही से नुकसान हो सकता है। आय के नए स्रोत बनेंगे और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिलेगा। इसलिए आप थोड़ा सतर्क रहें। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी और जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

### धनु
आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। रुके हुए काम की वजह से भागदौड़ बनी रहेगी। साथ ही मन में अनावश्यक चिंताएं आपको परेशान कर सकती हैं। परिवार में गुस्से के कारण छोटी-छोटी बातों पर विवाद हो सकता है, ऐसे में आप थोड़ा संयम रखें। करियर के लिहाज से आपका दिन व्यस्त रहेगा, लेकिन कई स्रोतों से धन लाभ के योग बन रहे हैं।

### कर्क
आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। रुका हुआ पैसा मिलने के योग हैं। निवेश से लाभ हो सकता है। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। करियर में नए अवसर मिल सकते हैं, खासकर नौकरी या इंटरव्यू से जुड़े मामलों में सफलता मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

### सिंह
आज थोड़ा सतर्क रहे। कार्यक्षेत्र में तनाव की स्थिति बन सकती है, इसलिए विवादों से दूर रहना बेहतर होगा। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। रिश्तों में सुधार के लिए संवाद जरूरी है। आय के नए स्रोत बनेंगे और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिलेगा।

### कन्या
आज का दिन अच्छा रहेगा। करियर में तरक्की के संकेत हैं। जिसमें परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल है। व्यापार में बड़ी डील से लाभ हो सकता है। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### मकर
आज का दिन पहले से अच्छा रहेगा। आज आपकी खर्चे बढ़ सकते हैं, लेकिन अच्छी आमदनी की वजह से संतुलन बना रहेगा। परिवार में खुशी और सकारात्मक माहौल रहेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिलेगा। करियर में पुरानी गलतियों को सुधारने का मौका मिलेगा।

### कुंभ
आज का दिन अनुकूल रहेगा। सामाजिक कार्यों में भाग लेने से सम्मान मिलेगा। परिवार का सहयोग बना रहेगा। लेकिन घरेलू मामलों में सतर्क रहने की जरूरत है। आय के नए स्रोत बनेंगे और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिलेगा। करियर में लापरवाही से बचें और अपने काम पर फोकस बनाए रखें।

### मीन
आज का दिन थोड़ा सावधानी भरा रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी रह सकती है। ऐसे में अपनी बातचीत में थोड़ा संयम रखें। करियर और व्यापार सामान्य रहेंगे, लेकिन नए आय स्रोत खुल सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें और परिवार में तालमेल बनाए रखें। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# मैच जीतना शतक बनाने से कहीं ज्यादा बेहतर एहसास देता है, रिजवी की पारी पर बोले पीटरसन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने युवा बल्लेबाज समीर रिजवी की जमकर तारीफ की है। बुधवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के अपने पहले मैच में रिजवी ने 47 गेंदों पर नाबाद 70 रन बनाकर दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ छह विकेट से शानदार जीत दिलाई।

पिछले साल डीसी के साथ मेंटर के तौर पर काम करने वाले पीटरसन ने बताया कि उन्होंने पिछले सीजन में रिजवी को बहुत करीब से देखा था और इस भारतीय बल्लेबाज के हुनर ??से काफी प्रभावित हुए थे। उन्होंने डीसी मैनेजमेंट से गुजारिश की कि वे रिजवी का साथ देते रहें और वह मैच जिताने वाली पारियां खेलकर इसका बदला चुकाएंगे।

पीटरसन ने जियो हॉटस्टार से कहा, उन्होंने हालात के हिसाब से बहुत ही शानदार बल्लेबाजी की और मुझे इसमें कोई हैरानी नहीं हुई। मैंने पिछले सीजन में समीर के साथ काफी समय बिताया था और उन्हें बहुत करीब से देखा था। उन्होंने एक वार्म-अप मैच में शतक भी बनाया था, लेकिन बदकिस्मती से टूर्नामेंट के पहले हाफ में उन्हें टीम में जगह नहीं मिल पाई थी। हालांकि जब सीजन के बाद के हिस्से में उन्हें मौका मिला, तो उन्होंने दिखा दिया कि उनमें कितना दम है। हर किसी ने उनकी तरफ देखा और कहा, यह लड़का एक जबरदस्त खिलाड़ी है, और हमें शायद कुछ समय तक इस पर भरोसा बनाए रखना चाहिए।




उन्होंने आगे कहा, जब आप किसी युवा खिलाड़ी पर भरोसा करते हैं, तो आपको यह विश्वास होना चाहिए कि वह खिलाड़ी आपके भरोसे पर खरा उतरेगा, और उसने इस मैच में ठीक वैसा ही किया है। उसने दबाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। जब आप किसी बड़े मैच में, खासकर आईपीएल के पहले मैच में अपनी टीम को जीत दिलाते हैं तो ऐसे हालात में जब माहौल काफी तनावपूर्ण हो, हर किसी की नजर आप पर हो, और आप शुरुआती 11 खिलाड़ियों में शामिल न हों तो उस मैच को जीतने का एहसास, किसी हाई-स्कोरिंग मैच में सिर्फ शतक बनाने से कहीं ज्यादा बेहतर होता है।

पीटरसन ने दिल्ली कैपिटल्स के कोच के उस फैसले का भी समर्थन किया, जिसमें उन्होंने अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर से पहले ट्रिस्टन स्टब्स को बल्लेबाजी के लिए भेजा था। इंग्लैंड के इस पूर्व ओपनर के मुताबिक मिलर एक फिनिशर के तौर पर सबसे ज़्यादा असरदार साबित होते हैं, जबकि स्टब्स टेस्ट क्रिकेट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी) दबाव को बेहतर तरीके से झेल सकते हैं।

उन्होंने कहा, यह कोई बहुत मुश्किल फ़ैसला नहीं है। ट्रिस्टन स्टब्स नंबर तीन पर टेस्ट बैटर हैं। आपको ऐसे किसी खिलाड़ी की जरूरत होती है जो नई गेंद का सामना कर सके, जिसका डिफेंस सचमुच मजबूत हो, और जो दबाव झेल सके। डेविड मिलर एक व्हाइट-बॉल खिलाड़ी, एक फिनिशर, और ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जिन्हें आप मैच के उस मोड़ पर बल्लेबाजी के लिए भेजना चाहेंगे।

## तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने केएल राहुल का विकेट लेकर बनाया बड़ा रिकॉर्ड



**लखनऊ (एजेंसी)।** बुधवार को लखनऊ में हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के अपने पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच के दौरान एलएसजी के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक ऐसा बड़ा कमाल किया जो आईपीएल के 18 साल के इतिहास में किसी और गेंदबाज ने नहीं किया है। जब दिल्ली ने लखनऊ के के खिलाफ 142 रनों के लक्ष्य हासिल करने की शुरूआत की तो शमी ने पहली ही गेंद पर ओपनर केएल राहुल को आउट कर दिया। इस विकेट के साथ शमी टूर्नामेंट के इतिहास में ऐसे पहले गेंदबाज बन गए जिन्होंने 5 बार मैच की पहली ही गेंद पर विकेट लिया है।

### आईपीएल के इतिहास में पहली गेंद पर सबसे ज्यादा विकेट

5 – मोहम्मद शमी
3 – प्रवीण कुमार
3 – उमेश यादव
3 – ट्रेंट बोल्ट
3 – लसिथ मलिंगा
3 – भुवनेश्वर कुमार
3 – अशोक डिंडा
3 – पैट कमिंस

समीर रिजवी ने इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट के तौर पर आकर अपनी प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन किया जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शुरुआती झटकों के बावजूद 6 विकेट से आसान जीत हासिल की और आईपीएल में अपनी जीत की शुरुआत की। 142 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने शुरुआती 5 ओवरों में ही 26 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन टी नटराजन की जगह आए रिजवी (47 गेंदों पर 70 रन, नाबाद) ने अनुभवी ट्रिस्टन स्टब्स (32 गेंदों पर 39 रन, नाबाद) के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 119 रनों की अटूट साझेदारी की और सिर्फ 17.1 ओवरों में ही टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले, स्स्त्र ने बल्लेबाजी में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन किया और कुछ गलत रणनीतिक फैसलों के चलते 18.4 ओवरों में सिर्फ 141 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

आईपीएल 2026

# आज पंजाब किंग्स के खिलाफ धोनी पर रहेगी सबकी नजर

## प्रैक्टिस नेट्स में लौटे धोनी



**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए राहत भरी खबर सामने आई है, जहां टीम के दिग्गज खिलाड़ी एमएस धोनी चोट के बाद प्रैक्टिस नेट्स में लौट आए हैं। उनकी वापसी के संकेतों ने फैंस की उम्मीदें बढ़ा दी हैं और अब सबकी नजर आगामी बड़े मुकाबले पर टिकी है, जहां धोनी मैदान पर वापसी कर सकते हैं। हालांकि उनकी फिटनेस को लेकर अंतिम फैसला अभी बाकी है। अब सीएसके का अगला मैच 3 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ है और सभी की नजर इस मैच पर टिकी है। धोनी की नेट्स में वापसी के बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या वह इस मैच में खेल सकते हैं। हालांकि टीम मैनेजमेंट कैल्फ इंजरी को देखते हुए कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगा।

**कंट्रोल्ड नेट सेशन में की बल्लेबाजी –** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में धोनी नेट्स में बल्लेबाजी करते दिखे, जहां उन्होंने डिफेंसिव शॉट्स के साथ कुछ बड़े शॉट्स भी लगाए। हालांकि यह पूरी मैच सिमुलेशन प्रैक्टिस नहीं थी, बल्कि वह धीरे-धीरे अपनी लय हासिल करने की कोशिश करते दिखे। इससे साफ है कि टीम मैनेजमेंट उनकी वापसी को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता।

**पहले मैच में दिखी धोनी की कमी –** सीजन के पहले मैच में राजस्थान के खिलाफ ष्टस्य्र की टीम सिर्फ 127 रन ही बना सकी थी। टीम को सबसे ज्यादा कमी एक अनुभवी फिनिशर की खली। जेमी ओवर्टन ने 43 रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन पारी में वह ठहराव और फिनिश नहीं दिखा जो आमतौर पर धोनी देते हैं।

### अनुभव बनाम फिटनेस - बड़ा फैसला

धोनी आईपीएल के सबसे सफल फिनिशरों में से एक हैं और उनके आंकड़े इसे साबित करते हैं। उन्होंने आईपीएल में 5400 से ज्यादा रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी शानदार है। लेकिन उनकी फिटनेस को देखते हुए सीएसके उन्हें शुरुआत में बतौर स्पेशलिस्ट बल्लेबाज भी खिला सकती है।

### अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं

धोनी की वापसी को लेकर अभी तक सीएसके की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। फिलहाल उनका नेट्स में लौटना एक सकारात्मक संकेत जरूर है, लेकिन उनकी वापसी पूरी तरह मेडिकल क्लीयरेंस पर निर्भर करेगी।

## दूध बेचने से लेकर गोल्ड मेडल तक

### जम्मू-कश्मीर के पहलवान हमाम हुसैन की संघर्ष भरी है कहानी



**अंबिकापुर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलवान हमाम हुसैन की कहानी मेहनत, संघर्ष और सपनों की मिसाल है। जब वह कुश्ती की प्रैक्टिस नहीं कर रहे होते, तब अपने बड़े भाई के साथ घर-घर दूध पहुंचाने का काम करते हैं। पिता की पांच साल पहले मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी दोनों भाइयों पर आ गई थी, जिसके बाद उनके बड़े भाई को कुश्ती छोड़कर दूध बेचने का काम करना पड़ा।

### 14 साल की मेहनत के बाद मिला पहला गोल्ड

हमाम हुसैन ने आखिरकार खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में पुरुष 79 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर अपने 14 साल के करियर का पहला राष्ट्रीय स्वर्ण पदक हासिल किया। फाइनल में उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मोहित कुमार को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। यह जीत उनके लंबे संघर्ष और मेहनत का नतीजा है।

### गांव से 40 किमी दूर जाकर करते हैं प्रैक्टिस

सीमित सुविधाओं के बावजूद हमाम ने कभी हार नहीं मानी। वह अपने गांव से करीब 20 किलोमीटर दूर मिट्टी के अखाड़े में अभ्यास करते हैं और मैट प्रैक्टिस के लिए लगभग 40 किलोमीटर दूर जम्मू जाना पड़ता है। इतनी कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने अपने सपने को जिंदा रखा और लगातार मेहनत करते रहे।

### बिना पर्सनल कोच के की तैयारी

हमाम के पास कोई पर्सनल कोच नहीं है। गांव के अखाड़े में सीनियर पहलवान ही उन्हें ट्रेनिंग देते हैं और जब वह मैट पर प्रैक्टिस करने जाते हैं, तब वहां कोच की मदद मिलती है।

7 महीने से टीम से बाहर थे, बोर्ड ने कॉन्ट्रैक्टरिन्यू नहीं किया

# साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज रासी डुसेन ने संन्यास लिया

**केपटाउन (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के दिग्गज मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज रासी वैन डर डुसेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने साल 2026-27 के सीजन के लिए उनके सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को रिन्यू नहीं किया गया था, जिसके बाद 37 साल के खिलाड़ी ने यह फैसला लिया। डुसेन पिछले 7 महीनों से नेशनल टीम का हिस्सा नहीं थे और उन्होंने अपना आखिरी मैच अगस्त 2025 में खेला था।

उन्होंने गुरुवार सुबह इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके यह जानकारी दी। घरेलू टीम लायंस के लिए वे खेलते रहेंगे, फ्रैंचाइजी क्रिकेट में भी हिस्सा लेंगे। डुसेन ने लिखा,भारी मन के साथ मैं इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। प्रोटियाज की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है।

### वनडे में डिविलियर्स के बाद सबसे शानदार औसत

रासी वैन डर डुसेन का वनडे करियर बेहद प्रभावी रहा। उन्होंने 71 वनडे मैचों में करीब 52 की औसत से रन बनाए, जो साउथ अफ्रीका के इतिहास में महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ औसत है।

उन्होंने अपने करियर में 6 शतक और 17 अर्धशतक जड़े। खास बात यह रही कि 2019 में अपने डेब्यू के बाद शुरुआती 9 मैचों में ही उन्होंने 5 फिफ्टी लगाकर अपनी जगह पक्की कर ली थी।



- **डिविलियर्स की वापसी पर खुलकर रखी थी राय–** 2019 वर्ल्ड कप के दौरान जब एबी डिविलियर्स ने संन्यास से वापसी की पेशकश की थी, तब डुसेन ने इस मुद्दे पर बेबाकी से अपनी बात रखी थी। उन्होंने स्वीकार किया था कि अगर डिविलियर्स वापस आते, तो इसका सीधा असर उनके चयन पर पड़ता। उस खराब वर्ल्ड कप अभियान में भी डुसेन साउथ अफ्रीका के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। इसके बाद 2023 वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भी वे टीम के टॉप स्कोरर में शामिल रहे।
- **टेस्ट में नहीं लगा सके एक भी शतक–** जहां व्हाइट बॉल क्रिकेट (वनडे और टी–20) में डुसेन का दबदबा रहा, वहीं टेस्ट क्रिकेट में उनकी कहानी कुछ अधूरी सी रही। उन्होंने 18 टेस्ट मैचों में 6 अर्धशतक लगाए और एक बार 98 रन पर आउट होकर शतक से चूक गए। 2021–22 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद उन्हें टेस्ट टीम से ड्रॉप कर दिया गया था और उसके बाद उन्होंने कोई फर्स्ट क्लास मैच भी नहीं खेला।
- **अब मेंटर की भूमिका में नजर आएंगे डुसेन–** संन्यास के बाद डुसेन अपनी घरेलू टीम लायंस के लिए खेलना जारी रखेंगे और दुनिया भर की टी–20 लीग्स (जैसे एसए20 में एमआई केप टाउन) में सक्रिय रहेंगे। उन्होंने कहा कि अब उनका लक्ष्य अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों को सिखाना और उन्हें मेंटर करना है।

## बोर्ड ने नहीं दी मंजूरी, आरसीबी खिलाड़ी नुवान थुशारा ने आईपीएल खेलने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया



**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान थुशारा ने गुरुवार को मौजूदा आईपीएल में खेलने के अपने अधिकार सुरक्षित करने के लिए कोर्ट से आदेश की मांग की। यह कदम उन्होंने तब उठाया जब देश के क्रिकेट बोर्ड ने 'फिटनेस टेस्ट में फेल होने' के कारण उन्हें 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' देने से इनकार कर दिया। इस 31 वर्षीय तेज गेंदबाज का रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ कॉन्ट्रैक्ट है, ने कोलंबो जिला कोर्ट में एक केस दायर किया है। इसमें उन्होंने कोर्ट से श्रीलंका क्रिकेट को एनओसी जारी करने का निर्देश देने वाले आदेश की मांग की है। इस मामले की सुनवाई 9 अप्रैल को तय की गई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार 2022 से अब तक अपने देश के लिए 30 टी20 अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुके इस खिलाड़ी ने कोर्ट में दलील दी है कि एलएससी के साथ उनका कॉन्ट्रैक्ट 31 मार्च को खत्म हो गया था और उनकी इसे आगे बढ़ाने की कोई इच्छा नहीं थी।

# न्यूजीलैंड का विमेंस वनडे में सबसे बड़ा रनचेज

## भारत का रिकॉर्ड तोड़ा, केर ने 179 रन बनाए

वेलिंग्टन (एजेंसी)न्यूजीलैंड ने विमेंस वनडे का सबसे बड़ा रनचेज कर लिया। टीम ने दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 विकेट से जीत हासिल की। अमेलिया केर की नाबाद 179 रन की पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने 348 रन का लक्ष्य 49.4 ओवर में 8 विकेट खोकर हासिल किया और सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। वेलिंग्टन में बुधवार को न्यूजीलैंड ने भारत का रिकॉर्ड तोड़ दिया। विमेंस वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में इंडियन विमेंस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट खोकर 341 रन का टारगेट हासिल किया था।

### इसाबेला की पारी ने मैच पलटा

348 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सूजी बेट्स जल्दी आउट हो गईं। इसके बाद अमेलिया केर ने पारी संभाली और जॉर्जिया प्लिमर के साथ 52 रन की साझेदारी की ।मिडिल ओवर्स में टीम का स्कोर 130/4 हो गया था और मैच साउथ अफ्रीका की पकड़ में दिख रहा था। तभी केर को इसाबेला गेज का साथ मिला, जिन्होंने 48 गेंद में 68 रन बनाकर मैच का रुख बदल दिया। दोनों के बीच 120 रन की तेज साझेदारी हुई।

### साउथ अफ्रीका ने 346 रन बनाए थे

इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 346/6 रन बनाए थे। लौरा वोलवार्ट और एनेके बोश ने दूसरे विकेट के लिए 132 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अंत में क्लो ट्रायन ने 25 गेंद में नाबाद 52 रन बनाकर स्कोर 347 तक पहुंचाया।

### केर ने 23 चौके लगाए

अमेलिया केर ने 139 गेंद में नाबाद 179 रन बनाए, जिसमें 23 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। उन्होंने पहले पारी को संभाला और फिर तेजी से रन बनाते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। आखिर में केर ने ही चौका लगाकर मैच खत्म किया और टीम को यादगार जीत दिलाई।



### विलियम्स ने टीम इंडिया के लिए छोड़ी ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता

**कोच्चि (एजेंसी)** भारतीय फुटबॉल के लिए एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर का हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ मैच एक खास पल का गवाह बना। भारत ने मैच 2–1 से जीतकर टूर्नामेंट में अपना सफर खत्म किया। यह भारत की प्रतियोगिता में पहली और कोच्चि के मैदान पर भी पहली जीत रही। भारत की ओर से रयान विलियम्स (4′) और आकाश मिश्रा (50′) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलियाई मूल के 32 वर्षीय रयान इस मैच में भारत के लिए डेब्यू कर रहे थे।

## एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का जलवा

### आदित्य की 5-0 से धमाकेदार जीत

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** मंगोलिया के उलानबटार में चल रही एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में भारत के स्टार बॉक्सर आदित्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में सऊदी अरब के मौसा अलहवसाव को 5–0 से हराकर अगले दौर में जगह बना ली है। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य ने पूरे मुकाबले में अपनी तकनीक और नियंत्रण का बेहतरीन प्रदर्शन किया और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही अब उनका अगला मुकाबला उजबेकिस्तान के अब्दुल्लोह मादामिनोव से होगा, जिसे काफी कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। आदित्य ने इस मुकाबले में शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और अपने प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने अपने पंचों की सटीकता और रिंग में मूवमेंट के दम पर मुकाबले को पूरी तरह नियंत्रित रखा। इससे पहले भी वह जनवरी में आयोजित 9वीं एलीट मेंस नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं और उसी लय को यहां भी बरकरार रखा है। इस चैंपियनशिप में भारत ने पहले दिन से ही शानदार शुरुआत की थी। महिला 54 किलोग्राम वर्ग में प्रीति पवार ने कजाकिस्तान की एलिना बाजारोवा को 5–0 से हराया। वहीं पुरुष 70 किलोग्राम वर्ग में दीपक ने उजबेकिस्तान के खवासबेक असदुल्लाएव को कड़े मुकाबले में 3–2 से मात दी और अपनी क्षमता का परिचय दिया। दूसरे दिन भी भारतीय मुक्केबाजों का दबदबा जारी रहा। महिला 60 किलोग्राम वर्ग में प्रिया ने कजाकिस्तान की रिम्मा वोलोसेंको को 5–0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं पुरुष 55 किलोग्राम वर्ग में जादुमणि सिंह ने जापान के रुई यामागुची के खिलाफ कड़ा मुकाबला खेला, लेकिन वह 2–3 के करीबी फैसले में हार गए।

तीसरे दिन भी भारत का प्रदर्शन शानदार रहा, जहां विश्वनाथ सुरेश और सचिन ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। विश्वनाथ ने पुरुष 50 किलोग्राम वर्ग में किर्गिस्तान के बेकजात एरगेशोव को 5–0 से हराया, जबकि सचिन ने 60 किलोग्राम वर्ग में मंगोलिया के बायंदालाई बायारखू को 4–1 से हराकर अपनी जगह पक्की की।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### सुरक्षा के मद्देनज़र बैंक चेकिंग अभियान तेज

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से जिला भर में बैंक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान संभावित आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम और आमजन के वित्तीय हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संचालित किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न बैंकों का निरीक्षण कर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और कार्यक्षमता की बारीकी से जांच की गई। साथ ही बैंक लॉकर की सुरक्षा व्यवस्था का भी आकलन किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की चूक की संभावना को समय रहते दूर किया जा सके। अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश भी साझा किए। उन्हें सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और किसी भी असामान्य स्थिति की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सलाह दी गई। पुलिस का यह अभियान जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### ओबरा थाना क्षेत्र से एनबी वारंटी गिरफ्तार

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** औरंगाबाद जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के क्रम में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ओबरा थाना क्षेत्र से एक एनबी वारंटी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ओबरा थाना पुलिस द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी को विधि-सम्मत प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसे अभियानों को आगे भी जारी रखा जाएगा, ताकि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके और जिले में कानून का राज कायम रहे।

### लूट कांड में शामिल टॉप-10 कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात अपराधी राकेश कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह लूट कांड में संलिप्त था और लंबे समय से पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। पुलिस के अनुसार, राकेश कुमार सिंह के खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा। बताया जा रहा है कि आरोपी लूट समेत कई संगीन वारदातों में शामिल रहा है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ था। उसकी गिरफ्तारी से पुलिस ने न केवल एक बड़े अपराधी को पकड़ा है, बल्कि जिले में अपराध नियंत्रण की दिशा में अहम सफलता हासिल की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और पुलिस उसके नेटवर्क तथा अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी हुई है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

---

स्थानीय लोगों ने जवान के सम्मान में तिरंगा यात्रा भी निकाली

# सीआरपीएफ जवान की संदिग्ध मौत

निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)



जवान की फाइल फोटो

जिले के फेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरिमल गांव के रहने वाले सीआरपीएफ जवान चंदन कुमार की छत्तीसगढ़ के सुकमा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना की खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीण भी गहरे सदमे में हैं। गुरुवार को जब जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव बरिमल पहुंचा, तो अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। "चंदन कुमार अमर रहें" के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। स्थानीय लोगों ने जवान के सम्मान में तिरंगा यात्रा भी निकाली, जिससे माहौल भावुक और देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया।

इसके बाद पूरे राजकीय सम्मान के साथ गांव के श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने उन्हें अंतिम सलामी दी। सबसे मार्मिक क्षण तब आया जब उनके महज तीन साल के बेटे अंश ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। यह दृश्य देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। चंदन कुमार के परिवार पर पहले से ही दुखों का साया रहा है। उनके पिता अरुण मेहता की मौत वर्ष 2001 में सड़क-रेल दुर्घटना में हो गई थी। तीन भाइयों में सबसे बड़े चंदन ही परिवार का सहारा थे और उन्होंने ही पूरे परिवार की जिम्मेदारी संभाल रखी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंदन कुमार की बहाली वर्ष 2017 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में हुई थी। वर्ष 2019 में उनका विवाह हुआ था। उनके परिवार में पत्नी, एक छोटा बेटा और एक बेटी हैं। उनकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। छोटे-छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है, जबकि पत्नी और अन्य परिजन गहरे सदमे में हैं। हालांकि, जवान की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। परिजन भी इस संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं दे पा रहे हैं और विभागीय स्तर पर भी अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। फिलहाल, पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और हर कोई इस दुखद घटना से व्यथित है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आखिर चंदन कुमार की मौत के पीछे की वास्तविक वजह क्या थी, ताकि इस रहस्य से पर्दा उठ सके।

## सड़क हादसे में मजदूर की मौत



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार मजदूर की मौत हो गई। घटना नगर थाना क्षेत्र स्थित एनएच-19 पर रतनुवा पेट्रोल पंप के पास हुई, जहां किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के देवहरा गांव निवासी राम जी महतो के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभ में मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन एंबुलेंस कर्मियों ने बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर उनके घर का पता लगाया और इसकी सूचना जम्होर थाना को दी।

सूचना मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह उन्हें संभालने की कोशिश की। परिजनों के अनुसार, राम जी महतो रोज की तरह मजदूरी करने औरंगाबाद आए थे। काम खत्म कर जब वह वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

परिजनों ने सरकार से दुर्घटना राहत कोष के तहत मुआवजे की मांग की है। राम जी महतो अपने परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। उनके निधन से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। अब उनके इकलौते बेटे मनीष पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी आ गई है। मनीष बाहर एक कंपनी में मजदूरी करता है, जबकि उनके पिता गांव में रहकर काम करते थे। दोनों की कमाई से ही परिवार का भरण-पोषण होता था।

---

गैस सिलेंडर की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित

# एलपीजी को लेकर स्थिति सामान्य, पर्याप्त स्टॉक होम डिलीवरी को मिला पुलिस का सहयोग

- आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल की कुल 37 गैस एजेंसियां सक्रिय



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि मिडिल ईस्ट में युद्ध की स्थिति को लेकर फैल रही आशंकाओं के बावजूद जिले में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह नियंत्रण में है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि जिले में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की कुल 37 गैस एजेंसियां सक्रिय हैं। वर्तमान में जिले में 11,150 एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं, जबकि प्रतिदिन औसतन 6,478 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है। फिलहाल 2 से 3 दिनों का बैकलॉग है, जिसे शीघ्र समाप्त करने के लिए प्रयास जारी हैं।

होम डिलीवरी व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रत्येक डिलीवरी वाहन के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही मोटरसाइकिल के माध्यम से भी पुलिस सहयोग प्रदान कर रही है। इस पहल से गैस एजेंसियों के गोदामों पर भीड़ में कमी आई है और व्यवस्था सामान्य हो रही है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने लोगों से अपील की कि गैस बुकिंग के बाद अनावश्यक रूप से एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं। सभी उपभोक्ताओं को घर बैठे गैस उपलब्ध कराई जा रही है। विशेष रूप से वृद्ध और जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता देने के निर्देश सभी एजेंसियों को दिए गए हैं। प्रशासन ने 24×7 संचालित नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया है, जहां शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। साथ ही क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप का गठन कर लगातार स्थिति की निगरानी की जा रही है। 1 अप्रैल 2026 को आयुक्त स्तर पर भी समीक्षा बैठक कर आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया गया। ईंधन की उपलब्धता को लेकर भी प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की है। जिले में आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के लगभग 115 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जहां पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के विस्तार पर भी जोर दिया जा रहा है। वर्तमान में 40 क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है। अब तक 1,513 घरेलू उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन मिल चुका है, जबकि 13 वाणिज्यिक संस्थानों में भी यह सुविधा शुरू हो चुकी है और 11 अन्य में प्रक्रिया जारी है। अंत में जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही ईंधन की बुकिंग करें। प्रशासन द्वारा सभी प्रकार के ईंधन—एलपीजी, पीएनजी, पेट्रोल और डीजल—की आपूर्ति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

---

# एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए घर-घर गैस डिलीवरी, पुलिस निगरानी में वितरण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में एलपीजी उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार अब गैस सिलेंडर की आपूर्ति होम डिलीवरी के माध्यम से सीधे उपभोक्ताओं के घरों तक सुनिश्चित की जा रही है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को अनावश्यक भीड़ और परेशानी से बचाना तथा गैस वितरण को अधिक व्यवस्थित बनाना है। मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, खासकर मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव को लेकर एलपीजी की उपलब्धता को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। हालांकि जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। प्रशासन लगातार गैस एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर स्थिति की निगरानी कर रहा है, ताकि आपूर्ति श्रृंखला बाधित न हो।

इस पूरी व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के लिए पुलिस बल की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की गई है। गैस सिलेंडर की डिलीवरी करने वाले प्रत्येक वाहन के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है, वहीं मोटरसाइकिल के माध्यम से भी पुलिस कर्मी वितरण कार्य में सहयोग कर रहे हैं। इससे न केवल वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है, बल्कि गैस एजेंसियों के गोदामों पर लगने वाली भीड़ में भी उल्लेखनीय कमी आई है। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गैस बुकिंग कराने के बाद एजेंसियों पर जाकर लाइन लगाने से बचें। सभी उपभोक्ताओं को उनके घर तक गैस पहुंचाई जा रही है। विशेष रूप से वृद्ध, दिव्यांग और जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी संबंधित एजेंसियों को दिए गए हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, जिला प्रशासन ने लोगों को यह भी आगाह किया है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। गलत सूचनाएं न केवल भ्रम की स्थिति पैदा करती हैं, बल्कि व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे केवल आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें।

## पीएचसी में आशा कार्यकर्ता का निधन, मिलेगा चार लाख मुआवजा

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)



जिले के गोह प्रखंड से एक दुखद खबर सामने आई है, जहां प्राणपुर गांव की आशा कार्यकर्ता इंदु देवी का गुरुवार सुबह निधन हो गया। बताया जा रहा है कि उनकी मौत हृदय गति रुकने के कारण हुई। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 8 बजे इंदु देवी अचानक अचेत होकर गिर पड़ीं। इसके बाद परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल गोह पीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिवशंकर प्रसाद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में उनकी मृत्यु का कारण हृदय गति रुकना पाया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि इंदु देवी वर्ष 2008 से गोह पीएचसी में आशा कार्यकर्ता के रूप में सेवाएं दे रही थीं और स्वास्थ्य सेवाओं में उनका योगदान सराहनीय रहा है। मृतका अपने पीछे पति विनोद साव, दो पुत्र श्रीकांत कुमार और अंकित कुमार, तथा दो पुत्रियां अंजली कुमारी और अर्चना कुमारी को छोड़ गई हैं। घटना के बाद परिजन शव को अपने घर ले गए, जहां अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सरकार द्वारा आशा कार्यकर्ताओं के लिए निर्धारित प्रावधान के तहत इंदु देवी के आश्रितों को 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि उनके परिवार को इस कठिन समय में आर्थिक सहारा देने के उद्देश्य से दी जाएगी।

## कुटुंबा थाना क्षेत्र में अवैध शराब पर कार्रवाई, 48 लीटर देशी शराब जब्त



निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)

जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुटुंबा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम कासीमपुर में छापेमारी कर 48 लीटर देशी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार, इलाके में अवैध शराब के निर्माण और भंडारण की सूचना मिलने के बाद टीम ने तत्परता दिखाते हुए छापेमारी की। इस दौरान मौके से बड़ी मात्रा में देशी शराब जब्त की गई। हालांकि, छापेमारी के दौरान शराब कारोबार से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए, जिनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

पुलिस ने जब्त शराब को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। कुटुंबा थाना की इस कार्रवाई को जिले में अवैध शराब कारोबार पर नकेल कसने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। औरंगाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

## हत्या मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास, कोर्ट का सख्त फैसला

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय ने हत्या के एक चर्चित मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार की अदालत ने गुरुवार को माली थाना कांड संख्या-27/24 (एसटीआर-670/24) में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। लोक अभियोजक अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले के एकमात्र अभियुक्त हरिश कुमार शेखर उर्फ टट्ठु को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही अदालत ने उस पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जो पीड़िता को दिया जाएगा। अदालत ने अभियुक्त को धारा 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत पांच वर्ष की सजा और दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। बताया गया कि कोर्ट ने 24 मार्च 2026 को ही अभियुक्त को दोषी करार दे दिया था। इस मामले में एक अन्य अभियुक्त कुणाल पांडेय का मामला अलग कर दिया गया है, जिसकी सुनवाई 7 अप्रैल को निर्धारित है।

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही के अनुसार, इस मामले की प्राथमिकी मृतक कमलेश पांडेय की पत्नी संजू देवी ने 6 फरवरी 2024 को दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि आपसी रंजिश के कारण उनके पति की खेत में काम करने के दौरान सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद से ही अभियुक्त हरिश कुमार शेखर न्यायिक हिरासत में था। उसे पटना हाईकोर्ट से भी जमानत नहीं मिली थी। अब सजा सुनाए जाने के बाद उसे पुनः जेल भेज दिया गया है। इस फैसले को जिले में कानून व्यवस्था और न्याय प्रणाली की सख्ती के रूप में देखा जा रहा है, जिससे अपराधियों में स्पष्ट संदेश गया है कि गंभीर अपराधों पर कठोर कार्रवाई तय है।

लोकसभा में गूंज़ा चिटफंड घोटालों का मुद्दा

# अभय कुशवाहा ने गरीब निवेशकों के दो लाख करोड़ लौटाने की उठाई मांग

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




औरंगाबाद के सांसद एवं राजद संसदीय दल के नेता अभय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को लोकसभा के शून्यकाल के दौरान सहारा, शारदा और रोज़ वैली जैसी चिटफंड कंपनियों से जुड़े बड़े घोटालों का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कंपनियों ने देश के करोड़ों गरीब निवेशकों के साथ बड़े पैमाने पर वित्तीय ठगी की है और उनकी जीवनभर की जमा पूंजी हड़प ली है। सांसद ने कहा कि ठेला चलाने वाले, फेरी करने वाले, छोटे दुकानदार और मजदूर जैसे कमजोर तबके के लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई इन योजनाओं में निवेश की थी, लेकिन उन्हें ठगा गया। उन्होंने दावा किया कि इन सभी घोटालों को मिलाकर करीब 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि गरीबों से ठगी गई है। उन्होंने मांग की कि सेबी-सहारा खाते में जमा 25 से 30 हजार करोड़ रुपये की राशि को तत्काल पात्र निवेशकों में वितरित किया जाए, ताकि वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान उन्होंने सरकार की जवाबदेही पर भी सवाल खड़े किए। सांसद ने कहा कि अब तक राज्यवार कोई स्पष्ट डेटा उपलब्ध नहीं है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि किस राज्य के निवेशकों का कितना पैसा फंसा हुआ है। उन्होंने कहा कि जब तक डेटा पारदर्शी नहीं होगा, तब तक जवाबदेही तय करना संभव नहीं है। सांसद ने इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि सभी प्रभावित निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए एक निश्चित समय-सीमा तय की जानी चाहिए। साथ ही पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए संसदीय निगरानी समिति के गठन की आवश्यकता है। उन्होंने चिटफंड घोटालों से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। अंत में उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक नुकसान का मामला नहीं है, बल्कि गरीबों के विश्वास के साथ किया गया विश्वासघात है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक हर निवेशक को उसका हक नहीं मिल जाता, तब तक यह लड़ाई सड़क से संसद तक जारी रहेगी।

## कमजोर गवाह साक्ष्य केंद्र में पहली बार दर्ज हुआ बयान, न्याय प्रणाली में अहम पहल



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद में न्याय व्यवस्था को अधिक संवेदनशील और पीड़ित-हितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संरक्षण में हाल ही में स्थापित कमजोर गवाह साक्ष्य केंद्र (भीडब्ल्यूडीसी) में गुरुवार को पहली बार एक कमजोर साक्षी का बयान दर्ज किया गया। अदालती सूत्रों के अनुसार, यह बयान अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-1) की देखरेख में दर्ज किया गया। इसके लिए विशेष रूप से सुरक्षित, बाल-मैत्रीपूर्ण और तकनीकी रूप से सुसज्जित वातावरण तैयार किया गया था, ताकि साक्षी बिना किसी भय या दबाव के अपना पक्ष रख सके। यह केंद्र खास तौर पर उन साक्षियों के लिए बनाया गया है, जो मानसिक रूप से संवेदनशील स्थिति में होते हैं, जैसे बच्चे या यौन अपराधों के पीड़ित। यहां ऐसी व्यवस्था की गई है कि साक्षी को अभियुक्त के सामने सीधे उपस्थित हुए बिना ही बयान देने का अवसर मिलता है।

इससे उनकी गरिमा, गोपनीयता और मानसिक सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इस पहल के माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि गवाह बिना किसी डर, धमकी या दबाव के न्यायिक प्रक्रिया में भाग ले सकें। इससे न केवल न्याय तक उनकी पहुंच आसान होती है, बल्कि निष्पक्ष सुनवाई की प्रक्रिया भी मजबूत होती है। यह व्यवस्था भारत का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप लागू की गई है, जिसमें देशभर में ऐसे केंद्रों की स्थापना और प्रभावी उपयोग पर बल दिया गया है।

---

# अनुग्रह मध्य विद्यालय के 36 छात्रों ने एससीईआरटी परीक्षा में मारी बाजी, मॉडल स्कूल में होगा नामांकन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




शहर स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय के छात्रों ने शिक्षा के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के आठवीं कक्षा के 36 बच्चों ने बिहार शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस परीक्षा के माध्यम से राज्य के मॉडल स्कूलों में नामांकन दिया जाता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का सफल होना विद्यालय में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उन्होंने बताया कि सभी सफल छात्र अब बिहार सरकार द्वारा स्थापित अत्याधुनिक मॉडल स्कूलों में कक्षा 9 में सीधे नामांकित होंगे, जहां उन्हें बेहतर शैक्षणिक संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह प्रवेश परीक्षा 21 मार्च को राज्य स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें औरंगाबाद जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर भी बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया था।

विद्यालय के छात्र भावेश कुमार ने 107 अंक प्राप्त कर टॉप किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके अलावा मानवी, आर्यन, अमित, राजा, रणधीर, अजीत, रॉकी, राकेश, शुभम, मुन्ना, स्वीटी, खुशबू, श्रेया, सावन, सागर, चंचल, स्नेहलता, दिव्या, अमन, पूजा, गुड़िया समेत कुल 36 छात्रों ने सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाध्यापक ने इस उपलब्धि का श्रेय कक्षा आठ के दोनों सेक्शन के शिक्षकों योगेंद्र पॉल और शिवांशी सिंह को भी दिया, जिन्होंने बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग प्रदान किया। यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है, जो यह दर्शाती है कि सरकारी विद्यालयों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

## दमकल विभाग ने गांवों में जागरूकता अभियान चलाया

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज प्रखंड के दमकल विभाग ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मॉकड्रिल और जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों, किसानों, दुकानदारों और स्कूली बच्चों को आग से बचाव के आसान उपायों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि आग लगने की स्थिति में तुरंत क्या करना चाहिए और कैसे सुरक्षित रहा जा सकता है। इसके साथ ही आपातकालीन नंबर 101 और 112 सहित अन्य जरूरी सरकारी नंबरों की जानकारी वाले पम्पलेट भी वितरित किए गए। यह कार्यक्रम निमा मामरेज, किया खाप, सरावक, दनई बिगहा, टकरा, चदौली और डाक बगला सहित कई गांवों में आयोजित किया गया।

## खराब बीज मामले में किसान को मिला न्याय उपभोक्ता फोरम ने दिलाई कंपनी से क्षतिपूर्ति

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद में खराब बीज मिलने की शिकायत पर एक किसान को आखिरकार न्याय मिल गया। जिला उपभोक्ता फोरम के आदेश के बाद बीज कंपनी द्वारा क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया गया। गुरुवार को फोरम के सदस्य बद्री नारायण सिंह ने पीड़ित किसान को क्षतिपूर्ति का चेक सौंपा। मामला औरंगाबाद सदर प्रखंड के रायपुरा गांव निवासी किसान शिवरक्ष्या सिंह से जुड़ा है। उन्होंने धान के खराब बीज मिलने और उसके अंकुरित नहीं होने की शिकायत को लेकर बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड के खिलाफ उपभोक्ता फोरम में वाद संख्या 57/97 दायर किया था।

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि किसान ने अपनी फसल को हुए नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति की मांग की थी।

मामले की सुनवाई के बाद जिला उपभोक्ता अदालत ने बीज कंपनी को आदेश दिया कि वह बीज की कीमत ब्याज सहित किसान को लौटाए। फोरम के आदेश के अनुपालन में बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड ने 41,550 रुपये की राशि उपभोक्ता अदालत में जमा कराई। इसके बाद यह राशि चेक के माध्यम से किसान को प्रदान की गई। इस अवसर पर अधिवक्ता केदार सिंह और अशोक कुमार सिंह भी मौजूद रहे। यह मामला इस बात का उदाहरण है कि यदि उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और उचित मंच पर शिकायत दर्ज करें, तो उन्हें न्याय अवश्य मिलता है।